हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची ● सोमवार ● 09.12.2024 ● वर्ष : 15 ● अंक : 137 ● पृष्ठ : 12 ● आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

## सीरिया में 2011 से चल रहे गृहयुद्ध का खात्मा, विद्रोहियों ने किया सत्ता पर कब्जा

एजेंसी

**दमिश्क :** सीरिया में करीब 50 साल के बाथ शासन और 24 साल के बशर अल असद शासन का रविवार को अंत हो गया। विद्रोही गठबंधन के सामने असद की ताकतवर सरकार 10 दिन भी नहीं टिक पाई। इसके साथ ही 2011 से चल रहे गृहयुद्ध का भी खात्मा हो गया। राजधानी दमिश्क की सड़कों पर लोग जश्न मना रहे हैं। अपने शासन का अंत करीब देख बशर अल असद पहले ही देश छोड़ कर भाग चुके हैं। सीरियाई सेना ने इसकी पुष्टि की। सीरिया के सार्वजनिक संस्थानों पर कब्जे के साथ विद्रोही गुट ने रविवार को सीरिया के आजाद होने की घोषणा की। जेलों से कैदियों को रिहा करने की घोषणा की गई। इस्लामी चरमपंथी गुट हयात तहरीर अल-शाम (एचटीएएस) और विद्रोही गठबंधन ने कहा है कि अब नया सीरिया बनेगा, जहां सब शांति से रहेंगे। विद्रोहियों की तरफ से कहा गया कि देश के सार्वजनिक संस्थान 'पूर्व प्रधानमंत्री' की देखरेख में रहेंगे, जब तक नई सरकार सत्ता पर काबिज नहीं हो जाती। इससे पहले प्रधानमंत्री मोहम्मद गाजी अल जलाली ने भी एक रिकॉर्डेड बयान में विद्रोहियों से मिलकर नई



सरकार के गठन की बात कही। बशर अल असद ने साल 2000 में अपने पिता हफीज अल-असद के बाद सीरिया की कमान संभाली थी। हफीज अल असद ने 1950-60 के गृहयुद्ध के बाद तख्तापलट कर सीरिया की सत्ता संभाली थी। पिता हफीज अल असद ने 29 साल शासन किया। इस तरह साल 1971 के बाद से 2024 तक असद परिवार का सीरिया पर शासन रहा। असद के पिता हफीज अल अस्साद ने बाथ पार्टी बनाई थी और इस पूरे शासनकाल में यही पार्टी सत्ता का प्रतिनिधित्व करती रही। इसलिए दमिश्क पर कब्जे के बाद विद्रोहियों ने बयान जारी कर कहा कि बाथ पार्टी के शासन के 50 सालों के उत्पीड़न और 13 सालों के अपराध, अत्याचार और विस्थापन का सामना कर आज, 8 दिसंबर, 2024 को उस कालयुग का अंत और सीरिया के नए युग की शुरूआत का हम ऐलान करते हैं। 2011 में अरब स्प्रिंग के दौरान सीरिया में बशर अल असद शासन के खिलाफ व्यापक विद्रोह भड़का था। लेकिन उस समय सत्ता पर मजबूत पकड़ रखने वाले असद को रूस और ईरान जैसे सहयोगियों के कारण विद्रोहियों से निबटने में सफलता मिली थी। इस बार विद्रोहियों के सामने उखड़े असद के पांव इस बार केवल 10 दिनों में असद का साम्राज्य ढह गया। बशर अल असद सरकार और विद्रोही गुटों के बीच जारी संघर्ष में अब तक पांच लाख से ज्यादा लोगों के मारे जाने का दावा किया जाता है। संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक, सीरिया में गृहयुद्ध के कारण अब तक कम से कम 3,70,000 लोग विस्थापित हुए हैं। असद शासन के अंत के बाद दुनिया भर की नजरें इस बात पर टिकी हैं कि आने वाले दिनों में सीरिया की सत्ता की तस्वीर क्या होगी। सीरिया में नई सरकार कैसे बनेगी क्योंकि जिन विद्रोही लड़ाकों ने असद शासन का अंत किया है, उनमें शामिल अलग-अलग गुट सत्ता में ज्यादा भागीदारी का दावा करेंगे। इनमें ज्यादातर कट्टरपंथी विचारधारा के हिमायती गुट हैं जो विचारधारा के हिसाब से देश चलाने पर जोर देंगे। इन सभी में शासन और नई सरकार की नीतियों को लेकर एकराय होगी, इसकी संभावना कम ही है।

### इंडी गठबंधन की बैठक में विशेष सत्र को लेकर बनी रणनीति

## स्पीकर पद के लिए रवींद्र नाथ महतो के नाम पर पुनः सहमति

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** इंडी गठबंधन के विधायकों की बैठक आज रविवार को मुख्यमंत्री आवास में हुई। बैठक में नौ दिसंबर से शुरू होने वाले विशेष सत्र को लेकर चर्चा हुई। बैठक के बाद संसदीय कार्यमंत्री राधाकृष्ण किशोर ने मीडिया से बातचीत में कहा कि सदन में राज्यपाल के अभिभाषण पर वाद विवाद और अनुपूरक बजट पर चर्चा होगी। बैठक में बोल्ड मानसिकता के साथ तार्किक जवाब देने का निर्देश दिया गया। बैठक में स्पीकर के लिए रवींद्रनाथ महतो के नाम पर सहमति बनी। विधायक अनूप सिंह ने कहा कि रवींद्रनाथ महतो सीनियर लीडर



हैं। वे इस पद के लिए पहली च्वाइस हैं। रामदास सोरेन ने कहा कि रवींद्रनाथ महतो के नाम पर सहमति बनी है। विशेष सत्र के पहले दिन नवनिर्वाचित विधायकों को शपथ दिलाई जाएगी। विधायक राजेश कच्छप ने कहा, स्पीकर पद के लिए विपक्ष का भी सीधे तौर पर समर्थन मिलना चाहिए। इसमें बहस की गुंजाइश नहीं होनी चाहिए। बताते चलें कि विशेष सत्र के पहले दिन नवनिर्वाचित विधायकों को शपथ दिलाई जाएगी। 10 दिसंबर को स्पीकर का चयन किया जाएगा। 11 दिसंबर को 11-30 बजे राज्यपाल का अभिभाषण होगा। इसके बाद वित्तीय वर्ष 2024-25 का अनुपूरक बजट सदन में पेश किया जाएगा। 12 दिसंबर राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव, वाद-विवाद सरकार का उत्तर और विश्वास मत हासिल करने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

## विधानसभा का सत्र आज से अलग होगी छठी विस की तस्वीर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** छठी झारखंड विधानसभा का पहला सत्र सोमवार से शुरू होगा। सत्र 9 से 12 दिसंबर तक चलेगा। सत्र को देखते हुए बीएनएसएस की धारा-163 के झारखंड विधानसभा परिसर के 200 मीटर के दायरे में निषेधाज्ञा जारी की गयी है। यह निषेधाज्ञा 9 दिसंबर के सुबह आठ बजे से 12 दिसंबर की रात दस बजे तक के लिए प्रभावी रहेगा। पांचवीं विधानसभा से छठी विधानसभा का स्वरूप व तस्वीर अलग होगा। बहुत कुछ बदला हुआ नजर आएगा। कई चेहरे नए दिखेंगे, कई गायब मिलेंगे। राज्य गठन के बाद पहली बार आधी आबादी की धमक भी दिखेगी। इस बार सदन में विभिन्न दलों से 12 महिलाएं जीत कर आई हैं। सदन में 20 नए चेहरे दिखेंगे। पुराने के साथ नए मंत्री भी सदन में नजर आएंगे। इस बार सत्ता पक्ष और मजबूत दिखेगा वहीं विपक्ष कमजोर। 2024 के चुनाव में इंडी गठबंधन को शानदार जीत मिली है। सत्ता पक्ष की ओर से 56 विधायक रहेंगे तो विपक्ष की ओर से 25 विधायक। पहली बार कोई निर्दलीय विधायक सदन में नहीं होगा। इंडी गठबंधन की ओर से झामुमो के 34, कांग्रेस के 16, राजद के 4 व माले के 2 विधायक हैं। जबकि विपक्ष में भाजपा के 21, जदयू, लोजपा व आजसू के एक-एक विधायक हैं। झारखंड लोकतांत्रिक मोर्चा के जयराम महतो हैं। जयराम महतो ने साफ कर दिया है कि वह सरकार की अच्छी नीतियों का ही समर्थन करेंगे, अन्य मुद्दों पर विरोध रहेगा। पांचवीं विधानसभा के कई प्रमुख सदस्य इस बार चुनाव हार गए हैं। इस बार उनकी आवाज नहीं गुंजेगी। भाजपा की ओर से फायरब्रांड नेता भानु प्रताप शाही, विरंची नारायण, अनंत ओझा, रणधीर सिंह, सीनियर विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा, आजसू प्रमुख सुदेश महतो, लंबोदर महतो, माले के विनोद सिंह आदि प्रमुख हैं। पिछली सरकार के चार मंत्री भी चुनाव हार गए हैं।

## पेपर लीक से बचने के लिए परीक्षाओं में बढ़ेगी राज्यों की भूमिका : प्रधान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**जमशेदपुर :** जेईई मेन, एडवांस्ड व नीट जैसी प्रवेश परीक्षाओं में पेपर लीक को रोकने के लिए राज्य सरकारों की भूमिका बढ़ेगी। ये बातें शनिवार को जमशेदपुर पहुंचे केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहीं। उन्होंने कहा कि इसके लिए परीक्षा से पूर्व राज्य सरकारों के साथ ही एनटीए व परीक्षा आयोजित करने वाले दूसरे संस्थान बैठक कर सुरक्षा को पुख्ता अनाएंगे। परीक्षा को सुरक्षित बनाने में जो योगदान राज्य सरकार दे सकती है, वह और कोई नहीं कर सकता है। इसके लिए राज्यों की



भूमिका को पढ़ाने का फैसला किया गया है, ताकि देश की बड़ी परीक्षाओं को पेपर लीक से बचाया जा सके। उन्होंने कहा कि यह निर्णय नीट पेपर लीक को लेकर इसरो के पूर्व अध्यक्ष डॉ. के राधाकृष्णन की अध्यक्षता में बनायी गयी कमेटी की रिपोर्ट आने के बाद लिया गया है। जल्द ही इस पर विस्तृत निर्देश जारी किया जाएगा, जिसमें बताया जाएगा कि इन परीक्षाओं में एनटीए व केंद्रीय एजेंसी के साथ ही राज्य सरकारों की क्या भूमिका होगी। उन्होंने कहा कि हाइब्रिड मॉडल में भी परीक्षा पर होमवर्क किया जा रहा है, हालांकि इस पर कोई ठोस निर्णय नहीं हुआ है।

## बीएसएफ ने देश की 'फर्स्ट लाइन ऑफ डिफेंस' को मजबूत किया : अमित शाह

एजेंसी

**जोधपुर :** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश के सुरक्षा परिदृश्य में बहुत बड़ा परिवर्तन आया है और इसमें हमारे सीमा सुरक्षा बल के जवानों का योगदान स्वर्णिम अक्षरों से लिखा जाएगा। छह दशकों से साहस, शौर्य और बलिदान के बल पर ही सीमा सुरक्षा बल ने देश की 'फर्स्ट लाइन ऑफ डिफेंस' को मजबूत करने का काम किया है। बीएसएफ ने सीमा पर आने वाली सभी चुनौतियों का मुकाबला कर देश की सुरक्षा की



प्रथम पंक्ति को सशक्त किया है। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री शाह रविवार को जोधपुर में सीमा सुरक्षा बल के 60वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। शाह परेड में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। गृह मंत्री ने कहा कि आठ दिसंबर 1965 से लेकर आज तक निरंतर देश की पूर्वी और पश्चिमी सीमा को सुरक्षित रखने का बीएसएफ का रिकॉर्ड शानदार रहा है। बीएसएफ के 1992 जवानों ने देश की सुरक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया है, जिसके लिए देश की जनता सदैव उनकी ऋणी रहेगी। छह दशकों से सीमा सुरक्षा बल ने हमारी सुरक्षा को चाक-चौबंद रखा है। देश की बढ़ती सुरक्षा जरूरतों को बीएसएफ के बिना पूरा करना असंभव है इसीलिए 25 बटालियन से शुरू हुआ ये बल आज 193 बटालियन तक पहुंच गया है। शाह ने कहा कि दो लाख 70 हजार जवानों की संख्या वाला ये विश्व का सबसे बड़ा सीमारक्षक बल है। बीएसएफ ने 2024 में भी जाली मुद्रा, नारकोटिक्स, घुसपैठ और वामपंथी उग्रवाद के खिलाफ लड़ने का अपना रिकॉर्ड अनेक अभियानों के माध्यम से बरकरार रखा है। देश की प्रथम रक्षा पंक्ति के रूप में 1992 सीमा प्रहरियों ने अपने प्राणों की आहुति दी है और अब तक उनमें से 1330 जवानों को पदक दिए गए हैं। इनमें एक महावीर चक्र, छह कीर्ति चक्र, 13 वीर चक्र, 13 शौर्य चक्र, 56 सेना मैडल और 1241 पुलिस पदक शामिल हैं।

## भाजपा ने संगठन पर्व 2024 में 11.35 करोड़ सदस्यता के साथ पार किया 11 करोड़ का लक्ष्य

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** भाजपा ने आज नगड़ी रांची स्थित स्वर्णरेखा बैंक्वेट हॉल में प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी की अध्यक्षता में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जिसमें पार्टी के प्रदेश संगठन प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेई, प्रदेश सदस्यता अभियान की प्रभारी सांसद डी पुरंदेश्वरी, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी सहित प्रदेश पदाधिकारी, सांसद, विधायक गण, प्रमंडल प्रभारी, सदस्यता महापर्व की प्रदेश टोली, सभी सात मोर्चों के प्रदेश पदाधिकारी, जिला प्रभारी, जिलाध्यक्ष, जिला सदस्यता



प्रभारीगण, सदस्यता महापर्व की जिला टोली शामिल हुए। कार्यशाला में पीपीटी के माध्यम से सदस्यता दिलाने की चरणबद्ध तरीकों को समझाया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह ने और धन्यवाद ज्ञान सदस्यता महापर्व के प्रदेश संयोजक राकेश प्रसाद ने किया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए झारखंड की सदस्यता प्रभारी एवं आंध्रप्रदेश की प्रदेश अध्यक्ष सांसद डी पुरंदेश्वरी ने कहा कि भाजपा का सदस्यता कार्यक्रम अभियान नहीं बल्कि संगठन महापर्व है। भाजपा यह संगठन महापर्व अन्य पर्व की तरह अपने विशाल परिवार के साथ मनाती है। उन्होंने कहा कि आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है। पार्टी ने वर्ष 2014में ऑनलाइन के माध्यम से सदस्यता कार्यक्रम को प्रारंभ किया था। जिसमें पूरे देश में 9करोड़ सदस्य बने थे। आज चार राज्यों जम्मू कश्मीर, महाराष्ट्र, हरियाणा और झारखंड को छोड़कर जिसमें विधानसभा चुनाव के कारण सदस्यता कार्यक्रम स्थगित था के बावजूद पार्टी ने अबतक देश भर में 11 करोड़ के लक्ष्य को पार करते हुए 11.35 करोड़ सदस्य बना लिए हैं। उन्होंने कहा कि चार राज्यों में सदस्य पूरी होने के बाद यह संख्या 14करोड़ तक जा सकती है। पुरंदेश्वरी ने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता जो ठान लेते हैं उसे पूरा कर दिखाते हैं। कहा कि भाजपा विचारों और कार्यकर्ताओं की धनी पार्टी है। हमारे पास देश केलिए जीने मरने का जज्बा है। विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय हमारे नेता के नेतृत्व में देश निरंतर आगे बढ़ रहा है। कहा कि सदस्यता पर्व के माध्यम से हम प्रत्येक बूथ के प्रत्येक घर तक पहुंचना है।

## टॉल कर्मियों ने सीओ को रोका, एफआईआर दर्ज

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पलामू :** जिले के हरिहरगंज प्रखंड क्षेत्र के कौवाखोह स्थित टॉल प्लाजा कर्मियों के जरिए सरकारी कार्य में बाधा डालने पर अंचलाधिकारी मनीष कुमार सिन्हा ने रविवार को हरिहरगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी है। सीओ ने एफआइआर में दुर्व्यवहार का भी आरोप लगाया है। आवेदन मिलने पर पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने एफआइआर दर्ज कर मामले की छानबीन में जुट गए हैं। जानकारी के अनुसार जिला मुख्यालय मेदिनीनगर में शनिवार को जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक में अंचलाधिकारी मनीष कुमार सिन्हा शामिल होने के लिए जा रहे थे। इसी क्रम में कौवाखोह के पास स्थापित टॉल प्लाजा में सीओ की गाड़ी को अनावश्यक रूप से रोका गया। परिचय देने के बाद भी टॉल कर्मियों ने उनकी एक न सुनी। हालांकि इसके बाद भी बैठक को महत्वपूर्ण मानते हुए अंचलाधिकारी टॉल गेट को खोलकर आगे बढ़े, परंतु टोल कर्मियों ने गेट बंद कर उन्हें जाने से रोका। करीब 20 मिनट तक सीओ की गाड़ी को रोके रखा। सीओ मनीष कुमार सिन्हा ने रविवार को बताया कि टोल कर्मी ने उनके साथ दुर्व्यवहार किया। सरकारी कार्य में बाधा डाल। खुद को अंचलअधिकारी बताकर परिचय भी दिया, लेकिन उन्होंने किसी परिचय को मानने से इनकार कर दिया और टोल गेट से निकलने नहीं दिया। ऐसे में उनके विरुद्ध एफआइआर दर्ज की है, ताकि आगे किसी के साथ पुनरावृत्ति ना हो।

### एक नजर

#### राइजिंग राजस्थान समिट आज से पीएम करेंगे उद्घाटन

**जयपुर :** औद्योगिक विकास की उम्मीदों की उड़ान भरने के लिए तीन दिवसीय राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट का उद्घाटन नौ दिसम्बर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी करेंगे। प्रधानमंत्री राजस्थान ग्लोबल बिजनेस एक्सपो का भी उद्घाटन करेंगे। इसमें देश-विदेश के बड़े उद्योगपतियों के साथ प्रदेश को आगे बढ़ाने पर बात होगी। उद्घाटन सत्र के दौरान बड़े उद्योगपति राजस्थान और देश में निवेश को लेकर अपनी बात रखेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, केंद्रीय मंत्रिमंडल और राज्य मंत्रिमंडल के कई सदस्य, उद्योगपतियों में कुमारमंगलम बिड़ला, गौतम अदाणी, आनंद महिंद्रा, अनिल अग्रवाल, संजीव पुरी, अजय एस. श्रीराम, राकेश भारती मित्तल, अशोक हिंदूजा, सुरेश नारायण, सलील गुप्ते के अलावा जापान के राजदूत केइची ओएनओ समेत 5000 से अधिक निवेशक शामिल होंगे।

#### मधुकॉन कंपनी के मैनेजर की हत्या

**तमाड़ :** तमाड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत कासाम बुरूडीह के कुंआ से पुलिस ने एक शव बरामद किया जिसकी पहचान तुम्माला गंगाधर राव उम्र 55 वर्ष के रूप में हुई। मृतक बालाजी नगर श्रीपुरम वरुण टावर विशाखापत्तनम आंध्रप्रदेश का रहने वाला था। पिछले 4-5 साल से सलगाडीह स्थित मधुकॉन कंस्ट्रक्शन कंपनी के स्टोर मैनेजर के रूप में कार्यरत था। कंपनी के द्वारा बनाये गये घर में अन्य 3-4 लोगों के साथ रहता था। रविवार शाम को ये अपने कैंप से बाइक लेकर निकला और फिर वापस लौट कर नहीं आया। उनके साथ रह रहे लोगों ने काफी खोजबीन की लेकिन पता नहीं चला। सुबह कुंआ में मृतक का टोपी दिखा जो पानी के उपर तैर रहा था। सहकर्मियों ने इसकी जानकारी तमाड़ पुलिस को दी। सूचना पर तमाड़ पुलिस मौके पर पहुंची और कुंआ से शव को निकाला। साथ में मृतक की बाइक भी कुंआ से निकाला गया। बताया कि अपराधियों ने शव को छिपाने की नीयत से हत्या करने बाद गंगाधर राव को बाईक में बांध कर कुंआ में फेंक दिया था। पुलिस काफी मशक्कत के बाद शव को कुंआ से निकाल कर तमाड़ थाना ले आयी। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। फिलहाल हत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

#### हरियाणा में जज के रीडर समेत परिवार के चार लोगों की हत्या

**कैथल :** जिले के शाहाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत यारा गांव में रहने वाले कुरुक्षेत्र के जज के यहां रीडर, उनकी पत्नी, बेटा और बहू की घर में घुसे अज्ञात हमलावरों ने शनिवार रात हत्या कर दी, जबकि 13 वर्षीय पौत्र गंभीर रूप से घायल है। सभी के गले को तेज धारदार हथियार से काटा गया है। घटना की जानकारी रविवार को उस वक्त हुई जब पड़ोसी गेट तोड़कर अंदर गए, जहां शवों को देख उनके होश उड़ गए। एक ही परिवार के चार लोगों की हत्या की जांचमें पुलिस जुट गई है। शाहाबाद के यारा गांव में रहने वाले नैब सिंह कुरुक्षेत्र के जज के यहां रीडर थे और पत्नी, बेटा-बहू और पौत्र के साथ रहते थे। बीती रात उनके घर में घुसे अज्ञात हथियारबंद हमलावरों ने नैब सिंह, उनकी पत्नी इमरित कौर, शाहाबाद कोर्ट में कार्यरत बेटा दुष्यंत, बहू अमृत कौर और 13 वर्षीय पौत्र केशव पर वार कर दिया और रक्तरंजित हालत में छोड़ कर फरार हो गए।

# डायबिटीज जैसे गंभीर रोगों के प्रति जागरूकता बढ़ाना समाज की बड़ी जिम्मेदारी है : प्रदीप प्रसाद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** लायंस क्लब हजारीबाग एवं सीता डायग्नोस्टिक सेंटर के संयुक्त प्रयास से शहर के ऐतिहासिक झील परिसर में एक दिवसीय डायबिटीज जागरूकता एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम समाज में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने और डायबिटीज जैसी गंभीर बीमारी के प्रति नागरिकों को सजग करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। इस आयोजन के मुख्य अतिथि सदर विधायक प्रदीप प्रसाद थे, जिन्होंने शिविर में पहुंचकर न केवल अपना बहुमूल्य समय दिया बल्कि कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अपनी शुभकामनाएं भी दीं। लायंस क्लब के सदस्यों ने आत्मीयता के साथ उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। कार्यक्रम के दौरान, शिविर में नागरिकों के लिए ब्लड शुगर जांच और अन्य स्वास्थ्य परीक्षण की सुविधाएं निःशुल्क प्रदान की गईं। इसके अलावा, डॉ. मोरपेन की प्रसिद्ध ग्लूकोसियो मशीन जरूरतमंद व्यक्तियों के बीच वितरित की गई। यह मशीन डायबिटीज के मरीजो के लिए घर पर ही ब्लड शुगर की नियमित जांच में सहायक होगी। सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा की लायंस क्लब हजारीबाग और सीता डायग्नोस्टिक सेंटर द्वारा आयोजित यह शिविर समाज में स्वास्थ्य सेवाओं को जन-जन तक पहुंचाने की दिशा में एक सराहनीय प्रयास है। डायबिटीज एक ऐसी बीमारी है, जिसे समय पर जागरूकता और नियमित जांच के माध्यम से नियंत्रित किया जा सकता है। मैं इस आयोजन की सफलता के लिए क्लब के सभी सदस्यों को बधाई देता हूं और आशा करता हूं कि यह संस्था भविष्य में भी इसी प्रकार समाजसेवा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छुएगी। लायंस क्लब हजारीबाग की अध्यक्ष सुधा वर्मा ने कहा की हमारा उद्देश्य समाज में स्वास्थ्य जागरूकता फैलाना और जरूरतमंदों को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। इस शिविर के माध्यम से हमने सैकड़ों लोगों को लाभ पहुंचाने का प्रयास किया है। भविष्य में भी लायंस क्लब हजारीबाग ऐसे आयोजनों के माध्यम से सामाजिक जिम्मेदारियों का निर्वहन करता रहेगा। मैं सभी सहयोगियों और नागरिकों का धन्यवाद करती हूं, जिन्होंने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान दिया। इस शिविर में शहर और आसपास के इलाकों से सैकड़ों लोग शामिल हुए। ब्लड शुगर जांच और स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने मरीजों को उनकी स्वास्थ्य स्थितियों के बारे में उचित परामर्श दिया। स्थानीय लोगों ने इस कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजन करने की अपील की। लायंस क्लब हजारीबाग समय-समय पर सामाजिक क्षेत्र में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करता है। क्लब के सदस्यों ने अपनी टीम भावना और कड़ी मेहनत से इस शिविर को सफल बनाया। यह आयोजन हजारीबाग शहर में स्वास्थ्य जागरूकता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ। मौके पर अध्यक्ष सुधा वर्मा, अरविंद अग्रवाल,दीपक पसरिचा, मनोज श्रीवास्तव रवि श्रीवास्तव महेश खंडेलवाल उर्फ गप्पी सहित कई लोग मौजूद थे ।

## एक नजर

### भुरकुंडा में हिंदू संगठन ने निकाली जनाक्रोश रैली




**भुरकुंडा (रामगढ़) :** भुरकुंडा मे रविवार को हिन्दू संगठन द्वारा बांग्लादेश में हो रहें सनातनीयों पर अत्याचार के खिलाफ जन आक्रोश रैली निकाली गईं रैली मतकमा चौक से होते हुवे बिरसा चौक मेन बाजार से भुरकुंडा थाना मैदान तक गया रैली में बांग्लादेश में सनातनीयों पर लगातार हो रहें अत्याचार के खिलाफ नारे लगाये गये जिसमे कहा गया की बांग्लादेशी हिन्दू पर अत्याचार नहीं सहेगा हिंदुस्तान, इस्कॉन के पूजरी चिन्ना स्वामी को रिहा करो, घुसपैठिया रोहिंग्या मुसलमान भारत छोड़ो, बांग्लादेशी हिंदू के सम्मान मे, उतरे हैं हम मैदान में जैसे नारा लगा कर उन्होंने अपना विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने बताया कि असम और त्रिपुरा मे बांग्लादेश चलो के नारे गूंज रहें हैं अब झारखण्ड में भी गूंजेगा ।

### पंचायत में आजसू कार्यकर्ताओं की हुई बैठक



**केरेडारी :** केरेडारी प्रखंड क्षेत्र के पेटो पंचायत अंतर्गत राजकीय मध्य विद्यालय पेटो स्कूल प्रांगण में रविवार को एनडीए समर्थक आजसू बीजेपी के मुख्य कार्यकर्ता ने पंचायत स्तरीय बैठक किया बैठक की अध्यक्षता पूर्व मुखिया राजकिशोर यादव ने किया बैठक में पंचायत के विभिन्न योजनाओं को धरातल पर उतरने के लिए विस्तृत चर्चा में भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता प्रीतम साव, व आशेश्वर यादव ने कहां की काफी संघर्ष के बाद आजसू व बीजेपी के समर्थकों के चेहरे पर खुशी आई है, हम सबों ने मिलकर पंचायत के विकास के कार्यों को धरातल पर उतारने का काम करेंगे, एवं पेटो पंचायत प्रभावित क्षेत्र के अंतर्गत आता है लेकिन यहां के युवा बेरोजगार हैं इन सारी समस्याओं को शपथ ग्रहण के बाद विधायक के पास बात को रखने का काम करेंगे। मौके पर उपस्थित भाजपा किसान प्रकोष्ठ के अध्यक्ष नारायण यादव, आजसू प्रखंड कोषाध्यक्ष कंचन यादव मनोहर साव नकुल साव वसंत साव,महावीर साव, सिकंदर यादव करमजीत यादव, जितेंद्र कुमार लखन कुमार उत्तम राम देवनारायण शाह सुनील कुमार साव छोटन साव राजू साव संतोष राणा विनोद यादव चंदन कुमार विशेश्वर कुमार भोला साव सरिता देवी महेंद्र प्रसाद टिकेश्वर साव लक्ष्मण साव,मौजूद थे।

### सांसद प्रतिनिधि बने अनिल मिश्रा

**चौपारण :** हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने अनिल मिश्रा को अपना जिला प्रतिनिधि मनोनीत किया है। इस पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए मंडल अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी ने कहा कि एक सूझबूझ ईमानदार, कर्तव्य निष्ठ व्यक्ति अनिल मिश्रा जो वर्षों से पार्टी का संगठन के लिए कार्य कर रहे थे, उन्हें सांसद प्रतिनिधि बनाकर सांसद ने बहुत ही सराहनीय कार्य किया है। इसके लिए सांसद मनीष जायसवाल को चौपारण भाजपा परिवार और जनता के तरफ से आभार व्यक्त करता हूं। भाजपा के कार्यकताओं की भावनाओं का कद्र करते हुए, अनिल मिश्रा जो पार्टी में समर्पित भाव से सेवा कर रहे थे, उन्हें प्रतिनिधि बनाए जाने से सांसद के कार्यों में और गति मिलेगी। खुशी जाहिर करने मे चौपारण पूर्वी मंडल अध्यक्ष राजेन्द्र चन्द्रवंशी,रेवा साव, सहित कई अन्य भाजपाइयों ने हर्ष व्यक्त किया है।

# कांग्रेस नेता उदय साव को बरही युवा कांग्रेस नेताओं ने दी श्रद्धांजलि



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही :** कांग्रेस नेता सह पूर्व मुखिया व प्रमुख प्रतिनिधि उदय साव को अपराधियों ने हजारीबाग में दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी। जिसे लेकर बरही विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष मनोहर यादव के नेतृत्व में रविवार को बरही प्रखंड परिसर स्थित एपीजे अब्दुल कलाम पार्क में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसने कांग्रेस बरही प्रखंड अध्यक्ष मंजीत यादव भी उपस्थित रहे। स्व. उदय साव के तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान कांग्रेस विधानसभा युवा अध्यक्ष मनोहर यादव ने हजारीबाग पुलिस प्रशासन से मांग किया कि हत्या की उच्च स्तरीय जांच हो और आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर कठोर से कठोर कानूनी कार्रवाई किया जाए। इस दौरान बरही प्रखंड कांग्रेस युवा अध्यक्ष मंजीत यादव ने कहा कि हत्या की सीबीआई जांच हो और आरोपियों को जल्द से जल्द सजा मिले। मौके पर युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष मनोहर कुमार यादव, जिला उपाध्यक्ष यमुना यादव, प्रखंड अध्यक्ष मंजीत यादव, पंचायत अध्यक्ष धीरज ठाकुर, रवि कुमार, द्वारिका रविदास, पंकज सिंह, धीरज कुमार, सक्षम कुमार, रवि कुमार समेत अन्य कांग्रेस के साथी मौजूद रहे।

# हजारीबाग के कैनरी हिल में श्रीनिवास डायग्नोस्टिक ने लगाया हेल्थ कैंप

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** हजारीबाग कैनरी हील में श्रीनिवास डायग्नोस्टिक ने दिन रविवार को हेल्थ चेकअप जांच शिविर का आयोजन किया। जिसमें सुगर एवं हीमोग्लोबिन का जांच मुफ्त किया गया। इसमें 39 से अधिक जरूरतमंदों ने सुगर एवं हीमोग्लोबिन का जांच एवं उत्तम स्वास्थ्य का परामर्श प्राप्त किया। साथ ही कई लोगों ने अन्य जांच का परामर्श प्राप्त किया। इस दौरान अन्य जांच पर बाजार से किफायती दर पर उपलब्ध होने से कई जरूरतमंदों ने पंजीकरण कराया। जरूरतमंदों लोगों ने बताया कि सप्ताहिक छुट्टी रविवार के दिन पब्लिक पलेस में इस प्रकार की जांच से आमजन में काफी राहत पहूंचेगा। गंभीर बिमारियों का पूर्वत जानकारी होने से गंभीर बीमारियों से बचाव एवं राहत मिलेगा। ज्ञात हो कि श्रीनिवास डायग्नोस्टिक रविन्द्र पथ मिशन रोड स्थित मिशन होस्पिटल के परिसर में सेवारत है। जिसमें शरीर पूरा जांच आधुनिक तरीके एवं किफायती दर पर उपलब्ध है। पूरा शरीर का जांच में सीबीसी, थायराइड प्रोफाइल, लिवर फंक्शन टेस्ट, किडनी फंक्शन टेस्ट, वसा प्रालेख एचबीए, आरबीएस, इलेक्ट्रोलाइट, विटामिन-डी, विटामिन बी, ई.सी.जी यूएसजीडब्ल्यू, छाती का एक्स-रे एवं मुत्र का जांच सहित कई जांच के अलावे निशुल्क डॉक्टर्स परामर्श भी उपलब्ध है। मौके पर श्रीनिवास डायग्नोस्टिक संचालक डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि सुगर की बिमारी एवं हीमोग्लोबिन संबंधित बिमारी काफी सामान्य होते जा रही है। विशेष पहल के साथ हेल्थ चेकअप कैंप में सुगर एवं हीमोग्लोबिन की जांच निशुल्क लोगों के लिए उपलब्ध करवा रहें हैं।

# सांसद ने की क्षेत्रीय विकास को प्रभावी बनाने के लिए प्रतिनिधियों की घोषणा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने क्षेत्रीय जनसेवा और विकास कार्यों को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से आज तीन प्रमुख प्रतिनिधियों की घोषणा की। इन नियुक्तियों के माध्यम से सांसद कार्यालय और जनता के बीच बेहतर संवाद स्थापित होगा और विकास कार्यों की गति तेज होगी। नियुक्त प्रतिनिधि और उनकी जिम्मेदारियां लोकसभा प्रतिनिधि सत्येंद्र नारायण सिंह सत्येंद्र नारायण सिंह को हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र का प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है। वे लोकसभा क्षेत्र के समग्र विकास, जनसमस्याओं के समाधान, और सांसद कार्यालय जनता सीधे संवाद के लिए जिम्मेदार होंगे। सिंह क्षेत्र के विकास कार्यों की निगरानी करेंगे और सभी महत्वपूर्ण मुद्दों को सांसद कार्यालय तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। हजारीबाग जिला प्रतिनिधि अनिल मिश्रा अनिल मिश्रा को हजारीबाग जिले के विकास और प्रशासनिक समन्वय की जिम्मेदारी दी गई है। वे जिले में चल रही विकास योजनाओं की प्रगति की देखरेख करेंगे और प्रशासन एवं जनता के बीच समन्वय स्थापित करेंगे। इसके अतिरिक्त, वे जिले की प्राथमिकताओं और समस्याओं को हल करने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। रामगढ़ जिला प्रतिनिधि राजीव जायसवाल रामगढ़ जिले के लिए राजीव जायसवाल को प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है। उनकी जिम्मेदारी जिले की समस्याओं को प्राथमिकता से सुनना, विकास योजनाओं का सही क्रियान्वयन सुनिश्चित करना, और जनता की आवश्यकताओं को सांसद कार्यालय तक पहुंचाना होगी। सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि इन प्रतिनिधियों का चयन उनके अनुभव, निष्ठा और जनता के प्रति उनकी सेवा भावना को ध्यान में रखकर किया गया है। मुझे विश्वास है कि सत्येंद्र नारायण सिंह, अनिल मिश्रा और राजीव जायसवाल अपने-अपने क्षेत्र में जनता की समस्याओं को सुनने और उनके समाधान की दिशा में ईमानदारी और समर्पण के साथ काम करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि यह कदम क्षेत्र में विकास कार्यों को सुचारू रूप से चलाने और जनसमस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल करने के उद्देश्य से उठाया गया है।

# जमीन की लूट करने वाले बख्शे नहीं जायेंगे : दीपक बिरुवा


प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**खूंटी :** राज्य के राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग और परिवहन मंत्री दीपक बिरुवा ने कहा कि जमीन की लूट-खसोट करने वालों को किसी कीमत पर छोड़ा नहीं जायेगा। इस मामले में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। मंत्री बिरूवा रविवार को चाईबासा से रांची जाने के क्रम में कुछ देर के लिए खूंटी में रुके थे। इस दौरान वह पत्रकारों के साथ बातचीत कर रहे थे। इसके पूर्व दीपक बिरुवा के खूंटी पहुंचने पर झामुमो और कांग्रेस के कार्यकताओं ने ढोल-नगाड़ों के साथ उनका जोरदार स्वागत किया। मंत्री ने बिरसा कॉलेज स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्या अर्पण किया। मौके पर पत्राकारों से बातचीत करते हुए दीपक बिरूवा ने कहा कि मुख्यमंत्री ने उन पर विश्वास कर बहुत बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। हमारा प्रयास होगा कि सरकार के संकल्प और सोच को पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि ग्राम गाड़ी योजना को और मजबूत बनाया जाएगा, ताकि वृद्धों, दिव्यांगों, महिलाओं, विद्यार्थियों और झारखंड आंदोलनकारियों अपने गांव-घर से जिला या प्रखंड मुख्यालय अथवा स्कूल-कॉलेज जाने में कोई परेशानी न हो। मंत्री ने कहा कि सभी विभागों के कार्यों की समीक्षा की जायेगी और आगे की योजना के अनुसार का किया जाएगा। मौके पर मुखिया जोनसन होरो, हालेन तोपनो, सनिका बोदरा, डिक्सन पूर्ति, दुबराज मुंडा सहित अन्य उपस्थित थे।

# तस्करी कर ले जा रहे 33 गोवंशीय पशु को खूंटी पुलिस ने कराया मुक्त, पांच गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**खूंटी :** खूंटी थाना की पुलिस ने खूंटी तमाड़ रोड पर मवेशी लदे एक ट्रक का पीछा कर उस पर लदे 33 गोवंशीय पशुओं को मुक्त कराया और तस्करी में संलिप्त पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया। इन 33 मवेशियों को 14 चक्का ट्रक पर लादकर रांची की ओर ले जाया जा रहा था। गिरफ्तार आरोपितों में ट्रक का चालक रांची के भुसूर गांव निवासी रजिमुल मिर्धा, इरबा का युसूफ अंसारी, बजरा गांव का तबरेज खान, चचकोपी रांची निवासी मुंशफ अंसारी और पश्चिम बंगाल के झालदा निवासी शेख हुसैन शामिल हैं। इस संबंध में रविवार को खूंटी थाने में मामला दर्ज कर पुलिस गिरफ्तार तस्करों से पूछताछ कर रही है।

**जानकारी के अनुसार, खूंटी एसडीपीओ वरुण** रजक को शनिवार रात गुप्त सूचना मिली कि पशु तस्करों द्वारा तोरपा क्षेत्र से एक बड़े ट्रक में गोवंशीय पशुओं को लादकर खूंटी के रास्ते अन्यत्र ले जाया जा रहा है। सूचना के सत्यापनऔर आवश्यक कार्रवाई के लिए खूंटी के भगत सिंह चौक में वाहनों का जांच अभियान शुरू कर दिया गया। उसी दौरान तोरपा की ओर से आ रहे तिरपाल से ढके उक्त ट्रक (नंबर- सीजी 14डी 0845) को जब रोकने का प्रयास किया गया, तो ट्रक का चालक ट्रक को भगा कर ले जाने लगा। इस पर भागते ट्रक को खदेड़ कर खूंटी-तमाड़ रोड पर पकड़ लिया गया और उसकी तलाशी ली गई, तो उसमें 33 गोवंशीय पशु लदे पाए गए। ट्रक में सवार आरोपितों द्वारा पशुओं के संबंध में कोई वैध कागजात प्रस्तुत नहीं करने पर ट्रक को खूंटी थाना ले जाया गया और उसमें लादे गए सभी गोवंशीय पशुओं को ट्रक से उतार कर थाना परिसर में खुला छोड़ दिया गया। सूत्रों के अनुसार प्रारंभिक पूछताछ में तस्करों ने बताया कि सभी गोवंशीय पशुओं को तोरपा के रोड़ो गांव से ट्रक में लादकर सिल्ली क्षेत्र ले जाया जा रहा था। जहां से सभी गोवंशीय पशुओं को पैदल बंगाल ले जाने की योजना थी। बताया गया कि रोड़ो गांव के कल्लू मियां नामक एक व्यक्ति द्वारा उक्त गोवंशीय पशुओं को बंगाल भेजा जा रहा था। सूत्रों के अनुसार एक कार पर सवार अन्य तस्कर पशु लदे ट्रक को एस्कॉर्ट कर ले जा रहे थे, लेकिन पुलिस कार्रवाई के दौरान वे भागने में सफल रहे। खूंटी एसडीपीओ वरूण रजक ने बताया कि फिलहाल पूरे मामले की जांच की जा रही है। जांचोंपरांत मामले में संलिप्त अन्य तस्करों के विरुद्ध अग्रतर करवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### 11000 वोल्ट का तार खलिहान में गिरा आग लगने से हजारों का नुकसान



**बरही :** बरही प्रखंड के ग्राम ओरपरता में एक बड़ा हादसा हुआ जब जर्जर 11000 वोल्ट का बिजली का तार अचानक हीरालाल राणा के खलिहान में गिर गया। इस दुर्घटना में खलिहान में रखे लगभग 200 धान के बोझ आग की चपेट में आ गए और जलकर राख हो गए। अनुमानित रूप से इस घटना में लगभग 60,000 रुपये का नुकसान हुआ है। हीरालाल राणा, जो एक गरीब किसान हैं, उन्होंने इस फसल को चार महीने की कड़ी मेहनत और भारी लागत से तैयार किया था। उनकी पूरी उपज बिजली विभाग की लापरवाही के कारण राख हो गई। इस घटना से पीड़ित परिवार गहरे आर्थिक संकट में आ गया है।स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने इस घटना को किसानों के लिए बड़ा झटका बताते हुए प्रशासन से शीघ्र सहायता की मांग की है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की घटनाओं को रोकने के लिए बिजली विभाग को अपनी जिम्मेदारियां गंभीरता से निभानी चाहिए। ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन से इस मामले में तत्काल मदद और भविष्य में ऐसी घटनाओं की रोकथाम के लिए ठोस कदम उठाने की अपील की है।

### 26 को पतरातु में स्कूल के छात्र-छात्राओं का परिवार के साथ होगा जुटान



**भुरकुंडा (रामगढ़) :** एक बार फिर महात्मा गांधी उच्च विद्यालय भुरकुंडा के छात्र-छात्राओं का जुटान आगामी 26 दिसंबर को होने जा रहा है। देश के कोने-कोने से स्कूल के 1990 बैच के छात्राएं मिलन समारोह में शामिल होने के लिए पतरातु पहुंचेंगे ' इस बार महात्मा गांधी उच्च विद्यालय 1990 बैच के छात्राओं का पारिवारिक मिलन समारोह पतरातू एलेक्सा रिसॉर्ट के पास नलकारी नदी तट पर आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम की तैयारी युद्धस्तर पर की जा रही है। 26 को होने वाले मिलन समारोह में सभी छात्र-छात्राएं अपने परिवार के साथ शामिल होकर अपनी पुरानी यादों को ताजा करेंगे। पिछले 2 साल से 90 गांधियन की ओर से यह आयोजन किया जा रहा है। इस साल यह लगातार तीसरी बार 26 दिसंबर को आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में झारखंड के अलावा बिहार, बंगाल, छत्तीसगढ़, दिल्ली, हरियाणा सहित अन्य जगहों से स्कूल के छात्र-छात्राएं शामिल होंगे। पहली बार 2022 में 32 साल बाद स्कूल के विद्यार्थियों का मिलन समारोह स्कूल परिसर में आयोजित किया गया था। वहीं 2023 में यह कार्यक्रम पतरातू में नलकारी नदी तट पर ईटरनिटी रिसॉर्ट के नजदीक किया गया था। इस बार यह कार्यक्रम पतरातू में नलकारी नदी तट पर ही अलेक्सा रिसॉर्ट के नजदीक किया जा रहा है। ताकि वहां से पतरातु घाटी का भी सभी लोग आनंद उठा सके। स्कूल के छात्र धनंजय यादव, इरशाद खान, शिव महतो, संजय प्रसाद, संजय अग्रवाल, सुधीर वर्मा, विनय मिश्रा, सुकरा महतो कहते हैं कि हम लोगों के लिए यह ऐतिहासिक पल होता है। बंगाल से स्कूल की छात्रा कविता लोधा कहती है कि वार्षिक समारोह के बहाने एक बार पूर्ववर्ती छात्रों से मिलना सुखद अनुभव रहता है।

### बच्छई में कंपनी की पाइप चुराते दो चोर पकड़ाए, भेजा गया जेल



**चौपारण :** बीते शनिवार की रात में मेसर्स एज्योरस इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के स्टोर किए हुए पाइप को चोरी करते रंगे हाथों पकड़ कर स्टोर के सुपरवाइजर ध्रुव कुमार राय ने थाने को सूचना दी की पाइप स्टॉक बच्छई पंचायत भवन के बगल में पाइप चोर को पकड़ कर रखा गया है। प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस पदाधिकारी सहायक और निरीक्षक जगदीश चंद्र प्रधान थाना के सशस्त्र बल के साथ सूचना सत्यापन के लिए भेजा गया। घटनास्थल बच्छई पंचायत भवन के बगल में पाइप स्टॉक के पास जब पुलिस पहुंची तो जांच में पाया गया कि वाहन संख्या यूपी 34 सी टी 4417 में दो व्यक्तियों के द्वारा चोरी करने के नियत से 25 पाइप लोड करते हुए रंगे हाथों पकड़ कर रखा गया था। पकड़ कर रखे गए दोनों व्यक्तियों से जब नाम पता पूछा गया तो एक व्यक्ति ने अपना नाम अशोक कुमार सिंह पिता राम सुमेर सिंह ग्राम दोगलपुर पंचायत मिश्रिक थाना मिश्रीक जिला सीतापुर उत्तर प्रदेश बताया और दूसरा व्यक्ति चंद्रसेन पाल पिता नंदकिशोर पाल साकीन महमूदपुर थाना मिश्रीक जिला सीतापुर उत्तर प्रदेश बताया। पकड़े गए दोनों व्यक्तियों को विधिवत गिरफ्तार कर वाहन समेत थाना लाया गया। इस संदर्भ में चौपारण थाना कांड संख्या 407/24 दर्ज कर भारतीय न्याय संहिता की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत कांड दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई करते हुए न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

### उदय साहू हत्याकांड को लेकर उपायुक्त के समक्ष आरटीएसएम ने दिया धरना



**बड़कागांव :** राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन (आरटीएसएम) प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर उदय साहू हत्याकांड में पुलिस प्रशासन द्वारा हत्यारों की गिरफ्तारी अब तक नहीं हो पाने के कारण निराशा व्यक्त की है। उन्होंने जल्द से जल्द हत्यारों को गिरफ्तार करने को लेकर पुलिस प्रशासन से मांग की थी। 8 दिसंबर तक हत्यारों की गिरफ्तारी नहीं होने के कारण 9 दिसंबर को तेली समाज के द्वारा आरटीएसएम हजारीबाग जिला के तत्वावधान में जिला उपायुक्त के समक्ष एक दिवसीय धरना दिया जाएगा। आरटीएसएम के प्रदेश मंत्री कुंज बिहारी साव ने सुल्ताना, मयातु ,डामोह ड़ीह,सिरसी रोला ओरीया , बड़कागांव, विभिन्न गांव में दौरा करके साहू समाज, वैश्य समाज के लोगों को संगठित होकर धरना में शामिल होने की अपील की है ।

# जनता से दुर्व्यवहार करने वाले पुलिसकर्मियों के खिलाफ होगी कड़ी कार्रवाई : डीजीपी



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** आम जनता से दुर्व्यवहार करने वाले पुलिसकर्मियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी। इसको लेकर डीजीपी अनुराग गुप्ता ने रेंज के डीआईजी और जिले के एसपी को आदेश जारी किया है। डीजीपी ने राज्य के सभी जिलों में थाना प्रभारी व थाना के अन्य कर्मियो को आम जनता के प्रति अच्छा व्यवहार करने के संबंध में कई दिशा-निर्देश भी जारी किये हैं।

**डीजीपी ने तुरंत मामला दर्ज करने का दिया निर्देश**

डीजीपी ने जारी दिशा निर्देश में कहा है कि साइबर अपराध, एसटी, एससी, मानव तस्करी और महिला अपराध से संबंधित भुक्तभोगी के आवेदन पर आवेदित थाना में ही मामला दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई करें। किसी भी पीड़िता के आवेदन पर क्षेत्र के संबंध में विचार किये बिना अविलंब आवेदित थाना में मामला दर्ज करें। सभी रेंज के डीआईजी और एसपी को निर्देश दिया कि अपने-अपने जिला और क्षेत्र में ऐसी व्यवस्था कायम करें कि यदि थाना प्रभारियों द्वारा आम जनता के आवेदन पर आवश्यक कार्रवाई नहीं की जाती है, तो वे अपनी शिकायतों को वरीय अधिकारियों के पास दर्ज करा सकें।

**जनता के प्रति अच्छा व्यवहार करने के लिए करें प्रेरित**

डीजीपी ने जारी दिशा निर्देश में कहा है कि एसपी और रेंज के डीआईजी भ्रमण के क्रम में थानेदारों और थाना में पदस्थापित मुंशी और अन्य कर्मियों को आम जनता के प्रति अच्छा व्यवहार करने के लिए प्रेरित करें। डीजीपी ने इस संदर्भ में सीआईडी आईजी और स्पेशल आईजी को निर्देश दिया कि प्रत्येक जिला में उनके इकाई से प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारी/पुलिसकर्मियों को निर्देश दें कि वे जनता के साथ दुर्व्यवहार करने वाले पुलिसकर्मियों पर निगाह रखें। यदि इस तरह कोई मामला सामने आता है तो तुरंत इसकी जानकारी हमे दें।

# संजय सेठ धमकी मामला : बेटी के बॉयफ्रेंड को फंसाने के लिए पिता ने रची थी साजिश



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ को जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस को सफलता हाथ लगी थी . दिल्ली पुलिस ने रांची पुलिस के सहयोग से एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। मामले की जांच के दौरान खुलासा हुआ है कि कांके थाना क्षेत्र स्थित रहने वाला मिनाजुल नाम के व्यक्ति ने अपने बेटी के बॉयफ्रेंड मोईज को फंसाने के लिए मोईज के नाम से इश्यू सिमकार्ड से संजय सेठ के मोबाइल पर धमकी दिया था। इस मामले में पुलिस मिनाजुल को गिरफ्तार किया है।

**कैसे रची गई साजिश**

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक मिनाजुल की बेटी का मोईज नाम के लड़के से प्रेम प्रसंग चल रहा था। इस वजह से मिनाजुल हमेशा नाराज रहता था। मोईज ने लड़की को एक मोबाइल और अपने नाम से एक सिम कार्ड भी दिया था। इसी दौरान मिनाजुल ने मोईज को फंसाने के नियत से अपनी बेटी के मोबाइल से सांसद को धमकी दे दिया। दिल्ली पुलिस पुलिस की टीम जांच के लिए रांची पहुंची थी। शनिवार को रांची पहुंचने के बाद दिल्ली पुलिस की टीम कांके थाना क्षेत्र स्थित होचर गई है। गौरतलब है कि अज्ञात अपराधियों के द्वारा रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ को लाल सलाम के साथ संदेश भेजा गया है। इतना ही नहीं रंगदारी नहीं देने पर संजय सेठ को जान से मारने की धमकी भी दी गई है। धमकी वाला मैसेज उनके मोबाइल नंबर पर आया है। मैसेज भेजकर उनसे 50 लाख रुपए की रंगदारी मांगी गई है। संजय सेठ रांची सांसद होने के साथ-साथ देश के रक्षा राज्य मंत्री भी हैं। पुलिस को रक्षा राज्य मंत्री के द्वारा दी गई सूचना के बाद इस मामले में जांच शुरू कर दी गई। साथ ही झारखंड डीजीपी को अवगत करा दिया गया था।

# प्राइवेट अस्पताल में मौत होने पर बिल बाकी रहा तो भी सौंपना होगा शव : इरफान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** सोमवार को स्वास्थ्य मंत्री का कार्यभार संभालने के पहले ही इरफान अंसारी ने बड़ी घोषणा की है। उन्होंने कहा कि निजी अस्पताल में इलाज के दौरान यदि किसी मरीज की मौत होती है तो बिना बिल चुकाए शव परिजनों को सौंपना होगा। ऐसा नहीं करने वाले अस्पताल संचालकों पर कार्रवाई होगी। मंत्री का पदभार संभालने के बाद उनकी यह पहली प्राथमिकता होगी। इतना ही नहीं निजी अस्पतालों के मनमाने रवैये पर लगाम लगाने का काम करेंगे। मंत्रालय की ओर से डीसी और एसपी को पत्र भेजा जाएगा। निजी अस्पताल को चाहे जितना भी नुकसान हो, उसे वहन करना होगा। पहले अस्पताल का बिल चुकाएं, फिर शव दें, हम इसे कभी बर्दाश्त नहीं करेंगे। सरकारी अस्पतालों की व्यवस्था पर मंत्री डॉ अंसारी ने कहा कि झारखंड के सभी सरकारी अस्पतालों को दिल्ली से बेहतर बनाने का प्रयास किया जाएगा। सरकारी अस्पताल पहुंचने वाले मरीजों को हर तरह की सुविधा मुहैया कराई जाएगी। इरफान ने यह बातें उन्होंने धनबाद के गोविंदपुर फकीरडीह चौक पर कही। इसके बाद जामताड़ा पहुंचने पर मंत्री ने कहा जामताड़ा स्वास्थ्य विभाग में कई ऐसे लोग हैं जो फर्जी डिग्री लेकर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जो लोग फर्जी डिग्री लेकर काम कर रहे हैं, उन पर जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी और उन्हें जेल भी भेजा जाएगा। उन्होंने कहा है कि स्थानीय बेरोजगार युवाओं को स्वास्थ्य विभाग में काम करने का मौका दिया जाएगा।

# विधानसभा सत्र के दौरान सुरक्षा के रहेंगे पुख्ता इंतजाम



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** विधानसभा सत्र नौ दिसंबर से शुरू हो रहा है, जो 12 दिसंबर तक चलेगा। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था में किसी तरह की चूक ना हो, इसको लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। सुरक्षा व्यवस्था में चार आईपीएस, 12 से अधिक डीएसपी रैंक के अधिकारी सहित 2000 अतिरिक्त पुलिस जवान की तैनाती की गई है। ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए हर ट्रैफिक पोस्ट पर भी अतिरिक्त जवानों की तैनाती की गयी है, जिससे आवागमन में लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने रविवार को बताया कि विधानसभा सत्र को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। पर्याप्त संख्या में सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है। उल्लेखनीय है कि गत 6 दिसंबर को प्रोटेम स्पीकर स्टीफन मरांडी ने अपने कार्यालय कक्ष में विधानसभा सत्र को लेकर विभागों के वरीय पदाधिकारी के साथ उच्च स्तरीय बैठक की थी। प्रोटेम स्पीकर ने राज्य के मुख्य सचिव सहित अन्य विभागों के संबंधित पदाधिकारियों को कई दिशा-निर्देश दिए थे।

# एनडीए में समन्वय का रहा अभाव इसलिए मिली असफलता : सुदेश



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड विधानसभा चुनाव में आजसू को मिली हार के बाद पार्टी कार्यालय में सुदेश महतो ने समीक्षा बैठक की। जिसमें उन्होंने पार्टी के प्रत्याशियों के साथ मिलकर मंथन किया। विधानसभा चुनाव में आजसू 10 सीटों पर चुनाव लड़ रही थी। इस बैठक में मांडू के नव निर्वाचित विधायक तिवारी महतो भी मौजूद थे। बैठके में सुदेश महतो ने कहा कि एनडीए में समन्वय की कमी के कारण हमे चुनाव में हार का सामना करना पड़ा। अगर एनडीए गठबंधन में चुनाव में के दौरान बैठक होती, तो शायद आज रिजल्ट कुछ और ही होता। आज इस बैठक में हमने उन सभी मुद्दों पर पार्टी के संसदीय बोर्ड के सदस्य और विधानसभा प्रत्याशियों के साथ समीक्षा बैठक की है। उन्होंने आगे कहा कि चुनाव में झारखंड की जनता ने जिस जनादेश के साथ इंडिया गठबंधन को जीत दिलाई है। उसके लिए मैं उन्हे शुभकामनाएं देता हूं, और उम्मीद करता हूं कि जो भी वादे उन्होंने किए है वो सिर्फ वादे न रहे। चुनाव के दौरान कई बार ऐसा होता है कि पार्टी जनता को लुभाने के लिए वादे करती है लेकिन उन्हें पूरा नहीं कर पाती। जनता ने जो भरोसा राज्य सरकार पर जताया है,उन्हे वो शुरूआती दिनों से ही करना शुरू कर दें न कि कार्यकाल के अंतिम दिनों में। उन्होंने कहा कि जिस उम्मीद के साथ हम चुनाव में आए उसमें पूर्णता सफलता नहीं मिलने के लिए हमने समीक्षा की काफी चचाएं भी की गयी। हम अपने वोटर को एकजुट नहीं कर पाए इस चुनाव के मुद्दे में कहीं ना कहीं चुक हुई है। समन्वय जो गठबंधन के साथ बनना था जो कि नहीं बन पाया वह भी हार का एक कारण निकल कर आया है। कहीं-कहीं इन सभी चीजों में सरकारी महकमे का भी असर दिखा। सकारात्मक चीजों पर हमारा साथ सरकार के साथ रहेगा। इसलिए हम उम्मीद करते हैं कि सरकार अपने किए हुए वादों को पूरा करेगी।

# जीवन को सफल बनाने के लिए ईश्वर प्राप्ति को केंद्र बनाएं : स्वामी चैतन्यानन्द



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** अपने जीवन को सफल बनाने के लिए या आनन्द प्राप्त करने के लिए आप जो भी कुछ करते हैं, उसी को केन्द्र मत बनाइये, अगर केन्द्र बनाना है तो ईश्वर प्राप्ति को केन्द्र बनाइये। पूर्ण आत्मसमर्पण सबसे सुन्दर उपहार हैं, ईश्वर को देने के लिए, ऐसे में भक्ति के आंसू में भिंगोये फूल ईश्वर खुशीपूर्वक स्वीकार करते हैं। श्रीकृष्ण ने कहा है कि सिर्फ योगाभ्यास और वैराग्य के द्वारा ही चंचल मन को काबू में किया जा सकता है। योग में प्रयास और भक्ति के साथ आत्मसमर्पण भी होना जरुरी हैं। उक्त बातें आज चार दिवसीय साधना संगम के समापन अवसर पर योगदा भक्तों को संबोधित करते हुए स्वामी चैतन्यानन्द ने रांची स्थित योगदा सत्संग आश्रम में कहीं। उन्होंने कहा कि योगाभ्यास से प्रेम और भक्ति के द्वारा केवल ईश्वर को प्राप्त करने का लक्ष्य बनाना चाहिए। वो प्रेम ही था, जिसके कारण अर्जुन भगवान कृष्ण के सारथि बन गये। इसे समझने की जरुरत हैं। ईश्वर आपके लिए कुछ भी करने और बनने को तैयार बैठे हैं। बशर्ते की आपका प्रेम उनके प्रिय शिष्य अर्जुन के जैसा हो। अर्जुन का प्रेम कैसा था, उसका दृष्टांत उन्होंने बड़े ही सुंदर ढंग से दिया जो अविस्मरणीय था। उन्होंने कहा कि जब हम अपने जीवन में प्रभु को स्थापित कर लेते हैं, तो जीवन कुरुक्षेत्र नहीं बनता, बल्कि रासलीला भूमि बन जाती हैं। इसलिए हमें योगाभ्यास, प्रेम और भक्ति के साथ निरन्तर करते रहना चाहिए और कोशिश करना चाहिए कि हमारा जीवन भी एक योगी के जैसा हो। स्वामी चैतन्यानन्द ने कहा कि योग व्यक्तिगत जीवन को परमात्मा तक ले जाने का विज्ञान है। हम कर्म, ज्ञान और भक्ति के द्वारा इसे प्राप्त कर सकते हैं। लेकिन राजयोग इन सभी योगों को सार है। साथ ही यह ईश्वर के पास ले जाने का सरल व सुगम मार्ग है। योगी इसी के द्वारा उस सर्वोच्च शक्ति तक पहुंच जाते हैं। उन्होंने कहा कि हम जो यहां आकर क्रियायोग में दीक्षित होते हैं। वो क्रिया योग दरअसल राज योग ही है। उन्होंने कहा कि सत्कर्म करते हुए, गुरु के द्वारा बताये मार्ग पर चलना ही राजयोग है। उन्होंने कहा कि दुनिया का हर व्यक्ति हर विधा में सफल होना चाहता है और ये सब सफलता, सिर्फ और सिर्फ आनन्द प्राप्ति के लिए वो करता है। वो चाहता है कि वो हर अवगुणों से उपर उठे तथा दुखों पर विजय प्राप्त करते हुए, आनन्द को हासिल करें। उन्होंने कहा कि महाभारत युद्ध जब हुआ, तब हुआ। लेकिन आज उसे प्रतीकात्मक रुप से लें तो पता चलेगा कि हर व्यक्ति के जीवन में एक कुरुक्षेत्र है। जिसमें हर व्यक्ति अपना युद्ध खुद लड़ रहा है। उन्होंने कहा कि कौरव नकारात्मकता और पांडव सकारात्मकता का प्रतीक है। कौरव हमें ईश्वर से दूर ले जाने में अहम् भूमिका निभाता है तो पांडव हमें ईश्वर के नजदीक ले जाने का मार्ग प्रशस्त करते हैं। उन्होंने कहा कि युद्धिष्ठिर धर्म, भीम प्राणशक्ति व अर्जुन आत्मसंयम के प्रतीक है। जबकि भीष्म अहंकार के प्रतीक है। यहां इन सब में अर्जुन शिष्य और श्रीकृष्ण गुरु के प्रतीक है।

## एक नजर

### झारखंड में बढ़ेगी ठंड, बारिश की संभावना

**रांची :** राज्य में दिन-प्रतिदिन ठंड बढ़ती जा रही है। आने वाले तीन दिनों में कंपकंपी बढ़ेगी। मौसम विभाग ने इसको लेकर अलर्ट जारी किया है। अगले तीन दिनों में पांच डिग्री सेल्सियस तापमान में गिरावट आने की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग के अनुसार नौ दिसंबर को गढ़वा, पलामू, चतरा, हजारीबाग, कोडरमा, गिरिडीह, देवघर, दुमका, गोड्डा, साहेबगंज और पाकुड़ में ठंढ बढ़ेगा। साथ ही कोहरा भी छाया रहेगा। सोमवार को आंशिक रूप से बादल छाये रहेंगे। हल्के मध्यम दर्जे की बारिश की भी संभावना जताई गई है। राज्य के तीन जिलों का पारा लुढ़क कर न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से भी कम हो गया है। इसमें देवघर, गढ़वा और हजारीबाग शामिल है। गढ़वा में न्यूनतम तापमान 7.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इस संबंध में रांची मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने रविवार को बताया कि आज से बादल रहने की संभावना है। नौ दिसंबर को राज्य के कुछ जगहों पर बारिश होने की आशंका है। दस दिसंबर से फिर से आसमान साफ होने का अनुमान है लेकिन सुबह में कोहरा होगा। इससे तापमान गिरेगा और फिर से 10 दिसंबर से ठंड और बढ़ेगी।

### चेंबर ने उद्योग एवं श्रम मंत्री से मुलाकात कर दी बधाई

**रांची :** फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज का प्रतिनिधिमंडल परेश गट्टानी के नेतृत्व में नवगठित मंत्रिपरिषद् में उद्योग एवं श्रम मंत्री का प्रभार ग्रहण करने पर मंत्री संजय कुमार यादव से शिष्टाचार मुलाकात कर उन्हें व्यापार व उद्योग जगत की ओर से बधाई दिया। चैंबर ने राज्य के औद्योगिक विकास व रोजगार सृजन के उद्देश्य से विभाग द्वारा किये जानेवाले प्रयासों में सकारात्मक सहभागिता के लिए मंत्री को आश्वस्त किया। चैंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी ने श्रम विभाग द्वारा राज्य में प्रभावी किये गए न्यूनतम मजदूरी दर को अव्यवहारिक बताते हुए, उद्योग एवं श्रमिकों के हित में इसमें संशोधन के लिये विचार का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि राज्य में किस प्रकार रोजगार के नये अवसर बढ़ें, इसपर हम सरकार के साथ मिलकर कार्य करने के लिए उत्साहित हैं। प्रतिनिधिमंडल ने श्रम कानूनों में जटिलता, फैक्ट्रियों में वर्कर्स और नियोजकों के बीच आपसी विवाद, लाईसेंसिंग प्रणाली में जटिलता के कारण औद्योगिक इकाईयों के संचालन में होनेवाली कठिनाइयों के साथ ही राज्य में रुग्ण होते उद्योगों के रिवाईवल के लिये सरकार के स्तर से आवश्यक हस्तक्षेप पर भी वार्ता की। कहा कि विभाग, नियोजक और श्रमिकों के संयुक्त प्रयास से ही हम अपने राज्य को विकसित राज्यों की श्रेणी में शीर्ष पायदान पर लाने में सफल हो सकते हैं। राज्य के विकास से जुड़े बिंदुओं पर व्यापारियों और उद्यमियों के साथ चैंबर भवन में आकर विमर्श करने के लिए भी मंत्री ने चैंबर को भरोसा दिलाया।

### बिरसा जैविक उद्यान में अब नहीं सुनाई देगी जया की दहाड़



**रांची :** ओरमांझी के बिरसा जैविक उद्यान में अब जया की दहाड़ नहीं सुनाई देगी। 15 वर्षीय शेरनी जया की मौत रविवार को हो गई। वह पिछले 22 दिनों से बीमार चल रही थी। उसे किडनी फंगस की बीमारी हो गई थी। 2019 में जया को गुजरात के शंकरबाग चिड़ियाघर से लगाया गया था। इससे पहले इसी साल दो फरवरी को वीरू नामक शेर की मौत हो गई थी। वीरू को भी गुजरात के शंकरबाग चिड़ियाघर से 2019 में ही लाया गया था।

## संक्षिप्त खबरें

### झारखंड सरकार के मंत्री ने राजद अध्यक्ष लालू से की मुलाकात



**रांची :** झारखंड के श्रम और उद्योग विभाग के मंत्री संजय प्रसाद यादव ने पदभार संभालने के बाद रविवार को राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव से मुलाकात की। साथ ही मंत्री ने पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी और बिहार में विपक्ष के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव से भी मुलाकात कर आशीर्वाद लिया और विचार-विमर्श किया। लालू परिवार के नेताओं ने संजय प्रसाद यादव को राज्य हित और जनहित में काम करने की नसीहत देते हुए कहा कि निष्ठा और ईमानदारी पूर्वक गरीबों के उत्थान के लिए काम करें। गांव-गांव जाकर गरीबों के दुख-दर्द को समझें और उनकी समस्याओं का तुरंत समाधान करें। उन्होंने कहा कि राज्य, समाज और देश के विकास के लिए हमेशा अग्रसर रहना होगा एवं काम के माध्यम से विरोधियों को जबाव देना होगा। संजय प्रसाद यादव के साथ राजद के मुख्य प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार ने भी मुलाकात कर मार्गदर्शन प्राप्त किया।

### मुख्यमंत्री ने पूर्व स्पीकर रवींद्र नाथ महतो के पिता के निधन पर जताया शोक



**रांची :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पूर्व स्पीकर रवींद्र नाथ महतो के पिता के निधन पर शोक जताया है। मुख्यमंत्री ने अपने सोशल मीडिया एक्स पर रविवार को ट्वीट कर कहा है कि झामुमो के वरिष्ठ नेता और नाला से विधायक रवींद्रनाथ महतो के पिता गोलक बिहारी महतो के निधन की दु:खद सूचना मिली। मरांग बुरु दिवगंत आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को दु:ख की यह विषम घड़ी सहन करने की शक्ति और साहस दें।

### मंईयां सम्मान योजना में अविलंब स्थिति का संज्ञान लें मुख्यमंत्री : बाबूलाल मरांडी

**रांची :** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि प्रदेश की माताएं-बहनें मंईयां सम्मान योजना में हो रही लापरवाहियों से सशंकित हैं। चार महीनों से लंबित किश्त का भुगतान न होने से इन महिलाओं का धैर्य अब जवाब देने लगा है। फॉर्म भरने और जानकारी प्राप्त करने के लिए अंचल कार्यालयों में जाने वाली महिलाओं को अव्यवस्था और लचर प्रणाली का शिकार होना पड़ रहा है। मरांडी ने रविवार को सोशल मीडिया एक्स पर ट्वीट कर कहा है कि इस लचर रवैये ने सरकार की मंशा पर गंभीर प्रश्न चिह्न खड़ा कर दिया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अविलंब स्थिति का संज्ञान लें और चार महीनों के लंबित किश्त भुगतान को सुनिश्चित करने के साथ मंईयां सम्मान योजना की प्रक्रिया को सरल बनायें, ताकि माताएं-बहनें आसानी से योजना का लाभ प्राप्त कर सकें।

### सत्र के दौरान विधानसभा परिसर के 200 मीटर की परिधि में रहेगा निषेधाज्ञा




**रांची :** षष्टम झारखंड विधानसभा का प्रथम सत्र 9 से 12 दिसंबर तक चलेगा। इस दौरान रांची डीसी और एसएसपी के संयुक्तादेश पर विधानसभा परिसर के 200 मीटर के दायरे में किसी तरह के जुलूस, रैली, प्रदर्शन और घेराव आदि आयोजित नहीं किये जा सकेंगे। सुरक्षा की दृष्टिकोण से सदर एसडीओ ने बीएनएसएस की धारा-163 के झारखंड विधानसभा परिसर के 200 मीटर के दायरे में निषेधाज्ञा जारी की है। यह निषेधाज्ञा 9 दिसंबर के सुबह आठ बजे से 12 दिसंबर की रात दस बजे तक के लिए लागू रहेगा। इस दौरान उस क्षेत्र में पांच या पांच से अधिक व्यक्तियों का एक जगह जमा होने, किसी प्रकार का अस्त्र-शस्त्र जैसे-बंदूक, राईफल, रिवाल्वर, पिस्टल, बम, बारूद आदि लेकर निकलने, किसी प्रकार का धरना-प्रदर्शन, घेराव, जुलूस, रैली या आमसभा का आयोजन करने के साथ किसी प्रकार का ध्वनि विस्तारक यंत्र का व्यवहार करना वर्जित रहेगा।

### चतरा राइफल क्लब की याशिका किंजर ने डीएवी नेशनल में जीता सिल्वर मेडल



**रांची :** रांची के चतरा राइफल क्लब की होनहार शूटर याशिका किंजर ने डीएवी नेशनल शूटिंग प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल जीतकर अपने माता-पिता और क्लब का नाम रोशन किया। याशिका, जो डीएवी हेहल की छात्रा हैं, ने मात्र 4 महीनों की कड़ी मेहनत और अभ्यास के बाद यह उपलब्धि हासिल की है। याशिका ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और कोच को दिया। उन्होंने कहा कि उनके माता-पिता का सहयोग और मार्गदर्शन उनके लिए प्रेरणा का स्रोत रहा है। उनकी इस जीत से परिवार और कोच, नितीश कुमार, बेहद गर्वित हैं। नितीश कुमार ने याशिका की इस उपलब्धि को क्लब के लिए एक बड़ी सफलता बताया। चतरा राइफल शूटिंग क्लब के कोच नितीश कुमार का कहना है कि याशिका जैसी प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को सही प्रशिक्षण और प्रोत्साहन दिया जाए तो वे भविष्य में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपना परचम लहरा सकती हैं। याशिका की इस जीत पर उनके परिवार और स्कूल ने उन्हें बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### संत जोसेफ क्लब में पल्ली दिवस मनाया गया

**रांची :** आर्चबिशप विसेंट आइंद ने आज रविवार को कहा कि आदिवासी संस्कृति में लोग हाथ में हाथ डाल कर मांदर, छांझ और ताली बजाकर और बेतरा लेकर नाचते हैं। यह आदिवासी संस्कृति की झलक है। इसमें खुशी मनाया जाना सामुदायिकता का प्रतीक है। एकता का प्रतीक है। सामुदायिकता को सबसे पहला स्थान, उच्च महत्व देना चाहिए। एक-एकव्यक्ति को सामुदायिक सेवा में तैयार रहना है। ये खासियत है कि नगाड़े की आवाज सुनकर अखड़ा नाचता है। रविवार को पुरुलिया रोड स्थित संत जोसेफ क्लब में पल्ली सांस्कृतिक समिति के बैनर तले पल्ली दिवस मनाया गया। आर्चबिशप विसेंट आइंद यहां मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत फादर प्रफुल्ल टोप्पो की अगुवाई में परमेश्वर की आराधना से हुई, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के अलावा पल्ली पुरोहित आनंद डेविड खलखो, फादर जार्ज, फादर दीपक बाडा, फादर नीलम तीडु, फादर नीरज कंडुलना, फादर रोबिन प्रफुल्ल टोप्पो, कैथोलिक सभा अध्यक्ष अजय कच्छप, केथोलिक महिला संघ की अध्यक्ष फ्रांसिस्का खलखो, पल्ली सांस्कृतिक समिति के अध्यक्ष पीटर मिंज, अभिषेक सागर लकड़ा समेत अन्य शामिल हुए।

# शून्य से पांच वर्ष के बच्चों को पिलाएं 'दो बूंद हर बार'





प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** जिले भर में रविवार से तीन दिवसीय राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान की शुरूआत हुई। डीडीसी गिरिजा शंकर प्रसाद, स्टेट प्रोग्राम ऑफिसर वीरेंद्र कुमार सिंह, सिविल सर्जन डॉ. ए बी प्रसाद, अस्पताल अधीक्षक डॉ. अरविंद कुमार ने सदर अस्पताल परिसर में बच्चों को पोलियों खुराक पिलाकर अभियान की शुरूआत की। 3 लाख 53 हजार 551 बच्चों को पोलियो रोधी खुराक पिलाने का लक्ष्य है। उप विकास आयुक्त ने अपील किया है कि खुराक पिलाने में किसी प्रकार की कोई लापरवाही नहीं बरतें। ईमानदारी पूर्वक 0-5 वर्ष के बच्चों को पोलियो रोधी खुराक पिलाएं। पोलियो अभियान को सफल बनाने के लिए पर्याप्त संख्या में बूथ बनाए गए हैं। अभियान के प्रथम दिन बूथों पर 0-5 वर्ष के बच्चों को खुराक पिलाई गई। दूसरे व तीसरे दिन क्रमशः 09 व 10 दिसंबर घर-घर जाकर खुराक पिलाना है। डीडीसी ने कहा कि हर हाल में लक्ष्य की प्राप्ति करनी है। जिला स्तर के पदाधिकारी भी क्षेत्र भ्रमण के दौरान अभियान की निगरानी करेंगे। इस बार पंचायत/प्रखंड एवं जिला स्तर से अभियान के सफल आयोजन को लेकर मॉनिटरिंग की जा रही है। अभियान को सफल बनाने के लिए कुल 2005 बूथ बनाया गया है।

## एक नजर

### युवक ने की आत्महत्या जांच में जुटी पुलिस



**बोकारो** : कैंप दो स्थित आवास संख्या 13 सी/ 2 निवासी शिव कुमार झा ने आत्महत्या कर अपनी जिंदगी की इहलीला समाप्त कर ली। घटना सिटी थाना क्षेत्र की है। घटना के संबंध मे मृतक के पिता महेशकांत झा ने बताया की कुछ ही देर पहले मेरा बेटा शिव कुमार झा घर मे घुसा जब देर तक नहीं दिखा तो उसकी पत्नी से पूछने पर कहा कि वह सोये होंगे । लेकिन जब घर मे देखा गया तो वह फांसी के फंदे से लटका हुआ था, उसे नीचे उतारकर इसकी सूचना सिटी पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। पारिवारिक सूत्रों के मुताबिक नशे का आदि था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### असहाय के बीच कंबल वितरण एवं लोगों की समस्याओं से रूबरू हुए उमेश गुप्ता

**बोकारो** : जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष उमेश प्रसाद गुप्ता ने अपने सहयोगियों के साथ बोकारो आजाद नगर,झोपड़ी कालोनी सहित अन्य जगहों के लोगों की समस्याओं से रू ब रू हुऐ एवं बढ़ते ठंड को देखते हुऐ असहाय,वृद्ध,जरूरतमंदों सैकड़ो लोगों के बीच कम्बल वितरण किया गया। मौके पर श्री गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस का सपना हैं कि गरीबों को उनका हक मिले ।हमारी सरकारी की जनहित योजनाओं को जिले के हर गरीबों तक पहुंचाने का काम करेंगें ।साथ ही आगे भी उन्होंने अपने सहयोगी को जरूरतमंदों को चिन्हित करने का निर्देश दिया। मौके पर चास भाग 1 प्रखंड अध्यक्ष मोख्तार अंसारी, शकुंतला देवी, मो रफीक, कुणाल झा,अमानत आंसरी सहित अन्य उपस्थित रहे।

### खनन विभाग ने चलाया सघन जांच अभियान, हाइवा जब्त

**बोकारो** : उपायुक्त विजया जाधव के निदेर्शानुसार शनिवार देर रात सघन जांच अभियान चलाया गया। जिसमें पिंड्राजोरा थाना अंतर्गत चास-पुरुलिया मुख्य पथ पर पुरुलिया सीमा के सामने निरीक्षण के क्रम में अवैध रूप से कोयला खनिज का उत्खनन कर प्रेषण करते हुए एक हाईवा को पकड़ा गया। जिसे पिंड्राजोरा थाना में जप्त कर प्राथमिकी दर्ज की गई है। उक्त अभियान में खान निरीक्षक जितेंद्र कुमार एवं सीताराम टुडू, पुलिस बल आदि मौजूद थे।

### लोजपा की महिला विंग की जिला अध्यक्ष बनीं पूजा कुमारी

**बोकारो** : जिला लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के जिला कार्यालय सेक्टर 8 में जिला अध्यक्ष अनिल कुमार की अध्यक्षता में बैठक रखी गई जिसमें की दर्जनों की संख्या में महिलाओं ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान जी और झारखंड प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र प्रधान जी के नेतृत्व में आस्था रखते हुए पार्टी की सदस्यता ग्रहण की कमेटी को विस्तार करते हुए जिला अध्यक्ष अनिल कुमार ने महिला विंग के जिला अध्यक्ष के पद पर पूजा कुमारी को नियुक्ति किया जिला अध्यक्ष ने कहा कि पूजा कुमारी के पार्टी में आने से बोकारो जिले में पार्टी मजबूत होगी पूरे निष्ठा के साथ पार्टी के विचारधाराओं को जन-जन तक पहुंचने का काम करेंगे और साथी निर्देशित किया कि 15 दिनों के अंदर कमेटी का विस्तार कर जिला को देंगी पूजा कुमारी ने कहा कि पार्टी ने जो मुझ पर विश्वास जताया है ।

## सिजुआ में शक्ति मेले के समापन पर गाजे बाजे के साथ निकला विजय जुलूस



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद :** टाटा सिजुआ में शहीद शक्ति नाथ महतो के 47 वें शहादत परआयोजित नो दिवसीय शक्ति मेले का समापन हो गया। परंपरा का निर्वाहण करते हुए सफल आयोजन पर विजय जुलूस निकाली गई। ढोल नगाढ़े, आतिशबाजी के साथ समाधि स्थल से निकली विजय जुलूस विभिन्न मार्गो का भ्रमण करते हुए टाटा सिजुआ एक नंबर शहीद स्थल पहुंचा। दोनो ही जगह आयोजन समिति के सदस्यो ने पूजा अर्चना की।एक दूसरे को अबीर लगाकर मेला के सफलता पर बधाई दी गई। इस दौरान विभिन्न नारो से इलाका गुंज उठा। विजय जुलूस में सदस्यो सहित काफी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। आयोजन समिति के सचिव व शहीद महतो के पुत्र मनोज कुमार महतो ने कहा कि आयोजन की सफलता पर परंपरा के तहत विजय जुलूस निकाला गया। मेले के आयोजन में हर वर्ग, हर धर्म के लोगो का पूरा सहयोग मिलता है। आधुनिकता के इस दौर में भी लोगो की उत्साह कम नही हुई। आगत वर्ष जो कुछ कमी रहा उसे दूर किया जाएगा। कहा कि मेले की सफलता में जिला प्रशासन का भी पूरा सहयोग मिला। कहा कि यह नो दिनो की मेला पूरे झारखंड बंगाल की पहचान है। यहां प्रतिदिन आयोजित होने वाली सांस्कृतिक कार्यक्रम में सभी भाषा भाषियो का समावेश रहता है। इसलिए इस आधुनिकता के दौर में भी मेला अपना आस्तित्व बनाए रखा है। यहां दूर दराज से लोग निश्चिंत होकर मेला घुमने आते है। मेला कमेटी शांति व्यवस्था को लेकर हमेशा सक्रिय रहता है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि बसंत महतो, मोहित महतो, कृष्णा मंडल, बीरू सिंह सहित अन्य लोग शामिल थे।

## बायोमेट्रिक से मजदूरों की हाजिरी के लिए स्टील प्रबंधन को धन्यवाद : बिके

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** ठेकाकमीर्यों द्वारा 26 दिन ड्यटी करने के बाद भी मास्टर रोल पेमेंट कहीं 18 दिन से 20,22 दिन तक का मास्टर रोल पेमेंट हो रहा था जिसके फलस्वरूप प्रोविडेंट फण्ड से लेकर ई एल बोनस भी कम मिलता था जिस कारण जय झारखंड मजदूर समाज बायोमेट्रिक सिस्टम से हाजरी बनबाने के लिए आन्दोलनरत रहा है तथा 11 जूलाई 2024 को जय झारखंड मजदूर समाज द्वारा प्रस्तावित हड़ताल के मांगपत्र मे भी दिया था जिसपर दिनांक-09/07/2024 को सहायक श्रमायुक्त केन्द्रीय धनबाद मे प्रबंधन के साथ त्रिपक्षीय बार्ता मे भी समझोता हुआ था जिसे प्रबंधन ने सकारात्मक लेते हुए आज 07 दिसम्बर 2024 से मजदूरों का हाजरी बायोमेट्रिक सिस्टम से बनना शुरू हो गया है जिससे मजदूरों का चीर



लम्बित मांगे पूरा हो गया। इसके कार्यान्वयन पर आज जय झारखंड मजदूर समाज के महामंत्री बि के चौधरी के नेतृत्व मे युनियन प्रतिनिधिमंडल बोकारो स्टील के निदेशक प्रभारी बी के तिबारी से मिलकर उन्हे पुष्पगुच्छ और फूलों का माला पहनाकर इस पुनीत कार्य के लिए सम्मानित किया एवं शुभकामनाऐं दिया ।ठेकाकमीर्यों के मेडिकल जांच मे हो रहे बिलम्व पर महामंत्री बि के चौधरी ने उनका ध्यान आकर्षित किया जिसपर तिवारी सहाव ने इस बिलम्व का जल्द से जल्द समाधान निकालने का आश्वासन दिया । युनियन प्रतिनिधिमंडल मे संयुक्त महामंत्री एन के सिंह, एस के सिंह, अनिल कुमार, आशिक अंसारी,सी के एस मुण्डा,रमा रवानी,बादल कोयरी एवं आई अहमद उपस्थित था।

## फुटबॉल प्रतियोगिता से बालिकाओं में खेल प्रतिभा का विकास होगा : जिप अध्यक्ष




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद :** 16 दिवसीय जेंडर आधारित हिंसा के खिलाफ झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट के द्वारा क्रिया के सहयोग से बिनोद बिहारी महतो स्टेडियम मुरलीडीह में एक दिवसीय बालिका फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया। उक्त प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि जिला परिषद अध्यक्ष शारदा सिंह सम्मानित अतिथि रेखा महतो महिला मोर्चा बोकारो एवं शंकर रवानी बाल कल्याण समिति चेयरपर्सन बोकारो, झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट की सचिव हलिमा एजाज थी। जेंडर आधारित हिंसा व भेदभाव के खिलाफ फुटबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन अतिथियों के द्वारा फुटबॉल किक मारकर किया गया। उक्त प्रतियोगिता में आस पास गांवों के एकता किशोरी मंच बेलाखोंदा, राधा किशोरी मंच बारकी बस्ती, नई सोच किशोरी मंच छत्रुटांड़, नई पहल किशोरी मंच कदमटांड़, नई उम्मीद किशोरी मंच मुरलीडीह को मिलाकर कुल 5 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के फाइनल मैच के विजेता राधा किशोरी मंच बारकी बस्ती एवं उप विजेता नई पहल किशोरी मंच कदमटांड़ की टीम रही। इस फाइनल मैच में 3-0 से विजेता बनी। समापन सत्र को संबोधित करते हुए जिला परिषद अध्यक्ष शारदा सिंह ने कहा कि झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट के कार्यक्रमों के कारण आज क्षेत्र में जागरुकता आई हैजिसका प्रमाण आप सभी है, आज लड़कों से बढ़कर बालिकाएं नाम रोशन कर रहा है, लिंग भेद भाव समाप्त करना हम सब की जिम्मेवारी है, बालिका फुटबॉल खेल से बालिकाओं में खेल प्रतिभा का क्षमता वर्धन हो रहा है। अंत में सभी खिलाड़ियों को ट्रस्ट की ओर से सम्मानित किया गया। उक्त प्रतियोगिता को सफल बनाने में ट्रस्ट की अध्यक्ष पूनम वर्मा, सचिव हलिमा एजाज, शिवानी देवी ,मंजु कुमारी, सुम्बुल महजबीं आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## लड़कियों में नेतृत्व क्षमता विकास के लिए खेल जरूरी : नियोती

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कसमार :** प्रखंड कार्यालय स्थित खेल मैदान में सहयोगिनी संस्था की ओर से 16 दिवसीय अभियान के तहत आज खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कसमार प्रखंड की सात पंचायत की किशोरी फुटबॉल टीमों के बीच टूनार्मेंट आयोजित की गयी। इस दौरान पोंडा, गर्री , दुगार्पुर, खैराचतर, टांगटोना, बगदा एवं सोनपुरा की फुटबॉल टीमों के बीच प्रतियोगिता आयोजन भी हुआ। इस अवसर पर टूनार्मेंट में बतौर अतिथि कसमार प्रमुख नियति दे, थाना प्रभारी भजन लाल महतो,मुखिया हारु रजवार, परिपोषा कुमारी, गीता देवी,संस्था की सचिव कल्याणी सागर, निदेशक गौतम सागर, कुमारी किरण ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उपस्थित किशोरियों व अन्य लोगों को संबोधित करते मुख्य अतिथि नियोती देवी ने कहा कि अब फुटबॉल खेल सहित हर खेल में लड़कियां



सफलता हासिल कर रही है। अब लड़कियां जिला, राज्य से लेकर राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सफलता का परचम लहरा रही है। कसमार थाना प्रभारी भजनलान महतो ने कहा कि किशोरियों के बीच फुटबॉल टूनार्मेंट की शुरूआत सहयोगिनी संस्था की बेहतरीन पहल है। इससे बालिकाओं के बीच खेल प्रतिभा में निखार आएगी। मुखिया हारु रजवार ने कहा कि हर क्षेत्र में लड़कियां खेल में बेहतर प्रदर्शन कर अपना एवं क्षेत्र का नाम रौशन करेंगी। कहा कि खेल को सिर्फ मनोरंजन ही नहीं, बल्कि कैरियर के रूप में देखने एवं नजरिया बदलने की जरूरत है। संस्था सचिव कल्याणी सागर ने कहा कि समाज और परिवार में बेटियों को भी आगे बढ़ने के लिए हर क्षेत्र में समान अवसर मिलना चाहिए।

# जिले के सभी ब्लॉक में विधिक सशक्तिकरण शिविर का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद :** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार वीरेंद्र कुमार तिवारी के निर्देश पर एक दिवसीय विधिक सशक्तिकरण सह जागरूकता शिविर का आयोजन रविवार को जिले के सभी प्रखंडों में किया गया । निरसा प्रखंड कार्यालय में आयोजित मेगा एंपावरमेंट कैंप में लोगों को संबोधित करते हुए अवर न्यायाधीश संतोषणी मुर्मू ने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार प्रशासनिक निष्क्रियता के प्रतिहित प्रहरी के रूप में कार्य करती है ।सरकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों तक सुगमता से पहुंचाई



जा सके इस शिविर का मुख्य उद्देश्य है। एलएडीसीएस डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट ने कहा कि दूर - सुदूर ग्रामीण इलाकों में रह रहे आम जनता त्वरित न्याय कैसे प्राप्त करें इस पर लोगों को जागरूक करने के लिए डालसा इस तरह के जागरुकता कार्यक्रम करता रहा है ताकि जिले के दूर-सुदूर इलाकों में रह रहे ग्रामीण जनता तक सुलभ एवं त्वरित न्याय प्रक्रिया को पहुंचाया जा सके ।इस बाबत जानकारी देते हुए प्रभारी डालसा सचिव निताशा बारला ने बताया कि विभिन्न ??ब्लॉकों मे आयोजित विधिक सशक्तिकरण शिविर में 96 हजार 2 सौ 67 लाभुकों के बीच 7 करोड़ 9 लाख 26 हजार 4 सौ 58 रुपए की परिसंपत्तियों का वितरण किया गया । उन्होंने कहा कि दूर सूदूर ग्रामीण इलाकों में रह रहे आम जनता तक न्याय सुलभ एवं त्वरित पहुंचे एवं साथ ही सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम जनमानस तक पहुंच सके इसी कड़ी में धनबाद , निरसा , गोविंदपुर , कलियासोल , एगारकुंड , बाघमारा , बलियापुर , टुंडी , पूर्वी टुंडी , तोपचाची ब्लॉकों मे न्यायिक पदाधिकारी क्रमशः अनामिका कच्छप, संतोषणी मुर्मू , अर्पिता नारायण , मेघा प्रियंका लकड़ा , सत्यभामा कुमारी , ऋषि कुमार , अपेक्षा , हेमंत कुमार सिंह , सुरेश उरांव , विवेक राज एवं एलईडीसीएस , डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट , सहायक सुमन पाठक , नीरज गोयल , मुस्कान चोपड़ा , स्वाति कुमारी , शैलेंद्र झा, करुणा सिंह , सोनिया कुमारी , पारा लीगल वालंटियर हेमराज चौहान , मानिक दुबे , पंकज कुमार वर्मा , निमाई प्रमाणिक , अब्दुल कलाम , चंदन कुमार , सहदेव महतो , दिनेश महतो , मोहम्मद आजाद , प्रदीप चक्रवर्ती , उत्तम मंडल , चंदन कुमार , अनामिका सिंह, गीता कुमारी , काजल कुमारी , नवीन कुमार,जिला परिषद दीपाली रोहिदास, प्रखंड प्रमुख आशा कुमारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी इंद्र लाल ओहदार, समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### श्रीमद्भागवत कथा को लेकर कतरास में तुलसी कलश यात्रा 16 तक



**धनबाद** : कतरास में परम पूज्य श्री सुरेन्द्र हरिदास जी के पावन सानिध्य में होने वाली श्रीमद्भागवत कथा से पूर्व एक विशाल, दिव्य और भव्य तुलसी कलश यात्रा निकाली गयी। जिसमे काफी संख्या में सनातनी श्रद्धालु, बच्चे, बुजुर्ग और युवा शामिल थे,कलश यात्रा में महिलाएं सिर पर तुलसी कलश भागवत शोभायात्रा में शामिल थी। पूरी यात्रा के दौरान भक्तों राधे-राधे और जय श्रीकृष्ण के गगनभेदी जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना दिया। लोग बैंड बाजों, ढोल-नगाड़ों और मनोहारी संगीत से सुसज्जित शोभायात्रा ने किया। कलश यात्रा नंदेश्वर महादेव मंदिर, श्री संकट मोचन मंदिर, श्री रानी सती मंदिर, ठाकुरबाड़ी मंदिर, सालासर मंदिर, देवी महारानी मंदिर, नदी किनारे दुर्गा मंदिर, नदी किनारे हनुमान मंदिर, श्री नारायण मंदिर के चरणों में आशीर्वाद लेकर के भागवत पंडाल में भागवत जी को पांडाल में स्थापित किया गया। कई स्थानों पर पुष्पवर्षा की गई,कलश यात्रा में किशोरी गुप्ता, कस्तूरी देवी,अशोक कुमार वर्मा गीता देवी,विनय कृष्ण गुप्ता, अल्का देवी,बिजया गुप्ता बबीता देवी, श्रीकृष्ण गुप्ता नर्मदा देवी, अवधेश प्रसाद गुप्ता मनिषा देवी,मनोज कुमार गुप्ता कविता गुप्ता,उदय वर्मा सुष्मा वर्मा,बिकास साहू, हिम्मत सिंह सुमन देवी सहित अन्य श्रद्धालुओं को सक्रिय दिखे।

### डीएवी प्लस टू उच्च विद्यालय के प्रचार्य पर अनियमितता का आरोप



**धनबाद :** डीएवी प्लस टू उच्च विद्यालय कतरासगढ़ के प्रधानाध्यापक उपेंद्र राय 28 सितंबर 2024 से विभिन्न माध्यमों से स्कूल में आये हुए संग्रहित राशि को बैंक में जमा न करके उसे अवैध रूप से अपने पास रख रहे हैं। इसके साथ ही फॉर्म भरने के लिए निर्धारित राशि से अधिक शुल्क वसूल कर रहे हैं, उपरोक्त बातें भारतीय क्लब में प्रेस वार्ता करते हुए आर्य समाज के प्रधान डॉ देव चन्द्र मिश्रा मृणाल ने कहा। डॉ मृणाल ने बताया कि उक्त स्कूल धनबाद आर्य समाज, कतरास गढ़ द्वारा स्थापित एवं संचालित शिक्षण संस्थान है, जो कि बिहार सरकार द्वारा वर्ष 1984 से ही वित्त रहित मान्यता प्राप्त है। विद्यालय में कोई सरकारी यूनिट कार्यरत नहीं है ना ही विद्यालय को सरकार से कोई वित्तीय सहायता मिलती है। हालांकि जिला शिक्षा पदाधिकारी धनबाद के द्वारा प्राण जीवन अकैडमी धनबाद के सहायक शिक्षक उपेंद्र राय को यहां का प्रभारी प्रधानाध्यापक के रूप में प्रभार दिया गया है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि 28 सितंबर 2024 से उपेंद्र राय विद्यालय की संग्रहित राशि को बैंक खाते में जमा न करवा कर अपने पास रख रहे हैं। इसके साथ ही अन्य कई गंभीर आरोप भी उन्होंने प्रभारी प्रधानाध्यापक पर लगाया है। उन्होंने कहा कि मामले की लिखित शिकायत धनबाद उपायुक्त से की गई है।

### मंईयां सम्मान योजना की राशि प्रत्येक महिला का अधिकार : राजेश तुरी



**धनबाद :** झामुमो महानगर समिति की ओर से रविवार को दहुआटांड़ स्थित किड्स पैराडाइज पब्लिक स्कूल में मंईयां सम्मान योजना का सहायता कैंप लगाया गया। कैंप समिति के संयुक्त सचिव सह समाजसेवी राजेश तुरी के नेतृत्व में लगाया गया। इसमें करीबन दो सौ लोग शामिल हुए और मंईयां सम्मान योजना का राशि प्राप्त करने के लिए फार्म भरें। संयुक्त सचिव राजेश तुरी ने बताया कि योजना का लाभ लेने के लिए कई महिलाएं वंचित रह गई थी। इसलिए सभी को लाभ दिलाने के लिए कैंप लगाया गया। जिस प्रकार राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन व कैबिनेट के मंत्री बनते ही राज्य में प्रत्येक जनता की सेवा करने के लिए तात्पर्य है। इस प्रकार झामुमो के सिपाही के तौर पर वार्ड नंबर 29 और 30 की जनता के लिए कैंप आयोजित किया गया। इस कैंप को सफल बनाने में वार्ड 30 के सचिव विनोद रजक, मीडिया प्रभारी ओम प्रजापति,जगदीश महतो, निमाई रजक, पवन रजक, कुंदन रजक,अनिल कुशवाहा, सनोज कुमार, बबलू दास आदि का महत्वपूर्ण योगदान।

### एमटी मध्य विद्यालय में विधायक ने बांटा स्कूल बैग व नोटबुक



**धनबाद :** एमटी मध्य विद्यालय कतरास में शनिवार को बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो ने स्कूली बच्चों के बीच स्कूल बैग व नोटबुक बांटा। बच्चों को संबोधित करते हुए बाघमारा विधायक ने कहा कि जीवन की सफलता का मूलमंत्र शिक्षा ही है। उच्च और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ग्रहण करके ही हम अपना और समाज का कल्याण कर सकते हैं। आज के बच्चे कल के भारत का भविष्य हैं। इसलिए बेहतर भारत के निर्माण के लिए बच्चों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना अतिआवश्यक है। विद्यालय प्रबंधन ने बाघमारा विधायक के साथ विद्यालय के विकास पर भी चर्चा की। विद्यालय के जर्जर चाहरदिवारी को नए सिरे से बनाने को लेकर विचार विमर्श किया गया। बताया गया कि विधायक ने हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया है। मौके पर जिला परिषद सदस्य जितेश रजवार, मुखिया श्रीमती यशोदा देवी, उपमुखिया श्रीमती चंदा देवी, एसएमसी अध्यक्ष अमित सरकार तथा विद्यालय प्रबंधन के प्रभारी प्रधानाध्यापक संजीव प्रसाद, सहायक शिक्षक रंजीत कुमार सिन्हा, मनोज झा, सरस्वती कुमारी, शोभा कुमारी, बेलु कुमारी, कम्प्यूटर इंस्ट्रक्टर अर्जुन कुम्भकार एवं दर्जनों अभिभावकगण उपस्थित थे।

# साहिबगंज में विधिक सेवाएं-सह-महिला सशक्तिकरण शिविर का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** सिद्धो-कान्हो सभागार, साहेबगंज में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में विधिक सेवाएं- सह मेगा सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सर्वप्रथम प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह- अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार अखिल कुमार, जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त हेमंत सती, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव विश्वनाथ भगत, संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार अखिल कुमार के द्वारा संबोधित करते हुए विधिक सेवा प्राधिकार के विषय में जानकारी दी उन्होंने कहा कि विधिक सेवाएं- सह मेगा सशक्तिकरण शिविर



का आयोजन का मुख्य उद्देश्य होता है कि आम जनता को विधि रूप से सशक्त बनाया जाए। आपको आपके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जाए। आपको यह बताया जाए कि देश का कानून क्या है आपकी इसमें किस तरह से भागीदारी हो सकती है और अगर आपको किसी विषय पर कानूनी सहायता की जरूरत है तो इसके लिए हमारा जिला विधिक सेवा प्राधिकार दिन-रात कार्य कर रही है। आप अपने अधिकारों को समझे इसके प्रति जागरूक हो और किसी तरह की समस्या आने पर निसंकोच जिला विधिक सेवा प्राधिकार में आए। वहीं उपायुक्त ने कहा कि इस शिविर का उद्देश्य है कि सरकार की जो भी महत्वाकांक्षी योजनाएं चलाई जा रही है और जिसकी जानकारी लोगों तक नहीं है। वैसे लोगों तक शिविर के माध्यम से यह जानकारी पहुंचाना ताकि समाज का अंतिम व्यक्ति उस योजना के प्रति अवगत हो सके और उसका लाभ उठा सके। उन्होंने विधिक जागरूकता शिविर के संदर्भ में कहा कि हमारा उद्देश्य है कि साहिबगंज जिला में जो भी नागरिक रहते हैं चाहे वह किसी भी जाति, धर्म, समुदाय से आते हो सबको विधिक रूप से जागरूक किया जाए और उन्हें सशक्त किया जाए। सभी लोगों को जानकारी दी और इसका लाभ उठाने की अपील की। कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव ने भी संबोधित किया। शिविर में विभिन्न विभागों की ओर से स्टॉल भी लगाया गया था। जहां संबंधित विभाग की ओर से संचालित योजना एवं कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी जा रही थी।

जिसका निरीक्षण प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, उपायुक्त सहित अन्य न्यायायिक पदाधिकारी, ने निरीक्षण किया।कार्यक्रम में परिसंपत्ति का वितरण किया गया जिनमें विभिन्न विभागों द्वारा योजनाओं का लाभ लाभार्थियों को दिया गया। मौके पर मुख्यालय डीएसपी विजय कुमार कुशवाहा, परियोजना निदेशक आईटीडीए संजय कुमार दास, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी चित्रा यादव, जिला सहकारिता पदाधिकारी महादेव मुर्मू, जिला कृषि पदाधिकारी प्रमोद इक्का, डीपीएम जेएसएलपीएस मार्टिन तारीख, पंचायती राज डीपीएम संदीप कुमार, एवं अन्य उपस्थित रहे।

## एक नजर

### अज्ञात चोरों के विरुद्ध बैल चोरी को लेकर प्राथमिकी दर्ज

**साहिबगंज:** तालझारी थाना क्षेत्र के भतभंगा गांव में अज्ञात चोरों के द्वारा शनिवार देर रात्रि दो लोगों के घर से चार बैल की चोरी कर ली गई है। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी अमर कुमार मिंज ने बताया कि शनिवार देर रात्रि भतभंगा गांव निवासी आशा तुरिन पति-बाबूलाल तुरी और बगल के कुदरत अंसारी के घर के बाहर से दोनों व्यक्ति के दो-दो बैल अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी कर लिया गया। मामले को लेकर तालझारी थाना में कांड संख्या-79/24 धारा-303(2) बीएनएस अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया।

### क्रिकेट अंडर -16 टूर्नामेंट में संत जोसेफ को हरा फाइनल में पहुंचा जवाहर नवोदय विद्यालय

**साहिबगंज:** जिला क्रिकेट संघ के तत्वाधान में सिदो-कान्हू स्टेडियम में चल रहे अंडर-16 क्रिकेट लीग टूनार्मेंट के तहत 8 दिसंबर रविवार को दूसरा सेमीफाइनल जवाहर नवोदय विद्यालय बनाम संत जोसेफ स्कूल के बीच खेला गया। जवाहर नवोदय विद्यालय की टीम ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 28.5 ओवर में 210 रन बना कर ऑल आउट हो गई। सोनू उरांव ने 74, अमन कुमार ने 28, वसीम अख्तर ने 55 रनों की पारी खेली। संत जोसेफ के गेंदबाज पीयूष यादव ने 3, रकी अनवर व एमआर अख्तर ने 2-2 व मो कैफ ने 1 विकेट लिए। वहीं बल्लेबाजी करने उतरी संत जोसेफ स्कूल की टीम 19.2 ओवर में 114 रन बना कर ऑल आउट हो गई। एम आर अख्तर ने 28, मो कैफ ने 20, कुणाल कुमार ने 25, ताबिश ने 10 व वारिस अली ने 13 रनों की पारी खेली। जवाहर नवोदय विद्यालय के गेंदबाज अभिषेक व सोनू उरांव ने 3-3, वसीम अख्तर ने 2 व इंजमामुल हक ने 1 विकेट लिया। जवाहर नवोदय विद्यालय की टीम 96 रनों से जीत हासिल कर फाइनल में पहुंची। जवाहर नवोदय विद्यालय के खिलाड़ी सोनू उरांव को मैन ऑफ दी मैच घोषित किया गया। मुख्य अतिथि डॉ सुमित ने सोनू उरांव को मैन ऑफ दी मैच की ट्रॉफी से पुरस्कृत किया।

### मीडिया प्रतिनिधियों के सम्मान समारोह का हुआ आयोजन




**साहिबगंज:** जिला जनसंपर्क कार्यालय परिसर में आज विधानसभा आम चुनाव 2024 के परिपेक्ष्य मीडिया प्रतिनिधियों को सम्मानित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला प्रशासन साहेबगंज के तत्वावधान से विधानसभा आम चुनाव 2024 के परिपेक्ष्य जिला के सभी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, प्रिंट मिडिया के प्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया। मौके पर उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा, परियोजना निदेशक आईटीडीए संजय कुमार दास, अपर समाहर्ता गौतम भगत, जिला कृषि पदाधिकारी प्रमोद एक्का, जिला पंचायती राज पदाधिकारी अनिल कुमार, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी छुटेश्वर कुमार दास, डीपीएम जेएसएलपीएस मार्टिन तारीक, जिला परियोजना एवं मूल्यांकन पदाधिकारी अरुण भोक्ता, समेत प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधि तथा जनसंपर्क कार्यालय के कर्मी उपस्थित थे।

# संत माईकल 10+2 स्कूल, मुरी में धूमधाम से मनाया गया वार्षिकोत्सव




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**मुरी :** मुरी संत माईकल 10+2 स्कूल, मुरी में 21 वीं वार्षिक महोत्सव मनाया गया।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रक्षा राज्य मंत्री श्री संजय सेठ उपस्थित थे साथ ही विशेष अतिथि के रूप में डॉ सपन कुमार एवं यूनियन बैंक ऑफ इंडिया मुरी शाखा के प्रबंधक श्री दिनेश कुमार उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रलोजित कर किया गया। इस अवसर पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में संत माईकल स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में अलख जगा रहा है। सभी छात्र-छात्राएं शिक्षा की गुणवत्ता एवं शिक्षा के प्रति सदैव समर्पित होते हुए मन लगाकर पढ़ें। जिससे विद्यालय एवं क्षेत्र तथा अपने माता पिता के साथ जनपद का नाम रोशन करेंगे। विद्यालय में सी. बी. एस. ई. बोर्ड परीक्षा -2024 के स्कूल टॉपर को मोमेंटो देकर मुख्य अतिथि के द्वारा सम्मानित किया गया। विद्यालय के निदेशक श्री राकेश कुमार ने मुख्य अतिथि को उनकी उपस्थिति के लिए उनको धन्यवाद दिए। उन्होंने कहा कि विद्यालय में पढ़ रहे बच्चों को विश्वस्तरीय एजुकेशन देने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। प्रोजेक्ट सहित अन्य उपकरण के माध्यम से उनकी पढ़ाई कराई जा रही है। यही कारण है कि तेजी से इन बच्चों में सुधार हो रहा है। कार्यक्रम में छात्र एवं छात्राओं ने अपने कला के माध्यम से सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया।

# चैनपुर प्रखंड में अन्तर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस मनाया गया

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चैनपुर :** चैनपुर में द सिस्टर्स ऑफ चार्ल्स सोसाइटी द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस रविवार को मनाया गया। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य मेरी लकड़ा ने कहा कि दिव्यांगजनों को उनकी दिव्यांगता से नहीं, बल्कि उनकी कार्यक्षमता से पहचाना जाना चाहिए। इस कार्यक्रम में चैनपुर प्रखंड के दिव्यांगजन और उनके माता-पिता शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि चैनपुर जिप सदस्य मेरी लकड़ा और सिस्टर मेरी जेकब द्वारा दीप प्रज्वलन से हुई। इसके बाद प्रेयर-नाच, स्वागत-गान और संगीत कार्यक्रम हुए। जिला परिषद सदस्य मेमी लकड़ा ने अपने संदेश में कहा कि दिव्यांगजनों को शैक्षणिक, राजनैतिक, सांस्कृतिक



और आर्थिक क्षेत्र में आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहना चाहिए और समाज में उनके प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण को बढ़ावा देना चाहिए। वही सिस्टर मेरी जेकब ने कहा कि दिव्यांगजनों को अपनी क्षमताओं को पहचानने और उनका विकास करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि समाज में दिव्यांगजनों के प्रति सहानुभूति और समर्थन की आवश्यकता है। कार्यक्रम में दिव्यांगजनों को पुरस्कार और प्रमाण पत्र दिए गए। इस अवसर पर संत चार्ल्स सोसाइटी की ओर से दिव्यांगजनों के लिए विभिन्न सहायता कार्यक्रमों की घोषणा की गई। इस कार्यक्रम में चैनपुर प्रखंड के विभिन्न स्कूलों और संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए। कार्यक्रम का आयोजन संत चाली सोसाइटी और जन विकास समिति बाराणसी के सहयोग से किया गया था।

# कोटालपोखर में बेलगाम चल रहा अवैध लॉटरी बिक्री का धंधा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज/कोटालपोखर :** बरहरवा प्रखण्ड क्षेत्र अंतर्गत कोटालपोखर थाना क्षेत्र में प्रतिबंधित अवैध लॉटरी विक्री पर रोक लगाने की जरूरत है। इस अवैध गतिविधि से समाज में बहुत सी कठिनाइयां उत्पन्न हो रही हैं और लोग जुए जैसी लत में डूबते जा रहे हैं। इस अवैध धंधे की वजह से केवल लोग ही नहीं बर्बाद हो रहे है बल्कि यहां के युवा बढ़चढ़ कर इस अवैध गतिविधि को संचालित करने को लेकर उत्साहित होते जा रहे है क्योंकि इस अवैध धंधे के जरिए करोड़ों रुपए बनाए जा सकते हैं। ऐसी मानसिकता आए दिन यहां के युवाओं में देखा जा रहा है जिसकी वजह से बहुत सी समस्याएं उत्पन्न होती दिखाई देती हैं।

**क्या है मामला**

कोटालपोखर बाजार समेत आस




पास के विभिन्न क्षेत्रों में इस अवैध धंधे की पकड़ मजबूत होती जा रही है। जिसकी वजह से लोग तंगी और बेरोजगारी का शिकार हो रहे हैं। इसका सीधा असर स्कूली बच्चों पर पड़ रहा है वे जुए जैसी लत का शिकार हो रहे है और उन्हें पता भी नहीं चल रहा है कि उन्हें बड़ी ही चालाकी से लॉटरी माफियाओं द्वारा लूटा जा रहा है।

**लोगों में आक्रोश**

कोटालपोखर आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोग इस अवैध धंधे की चपेट में आ रहे है। जिसका नुकसान उसके परिवार के लोगों को तंगी और भुखमरी जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है इसका मुख्य कारण लॉटरी माफियाओं का अवैध लॉटरी संचालन है। इसलिए इस अवैध धंधे के प्रति लोगों में आए दिन आक्रोश देखा जाता है।

**प्रशासन की भूमिका**

जिला प्रशासन की ओर से इस मामले को लेकर कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। वहीं स्थानीय प्रशासन भी इस अवैध गतिविधि को रोकने में असमर्थ दिखाई देती है। जबकि मामला आम जनता और युवाओं के भविष्य से जुड़ा हुआ है आवश्यक कार्यवाही करते हुऐ लॉटरी माफियाओं पर नकेल लगाने की सख्त जरूरत है।

# उर्दू का विकास सरकार के साथ हमारी भी जिम्मेवारी : डॉ शाहनवाज खान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** अंजुमन फरोग उर्दू, रामगढ़ जिला इकाई द्वारा जिले में प्रखंड स्तरीय उर्दू प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। आज आदर्श उच्च विद्यालय सोसोकलां में गोला प्रखंड स्तरीय उर्दू ज्ञान एवं सुलेख प्रतियोगिता आयोजित करने के बाद पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अंजुमन फरोग ए उर्दू के गोला प्रखंड संयोजक सोहेल अंसारी ने की तथा तस्नीम फैजी ने संचालन का दायित्व बखूबी निभाया। मुख्य अतिथि के रूप में अंजुमन फरोग उर्दू, झारखंड के उत्तरी छोटानागपुर प्रभारी डॉ. शाहनवाज खान उपस्थित थे। डॉ. खान ने संबोधित करते हुए कहा कि उर्दू में रोजगार के अवसरों की कमी नहीं है। उर्दू भारत के संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल है। अन्य भाषाओं के साथ-साथ उर्दू को भी बढ़ावा देना भारत सरकार और झारखंड सरकार की



जिम्मेदारी है। लेकिन उर्दू वाले यह न समझें कि हम इस जिम्मेदारी से मुक्त हैं। हमें उर्दू के विकास के लिए जमीन पर काम करने की जरूरत है। उर्दू ज्ञान प्रतियोगिता में सीनियर ग्रुप में प्रथम आसिफ रजा, द्वितीय जरीन रहमानी व तृतीय मोहम्मद सैफ अंसारी तथा जूनियर ग्रुप में प्रथम सिमरन कुमारी, द्वितीय शाहीन सबा व आलिया नाज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार उर्दू सुलेख प्रतियोगिता में सीनियर ग्रुप में प्रथम नाजनी सबा, द्वितीय रौनक जहां, संजना कुमारी एवं संजना कुमारी तृतीय स्थान पर रहीं तथा जूनियर ग्रुप में प्रथम रोजी परवीन, द्वितीय सिमरन कुमारी एवं खुशी परवीन तृतीय स्थान पर रहीं।

# विधिक सेवाएं-सह-महिला सशक्तिकरण शिविर का तालझारी में हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** तालझारी प्रखंड परिसर में रविवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में विधिक सेवाएं- सह मेगा सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सर्वप्रथम सत्र न्यायाधीश कमला कुमारी, बीडीओ पवन कुमार, एस आई अनिल कुमार एवं अमरेंद्र कुमार सिंह वकिल के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। सत्र न्यायाधीश कमला कुमारी के द्वारा संबोधित करते हुए विधिक सेवा प्राधिकार के विषय में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि विधिक सेवाएं-सह मेगा सशक्तिकरण शिविर का आयोजन



का मुख्य उद्देश्य होता है कि आम जनता को विधि रूप से सशक्त बनाया जाए। आपको आपके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जाए। आपको यह बताया जाए कि देश का कानून क्या है, आपकी इसमें किस तरह से भागीदारी हो सकती है और अगर आपको किसी विषय पर कानूनी सहायता की जरूरत है, तो इसके लिए हमारा जिला विधिक सेवा प्राधिकार दिन-रात कार्य कर रही है। आप अपने अधिकारों को समझे इसके प्रति जागरूक हो और किसी तरह की समस्या आने पर निःसंकोच जिला विधिक सेवा प्राधिकार में आए। वहीं बीडीओ पवन कुमार ने कहा कि इस शिविर का उद्देश्य है कि सरकार की जो भी महत्वाकांक्षी योजनाएं चलाई जा रही है और जिसकी जानकारी लोगों तक नहीं है। वैसे लोगों तक शिविर के माध्यम से यह जानकारी पहुंचाना ताकि समाज का अंतिम व्यक्ति उस योजना के प्रति अवगत हो सके और उसका लाभ उठा सके।

**विभिन्न विभागों का लगा शिविर**

शिविर में विभिन्न विभागों की ओर से स्टॉल भी लगाया गया था। जहां संबंधित विभाग की ओर से संचालित योजना एवं कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी जा रही थी। जिसका निरीक्षण सत्र न्यायाधीश, बीडीओ सहित अन्य पदाधिकारी ने निरीक्षण किया।

**परिसंपत्तियों का हुआ वितरण**

कार्यक्रम में परिसंपत्ति का वितरण किया गया जिनमें विभिन्न विभागों द्वारा योजनाओं का लाभ लाभार्थियों को दिया गया। जेएसएलपीएस के और से 42 सखी मंगल को 63 लाख का चेक, अबुआ आवास का प्रशस्ति पत्र, विद्यार्थियों के बीच साइकिल वितरण, धोती, साड़ी वितरण एवं कंबल सहित अन्य विभागों के द्वारा लोगों को लाभ दिया गया। मौके पर बीडीओ पवन कुमार,एसआई अनिल कुमार यादव,अमरेंद्र कुमार सिंह वकिल,अरूण कुमार ताती पीएलबी,अमरेंद्र कुमार ठाकुर, विश्वनाथ कुमार दास, सरीता मुर्मु सहित अन्य उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### पटमदा में बनेगा पशुचिकित्सालय, विधायक प्रतिनिधि ने किया शिलान्यास



**पटमदा:** रविवार को पटमदा प्रखंड मुख्यालय परिसर में राज्य सरकार के पशुपालन विभाग से स्वीकृत पशु चिकित्सालय का विधायक प्रतिनिधि चन्द्रशेखर टुडू ने नारियल फोड़कर किया। करीब 22 लाख रुपए की लागत से योजना के तहत भवन में एक हॉल, चिकित्सक का चैंबर, स्टोर रूम आदि का निर्माण किया जाएगा। मौके पर झामुमो नेता सुभाष कर्मकार, बाबलू रूहिदास, सिजेन हेंब्रम, बापी दास, सुजीत कुमार महतो, स्वपन महतो, आशुतोष महतो, पसंस नवधन उर्फ सुधीर हांसदा व पशुपालन विभाग के कर्मचारी अवधेश उपाध्याय आदि मौजूद थे।

### सारण्या फाउंडेशन ने जरूरतमंदों के बीच किया गर्म कपड़ों का वितरण



**पटमदा:** पटमदा प्रखंड के लक्ष्मीपुर पंचायत के सबर पाड़ा में सारण्या फाउंडेशन जमशेदपुर के द्वारा दर्जनों जरूरतमंदों के बीच गर्म कपड़े और कई उपयोगी सामग्री का वितरण किया गया। जानकारी देते हुए संस्था के धवल सेठ ने बताया कि फाउंडेशन के द्वारा पटमदा जैसे सुदूरवर्ती क्षेत्र में जरूरतमंदों की सेवा के लिए हमारी टीम तत्परता के साथ काम करेगी।इस दौरान पंचायत के मुखिया कृष्णपद सिंह,पूर्ण सिंह, सारण्या फाउंडेशन के धवल सेठ, सूर्या राव,पूर्णेंदु आचार्या , अरुण मंडल सहित पंचायत के कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### उपायुक्त ने किया पल्स पोलियो कार्यक्रम का उद्घाटन



**साहिबगंज:** जिला दंडाधिकारी -सह- उपायुक्त हेमंत सती ने सदर अस्पताल परिसर में दीप प्रज्वलित कर बच्चों को पोलियो की खुराक पीलाकर पल्स पोलियो अभियान का उद्घाटन किया। मौके पर उपायुक्त ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आज बूथ डे के अवसर पर कम से कम 70 प्रतिशत बच्चों को दवा पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए आवश्यक है कि अपने नजदीकी बूथ पर जाकर जीरो से पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलायी जाए। शेष दो दिन घर-घर जाकर बच्चों को पल्स पोलियो की खुराक दी जाएगी। उन्होंने कहा कि इस अभियान को सफल बनाने के लिए सभी का सहयोग अपेक्षित है। मौके पर सिविल सर्जन प्रवीण कुमार संथालीया, डीपीएम हिना सिंह अरोड़ा, डीएस मोहन मुर्मू उपस्थित थे।

### आंगनबाड़ी केंद्र में शिशुओं को दिया गया पोलियो का खुराक



**बरहरवा:** रविवार को बरहरवा प्रखंड प्रमुख सुशीला हांसदा प्रखंड के थोपग्राम गांव के आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चे को पोलियो का खुराक पिलाकर तीन दिन तक चलने वाले इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मालूम हो कि पल्स पोलियो का यह कार्यक्रम तीन दिन तक संचालित होगा जिसमें शून्य से लेकर 5 वर्ष तक के बच्चे को पोलियो की दवाई पिलाई जाएगी। इस कार्यक्रम में बरहरवा के चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर पंकज कुमार कर्मकार, बीपीएम दिनेश कुमार तथा वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन के बरहरवा केमॉनिटर सुबोध कुमार के अलावे अन्य स्वास्थ्य कर्मी गण भी उपस्थित थे। यह भी जानकारी मिली है कि इस दौरान मिजार्पुर स्थित डिपो से 22 जगह पर बूथ लगाकर सेवीका सहायिका, सहिया तथा एएनएम ने पोलियोकी खुराक पिलाई।

### हाइवा ने साइकिल सवार को मारी टक्कर हुआ घायल



**साहिबगंज:** तालझारी थाना क्षेत्र अंतर्गत एक तेज रफ्तार हाईवा ने साइकिल सवार चालक को जोरदार टक्कर मार कर किया घायल। वही समाज सेवी प्रकाश बाबा को सड़क दुर्घटना के बारे में सूचना दिया गया,जहां घटनास्थल पर पहुंचकर उन्होंने इलाज के लिए तुरंत एंबुलेंस की व्यवस्था करते हुए सदर अस्पताल साहिबगंज लाया। जहां घायल व्यक्ति की स्थिति को देखते हुए डॉक्टर चंदन कुमार इलाज में लग गए। वहीं समाजसेवी प्रकाश बाबा से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि लालमाटी पुराना स्टेट बैंक के पास 5:15 में अतुल मंडल उम्र 54 वर्षीय, पिता स्वर्गीय श्रीनाथ मंडल, लालमाटी के रहने वाले साइकिल से अपने घर गेहूं का आटा लेकर आ रहा था वही सामने से तेज रफ्तार हाईवा साइकिल में जोरदार टक्कर मार दिया जिससे अतुल मंडल रोड किनारे गिर कर गंभीर रूप से घायल हो कर बेहोश हो गया। वही दुर्घटना के बारे में प्रकाश बाबा के द्वारा पुलिस को भी सूचना दी गई जहां घटनास्थल पर पहुंचकर हाईवा जेएच 1 जी जे 4647 जप्त कर लिया गया है और हाईवा वाले को भी पकड़ लिया गया है। वहीं पुलिस

# कैसे बढ़े चुनावों में मतदान का प्रतिशत



डॉ. आर.के.सिन्हा

पहले से ही सक्रिय, चुनाव आयोग को अधिक से अधिक मतदाताओं को आकर्षित करने के लिए, मतदान केंद्रों को अधिक सुलभ और आकर्षक बनाना होगा। इसमें पर्याप्त पार्किंग और आरामदायक प्रतीक्षा क्षेत्र जैसे सुधार शामिल हो सकते हैं। दिव्यांग मतदाताओं को उनके घर में ही वोट देने की सुविधा दी जा सकती है। फिलहाल तो दिव्यांग जनों को मतदान केन्द्रों में काफी कष्ट होता है। इस तरफ गंभीरता से सोचना होगा।

महाराष्ट्र और झारखंड विधान सभाओं के लिए हुए चुनावों के नतीजे आ चुके हैं। अब दोनों राज्यों में नई सरकारों का गठन भी हो गया है। झारखंड और महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री और कुछ मंत्रियों ने शपथ भी ले ली है। महाराष्ट्र विधान सभा चुनाव में 65 फीसद से अधिक मतदान हुआ है, जो पिछले 30 वर्षों में सबसे अधिक है। यह दो कारणों से उल्लेखनीय है: पहला, यह 2024 के लोकसभा चुनाव के आंकड़े से लगभग चार प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है; और दूसरा, यह चुनावों में औसत राष्ट्रीय मतदान के करीब है, जो लगभग 65-66% आंका गया है।

लेकिन, प्रश्न यह उठता है कि क्या मतदान का यह प्रतिशत क्या किसी भी मजबूत लोकतंत्र के लिये पर्याप्त है? बिल्कुल नहीं! तो फिर किया क्या जाये! पर यह तो पूरे तो पूरे देश के सभी जिम्मेदार नागरिकों को यह सोचना ही होगा कि चुनावों में मतदान को कैसे बढ़ाया जा सकता है। यह गंभीर मसला है। जैसा कि मैंने ऊपर कहा है कि महाराष्ट्र विधान सभा के लिए हुए चुनाव में 65 फीसद से अधिक मतदान हुआ है, जो पिछले 30 वर्षों में सबसे अधिक है। यह दो कारणों से उल्लेखनीय है: पहला, यह 2024 के लोकसभा चुनाव के आंकड़े से लगभग चार प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है; और दूसरा, यह चुनावों में औसत राष्ट्रीय मतदान के करीब है, जो लगभग 65-66% आंका गया है। महाराष्ट्र के आंकड़ों पर इसलिए गौर किया जाता है क्योंकि राज्य में देश की सबसे बड़ी शहरी आबादी है, और ऐतिहासिक रूप से यह शहरों और कस्बों में कम मतदान के कारण औसत राष्ट्रीय मतदान से पीछे रहा है।

हालांकि, महाराष्ट्र के आंकड़े का गहराई से अध्ययन करने पर पता चलता है कि शहरी क्षेत्रों में मतदान के प्रति उदासीनता पूरी तरह से गायब नहीं हुई है। उदाहरण के लिए, पश्चिमी महाराष्ट्र के कोल्हापुर जिले में 76.25% का उच्च मतदान दर्ज किया गया, उसके बाद गढ़चिरौली का स्थान है, जो माओवादियों की गतिविधियों के लिए सुर्खियों में रहता है, जहाँ 73.68% मतदान हुआ है, जबकि मुंबई शहर जिले में 52.07% का कम मतदान हुआ। पुणे, ठाणे और मुंबई उपनगरीय जैसे अन्य शहरी जिलों में भी इसी तरह के आंकड़े दर्ज किए गए हैं।

हालांकि, सकारात्मक पहलू यह है कि पूरे राज्य में मतदान में समग्र सुधार हुआ है। इस बदलाव का श्रेय, हालांकि



अपेक्षाकृत धीमा और क्रमिक है, इसका मुख्य रूप से श्रेय भारत के वर्तमान चुनाव आयोग को जाता है। मतदान बढ़ाने के लिए चुनाव आयोग इस बार काफी सक्रिय था। इसके अभियान में, सोशल मीडिया सहित, स्थानीय हस्तियों - क्रिकेटरों से लेकर फिल्म सितारों तक को भी शामिल किया गया है, और इसमें ऊँची इमारतों और आवासीय सोसायटियों में मतदान केंद्र स्थापित करना और कतार में लगने के समय को कम करने के लिए टोकन प्रणाली शामिल है। राजनीतिक दलों के उच्च-वोल्टेज अभियानों ने भी मतदाता भागीदारी बढ़ाने में मदद की है। महाराष्ट्र में बेहतर मतदान भारतीय लोकतंत्र के लिए आश्वस्त करने वाला है।

हालांकि यह मानना होगा कि देश के शहरी इलाकों में मतदान कमोबेश कम ही रहता है। शिमला से सूरत तक शहरी मतदाता की उदासीनता लगातार बनी हुई है। यह रुझान नया नहीं है। चुनावों के पहले तीन दशकों में, शहरी मतदाताओं की भागीदारी काफी बेहतर रहती थी। 1980 के दशक से शहरी और ग्रामीण मतदान के बीच का अंतर बढ़ गया है। शहरी उदासीनता को समझना होगा। शहरी भारत का जीडीपी में 60% और करों में बहुत बड़ा हिस्सा है। पर हमारे यहां के शहरों की हालत लगातार खराब हो रही है। आजकल दिल्ली में प्रदूषण का स्तर जिस तरह का हो गया है, उसने आम लोगों का जीना दूधर कर दिया है। दिल्ली दुनिया की सबसे प्रदूषित राजधानी बन गई है। यह तो राजधानी की हालत है। गुजरे कुछ सालों के दौरान दिल्ली, मुंबई, चैन्नई, बैंगलुरू जैसे देश के अति अहम महानगर बारिश से जलमग्न होते रहे। इनमें जिंदगी कई दिनों तक थमी रही। सड़कों पर जलभराव के कारण जाम लग गए, रेल सेवा प्रभावित हुई, घरों में पानी जाता रहा, स्कूल-कॉलेज बंद हो गए। देश के इन खासमखास शहरों की तस्वीर बहुत कुछ बयां कर गई। यह कोई पहली बार नहीं हुआ। यह स्थिति हर साल होती है, योजनाएं बनती हैं ताकि बारिश के बाद होने वाली अव्यवस्था और अराजकता की पुनरावृत्ति ना हो। पर योजनाएं फाइलों में गुम हो जाती हैं। यह समझना होगा कि शहरी भारत, देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। देश का लगभग सारा सेवा क्षेत्र (सर्विस सेक्टर) शहरों में ही सिमटा है। जनगणना के आंकड़ों को माने तो देश की 31 फीसद आबादी शहरों में रहती है। हालांकि गैर-सरकारी आंकड़ें शहरी आबादी कहीं अधिक होने का दावा करते हैं। इन शहरों में रोजगार के अवसर हैं। सारे देश के नौजवानों के सपने इन्हीं शहरों में पहुंचकर साकार होते हैं। पर नीति निर्धारकों के फोकस से कहीं दूर बसते हैं शहर।

जाहिर है, इस कारण से मतदाता निराश होने लगता है अपने जनप्रतिनिधियों से। उसे लगता है कि जब उसके नेता निकम्मे होंगे तो वह वोट क्यों करे। मतदाताओं को नेता बार-बार निराश करते हैं। इसलिए जनप्रतिनिधियों को समझना होगा कि अगर देश में मतदान केन्द्रों की तरफ फिर से मतदाताओं को बड़े पैमाने पर लाना है, तो उसकी जिम्मेदारी सिर्फ चुनाव आयोग की ही नहीं है। उन्हें भी जनता से सीधा संपर्क बनाकर रखना होगा। उन्हें भी जनता के मसलों को लेकर संवेदनशील बनना होगा।

आपको याद ही होगा पिछले लोकसभा चुनाव के वक्त लगभग सारे में देश सूरज देवता आग उगल रहे थे। फिर भी मतदाता मतदान करने के लिए घरों से निकल रहे थे। मतदान वाले दिन कई जगहों में तापमान 42 डिग्री सेल्सियस से भी ऊपर था। लू भी चल रही है। इतने कठोर मौसम में चुनाव प्रचार करना और फिर मतदान करने के लिए मतदान केन्द्रों के बाहर लंबी लाइन लगाकर खड़ा होना सामान्य बात नहीं थी। इतने खराब मौसम में भी देश के लाखों-करोड़ों मतदाता घरों से निकलकर वोट तो दे ही रहे थे। यह सुखद भी है और हमारे मजबूत लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत भी है। आखिर देश के जनमानस को पता है कि उनके वोट से ही देश की तकदीर लिखी जाएगी। इसलिए ही लोग वोट देकर अपने लोकतांत्रिक अधिकार का भरपूर इस्तेमाल करते हैं।

पहले से ही सक्रिय, चुनाव आयोग को अधिक से अधिक मतदाताओं को आकर्षित करने के लिए, मतदान केंद्रों को अधिक सुलभ और आकर्षक बनाना होगा। इसमें पर्याप्त पार्किंग और आरामदायक प्रतीक्षा क्षेत्र जैसे सुधार शामिल हो सकते हैं। दिव्यांग मतदाताओं को उनके घर में ही वोट देने की सुविधा दी जा सकती है। फिलहाल तो दिव्यांग जनों को मतदान केन्द्रों में काफी कष्ट होता है। इस तरफ गंभीरता से सोचना होगा। कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि पंचायत, नगरपालिका, विधान सभा और लोकसभा चुनावों में मतदान को बढ़ाने की जिम्मेदारी सिर्फ चुनाव आयोग की ही नहीं है। इस दिशा में कई स्तरों पर काम करना जरूरी है।

(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं)

## संपादकीय

### पुतिन का भारत प्रेम

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने भारत और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जिन शब्दों में प्रशंसा की है उसे कूटनीतिक क्षेत्र में भारत की विदेश नीति की बड़ी सफलता माना जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय राजनीति के कुछ जानकार इसे संघर्षरत विश्व की एक विशिष्ट घटना बता रहे हैं। राष्ट्रपति पुतिन ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व की जमकर शरण करते हुए कहा है कि भारत का नेतृत्व अपने हितों को प्राथमिकता देने की नीति पर केंद्रित है और प्रधानमंत्री मोदी का ऐसा ही एक कार्यक्रम है 'मेक इन इंडिया'। इसके चलते वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारत की स्थिति मजबूत हुई है। वास्तव में राष्ट्रपति पुतिन यूक्रेन रूस संघर्ष के बाद भारत के और करीब आ गए हैं। दूसरी और प्रधानमंत्री मोदी भी रूस के साथ और अधिक मजबूत संबंध बनाना चाहते हैं। श्रीमती इंदिरा गांधी ने 1970 के दशक में ऐसी ही रणनीति अपनाई थी। भारत ने तत्कालीन सोवियत संघ के साथ मैत्री संधि की थी जिसके कारण 'बांग्लादेश मुक्ति संग्राम' के समय भारत अमेरिका की चुनौती का सामना कर सका। लेकिन दोनों देशों के बीच पांच दशक पुराना संबंध सैन्य और रणनीतिक सहयोग पर आधारित जो अब अर्थ और कारोबार की दिशा में बढ़ने का संकेत दे रहा है। पुतिन मोदी की घरेलू और विदेशी नीतियों से इतने अधिक प्रभावित हैं कि उन्होंने भारत में विदेशी निवेश बढ़ाने की घोषणा कर दी है। पुतिन ने 16वें वीटीबी निवेश फोरम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की 'इंडिया फर्स्ट' और 'मेक इन इंडिया' से हम बेहद प्रभावित हैं और यहां अपना मैन्युफैक्चरिंग यूनिट लगाने के लिए तैयार हैं। पुतिन का विश्वास है कि भारत में निवेश करना लाभदायक है। रूसी कंपनी रोसनेफ्ट ने हाल ही में भारत में 20 बिलियन डॉलर का निवेश किया है। राष्ट्रपति पुतिन की घोषणा 'मेक इन इंडिया अभियान' के लिए एक बड़ी उपलब्धि होगी। पुतिन के कथन का भारत चीन-संबंधों पर भी सीधा असर पड़ेगा। पुतिन का भारत के प्रति रुख से यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि भारत के लिए वास्तविक रक्षा कवच रूस ही है। भारत यह भरोसा कर सकता है कि पुतिन चीन को भारत के विरुद्ध कोई सैन्य दुस्साहस करने की अनुमति नहीं देंगे।



## चिंतन-मनन

### ज्ञान के रास्ते पर

गौतम बुद्ध के प्रवचन में एक व्यक्ति रोज आता था और बड़े ध्यान से उनकी बातें सुनता था। बुद्ध अपने प्रवचन में लोभ, मोह, द्वेष और अहंकार छोड़ने की बात करते थे। एक दिन वह व्यक्ति बुद्ध के पास आकर बोला- मैं लगभग एक महीने से आपके प्रवचन सुन रहा हूं। पर क्षमा करें, मेरे ऊपर उनका कोई असर नहीं हो रहा है। इसका कारण क्या है? क्या मुझमें कोई कमी है?

बुद्ध ने मुस्कराकर पूछा- यह बताओ, तुम कहां के रहने वाले हो?

उस व्यक्ति ने कहा- श्रावस्ती।

बुद्ध ने पूछा- श्रावस्ती यहां से कितनी दूर है?, उसने दूरी बताई।

बुद्ध ने पूछा- तुम वहां कैसे जाते हो?

व्यक्ति ने कहा- कभी घोड़े पर तो कभी बैलगाड़ी में बैठकर जाता हूं।

बुद्ध ने फिर प्रश्न किया- कितना समय लगता है?, उसने हिसाब लगाकर समय बताया।

बुद्ध ने कहा- यह बताओ क्या तुम यहां बैठे-बैठे श्रावस्ती पहुंच सकते हो

व्यक्ति ने आश्चर्य से कहा- यहां बैठे-बैठे भला वहां कैसे पहुंचा जा सकता है। इसके लिए चलना तो पड़ेगा या किसी वाहन का सहारा लेना पड़ेगा।

बुद्ध मुस्कराकर बोले- तुमने बिल्कुल सही कहा। चलकर ही लक्ष्य तक पहुंचा जा सकता है। इसी तरह अच्छी बातों का प्रभाव भी तभी पड़ता है जब उन्हें जीवन में उतारा जाए। उसके अनुसार आचरण किया जाए। कोई भी ज्ञान तभी सार्थक है जब उसे व्यावहारिक जीवन में उतारा जाए। मात्र प्रवचन सुनने या अध्ययन करने से कुछ भी प्राप्त नहीं होता।

उस व्यक्ति ने कहा- अब मुझे अपनी भूल समझ में आ रही है। मैं आपके बताए मार्ग पर आज से ही चलूंगा। बुद्ध ने उसे आशीर्वाद दिया।

# युवा पीढ़ी को आज और अभी बचाना जरूरी



भूपेन्द्र गुप्ता



बुंदेलखंड अंचल के छतरपुर जिले के एक छोटे से गांव में जहां पर संस्कृति और संस्कार की पकड़ समाज पर गहन होती है। वहां एक छात्र द्वारा अपने ही स्कूल के प्रिंसिपल को गोली मार देने की घटना देश को हिला देने वाली घटना है।

भारत के पिछले 100 साल के ज्ञात इतिहास में संभवतः यह पहली घटना है, जहां पर एक छात्र ने अपने प्रिंसिपल को गोली से भून डाला है। इसी समय मध्य प्रदेश के एक दूसरे गांव गरोठ में भी दलित परिवार द्वारा निर्माण किया जा रहे कार्य को रोकने के लिए एक दबंग ने गोली से महिला मजदूर को भून दिया है।

स्कूल के सहपाठी चार नाबालिगों ने एक बच्ची से गैंगरेप कर ब्लैकमेल किया और बच्ची ने आत्महत्या कर ली।

समाज में इतनी हिंसा, इतनी नफरत, इतनी असहिष्णुता,इतनी वासना कहां से आ रही है? क्या हमारा समाज अपने मूल्यों को बचाने में असफल हो रहा है ? क्या घृणा के दो छोर इतने कठोर हो चुके हैं कि अब शिष्य और गुरु के बीच में भी गोली ही अंतिम उपाय रह गया है।

समाज के रूप में अगर हम भारत को देखें तो यह गन कल्चर हमने अमेरिका में तो सुना था जहां पर बच्चे स्कूल के अंदर ताबड़तोड़ गोलियां चला देते हैं। यह हमने पाकिस्तान में भी सुना था लेकिन भारत में इस घटना का होना दर्शाता है कि समाज में जंग लग रही है और हमारा सिस्टम हमारी मूल्यानुगत परंपराएं इस उन्माद का समाधान खोजने में असमर्थ हैं।

भारत के गांवों का हम अध्ययन करें तो पाते हैं कि विगत 10 वर्षों में गली कूचों और देहातों में जिन गरीब बस्तियों में ना तो नियमित रोजगार है न ही अतिरिक्त आमदनी , वहां भी आधा गांव नशे में डूबा है। नशीले पदार्थों का सेवन,धर्म,और जाति का नशा और इसकी फंडिंग राज्य को तो असफल कर ही रही है ,समाज के रूप में भी हमें असफल कर रही है।

हम 10 वर्ष पहले यह दम भरने वाले राष्ट्र थे कि भारत दुनिया का सबसे युवा देश है। हमारी 50 फीसदी आबादी युवा है और हम दुनिया को नेतृत्व देने की क्षमता रखते हैं।

हमारे इन दावों को तीन तरह से दुनिया के शैतानों ने तोड़ दिया है। एक- इन नौजवानों के हाथ में काम मत जाने दो उनकी जवानी नौकरी रोजगार खोजते खोजते ही समाप्त हो जाए। दो- शिक्षा पर हमला करो ताकि योग्यता और युवावस्था का सामंजस्य ना रहे। तीन- इस बेरोजगार नौजवान को नशे के दलदल में उतार दो जहां पर वह अपनी दुनिया से अनुपस्थित हो जाए। क्या भारत इस खतरे को भांप रहा है कि जिस जवानी पर वह दस साल पहले नाज कर रहा था आज उसके पांव लड़खड़ा रहे हैं। एक अध्ययन में यह बात सामने आई है कि उच्च शिक्षा प्राप्त युवाओं में 40फीसदी भी रोजगार के हिसाब से योग्य नहीं हैं। एम्प्लायबिलिटी का यह संकट दिखाई पड़ना चाहिये।

इसके पहले चीन भी स्मार्ट सिटी के चक्कर में फंसकर बहुत कुछ गंवा चुका है। वे शहर अब घोस्ट सिटी(भुतहा शहर) के रूप में जाने जाते हैं। चीन ने अपने आपको मास प्रोडक्शन और मेनपावर के नियोजन से बचा लिया है। हमें भी समय रहते यह करना होगा।

भारत की युवा पीढ़ी के एक राष्ट्र के रूप में इस मानव संसाधन(ऊर्जा) को हम नियमित कर पा रहे हैं।क्या हम उसे क्षमतावान संसाधन के रूप में दुनिया के सामने प्रस्तुत कर पा रहे हैं।

शायद नहीं..।आज आवश्यकता है कि सरकारें देश को इस तिहरे नागपाश से बचाने के लिये राष्ट्रीय नीति का निर्माण करें। यह नीति निम्न उपायों पर केंद्रित होकर मिशन मोड में क्रियान्वित हों।

नौजवान बेरोजगारों को समयबद्ध तरीके से रोजगार से जोड़कर देश की उत्पादकता बढ़ाने के उपाय। देश मे. लाखों-करोड़ मूल्य के नशे के प्रवेश से समाज के विघटन को रोकने के उपाय।नशे के स्त्रोत और उसकी फंडिंग के मूल पर आक्रमण के उपाय।

शिक्षा को गुणवत्तापूर्ण और अधिक प्रतिस्पर्धी बनाने के उपाय।

नियोजनीयता कौशल के विकास को बढ़ाना।

अपराध, अराजकता, धर्म और जाति का उन्माद तथा कार्यकुशलता का अभाव इतने बड़े देश की आवश्यकताओं की पूर्ति नहीं कर सकता।चमचमाती हुई सड़कें तो कल भी बन सकती हैं लेकिन एक मुर्दा होती पीढ़ी को आज और इसी वक्त बचाना जरूरी है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं)

# वैश्विकी : बांग्लादेश और सीरिया का हश्र



डॉ. दिलीप चौबे



बांग्लादेश के जन्म को करीब आदि शताब्दी हो रही है। लेकिन इस ऐतिहासिक स्वर्णिम अवसर पर पड़ोसी देश में कोई जश्न नहीं हो रहा। सेना और जेहादी तत्वों के बलबूते सत्ता का मुखौटा बने मोहम्मद युनूस ने बांग्लादेश के स्वर्णिम इतिहास को मिटाने के लिए मुहिम जारी रखी है। हाल में बांग्लादेश के मुद्रा टका पर राष्ट्रपिता बंगबंधु शेख मुजिबुर्रहमान के चित्र को हटा कर कथित ह्ममानसून क्रांति' के चित्र छापे जा रहे हैं। आगामी 16 दिसम्बर को बांग्लादेश की जन्म तिथि पर वहां कोई बड़ा आयोजन होगा इसकी संभावना नहीं है। लेकिन भारत में इस अवसर पर सेवा के जवानों और मुक्ति वाहिनी के योद्धाओं के शौर्य और बलिदान को अवश्य याद किया जाएगा। कोलकाता में विभिन्न संगठनों ने इस विजय दिवस पर रैलियां आयोजित करने की घोषणा की है। दुनिया के इतिहास में यह अनोखा अवसर है जब कोई देश अपने गौरव को इतिहास को झुठला रहा है तथा अत्याचारी शासन (पाकिस्तान) की तरफदारी कर रहा है। बांग्लादेश का अवाम किस सीमा और समय तक यह बर्दाश्त करता है, यह आने वाले दिनों में साफ होगा।

कठपुतली शासक मोहम्मद यूनुस ने सबसे बड़े सहयोगी देश भारत और उसके नेतृत्व को निशाना बनाया है। बांग्लादेश में हिन्दू अल्पसंख्यकों पर अत्याचार की घटनाओं से भारतीय जनमानस क्षुब्ध है। इसका सबसे अधिक असर पश्चिम बंगाल में दिखाई दे रहा है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी राजनीतिक कारणों से बांग्लादेश के हालात पर टिप्पणी करने से बचती रही हैं। लेकिन अब उन्होंने भी वहां संयुक्त राष्ट्र शांति सेना तैनात करने की मांग की है। भारत सरकार ने बांग्लादेश के घटनाक्रम पर संयत रवैया अपनाते को वहां सामान्य स्थिति बहाल करने में सहयोग करने की पहल की है। संभवतः इसी क्रम में विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री सोमवार को ढाका जाने वाले हैं। भारत में पड़ोसी देश को अरबों रुपयों का कर्ज और आर्थिक सहायता दी है। जाहिर है भारत विभिन्न क्षेत्रों में हुए अपने आर्थिक और गैर-आर्थिक निवेश को व्यर्थ नहीं होने देना चाहता। विदेश सचिव की यात्रा के बाद स्पष्ट होगा कि द्विपक्षीय संबंध कौन सी करवट लेता है।

बांग्लादेश अकेला देश नहीं है जहां एक धर्मनिरपेक्ष शासन सत्ता दम तोड़ रही है। हजारों मील दूर पश्चिम एशिया में सीरिया में भी यही घटनाक्रम दिखाई दे रहा है। सीरिया पश्चिम एशिया में एकमात्र देश है जो लोकतांत्रिक होने के साथी धर्मनिरपेक्ष भी है। उस क्षेत्र में एक के बाद एक धर्मनिरपेक्ष देश का पतन होता रहा है। यह विडंबना है कि अमेरिका सहित पश्चिमी देशों ने लोकतांत्रिक और धर्मनिरपेक्ष शासन के खिलाफ कट्टरपंथी इस्लामी ताकतों का साथ दिया है। सीरिया में भी यही दोहराया जा रहा है। पूरे घटनाक्रम में खलनायक की भूमिका तुर्की के राष्ट्रपति यर्दोगन निभा रहे हैं। गाजा में इस्त्राइल की ओर से जारी नरसंहार के खिलाफ यर्दोगन बढ़-चढ़ कर बोलते रहे हैं। लेकिन अब जग-जाहिर है कि उन्होंने फिलिस्तीन और इस्त्राइल के खिलाफ प्रतिरोध की शक्तियों के साथ विश्वासघात किया है। फिलहाल, सीरिया के राष्ट्रपति बशर-अल-असद को केवल रूस और ईरान का सहारा है। तुर्की के समर्थन से जेहादी लड़ाकू राजधानी दमिश्क की ओर बढ़ रहे हैं। रूस की वायु सेना उन पर बमबारी कर रही है जिससे उनकी बढ़त धीमी है। सीरिया में रूस के नौसैनिक और वायु सैनिक अड्डे. हैं। इनकी सुरक्षा के लिएवह हरसंभव उपाय करेगा। यूक्रेन-रूस युद्ध में उलझे होने के कारण रूस पर्याप्त ताकत सीरिया में नहीं झोंक सकता लेकिन इसके बावजूद उसके पास इतनी सैन्य शक्ति अवश्य है कि अपने सैनिक अड्डों और दमिश्क की सुरक्षा कर सके। पश्चिम एशिया के बदलते स्वरूप को लेकर ईरान भी बहुत चिंतित है। इस क्षेत्र में सीरिया और हिज्बुल्लाह उसके प्रमुख सहयोगी हैं। हिज्बुल्लाह की ताकत कम हो गई है तथा सीरिया का भविष्य अनिश्चित है। ऐसे में ईरान को आशंका है कि अगला निशाना वही बनेगा। दुर्भाग्यपूर्ण है कि सीरिया के घटनाक्रम ने गाजा की मानवीय त्रासदी से दुनिया का ध्यान हटा दिया है। पूरी बहस शिया-सुन्नी वैमनस्य और प्रतिस्पर्धा पर केंद्रित हो गई है। पश्चिम एशिया के सुन्नी बहुल देश शिया शासन वाले सीरिया की मदद के लिए सामने नहीं आ रहे हैं। इसके विपरीत वे बशर-अल-असद की सत्ता के पतन का इंतजार कर रहे हैं।

# संगम की रेती पर तीन घंटे रहेंगे पीएम मोदी

## मुख्यमंत्री ने अफसरों संग बैठक में प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर विस्तार से चर्चा की





**प्रयागराज।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रयागराज में करीब तीन घंटे तक रहेंगे। इस दौरान वह गंगा पूजन कर महाकुंभ की शुरूआत करेंगे। साथ ही सात हजार करोड़ रुपये से अधिक की करीब 700 परियोजनाओं का लोकार्पण भी करेंगे। शनिवार को प्रयागराज आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुंभ एवं प्रधानमंत्री के कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की तथा जरूरी निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने अफसरों संग बैठक में प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर विस्तार से चर्चा की। साथ ही पूरे आयोजन का खाका खींचा। इसके अनुसार प्रधानमंत्री विशेष विमान से करीब 11 बजे बमरौली एयरपोर्ट पर उतरेंगे। वहां से हेलिकॉप्टर से अरैल आएंगे। अरैल से निषादराज क्रूज पर सवार हो किला घाट आएंगे। फिर संगम पहुंचकर गंगा पूजन करेंगे। प्रधानमंत्री इस मौके पर संतों संग वार्ता भी करेंगे। प्रधानमंत्री अक्षयवट, पातालपुरी एवं हनुमान मंदिर में दर्शन पूजन करेंगे। साथ ही कॉरिडोर का लोकार्पण करेंगे। उनका भरद्वाज आश्रम जाने का कार्यक्रम भी प्रस्तावित है। हालांकि, इसके लिए अभी पीएमओ से स्वीकृति मिलनी बाकी है। इसके बाद प्रधानमंत्री संगम नोज पर तैयार हो रहे पंडाल में सभा को संबोधित करेंगे। इससे पहले वह 7000 करोड़ रुपये की करीब 700 निर्माण परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे। इनमें से 3800 करोड़ रुपये की 400 से अधिक परियोजना महाकुंभ की हैं। इनके अलावा रेलवे, एनएचएआई समेत अन्य केंद्रीय विभागों की परियोजनाएं हैं। प्रधानमंत्री इस मौके पर वर्चुअल माध्यम से शृंग्वेरपुर में बने निषादराज पार्क समेत अन्य परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे। साथ ही शृंग्वेरपुर में प्रस्तावित गंगा रिवर फ्रंट एवं संग्रहालय का शिलान्यास भी करेंगे। 27 नवंबर को प्रयागराज आए मुख्यमंत्री की ओर से पूर्व में 6500 करोड़ रुपये की परियोजनाओं के लोकार्पण की घोषणा की गई थी। हालांकि, अब इनमें कई अन्य निर्माण भी शामिल हो गए हैं। मेलाधिकारी विजय किरन आनंद ने बताया कि लोकार्पण वाली परियोजनाओं की विभागवार सूची तैयार की जा रही। अभी इनकी संख्या और बढ़ सकती है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री के हाथों पांच करोड़ रुपये या इससे अधिक लागत वाली स्थायी निर्माण परियोजनाओं का लोकार्पण किया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अफसरों संग बैठक में महाकुंभ के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने पूरे हो चुके कार्यों पर संतोष जताया। साथ ही सभी कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसी क्रम में मुख्यमंत्री ने अन्य परियोजनाओं को भी 10 दिसंबर तक पूरा कर लेने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने मेले की बसावट, संगम पर सकुर्लेटिंग एरिया बढ़ाने के लिए ड्रेजिंग आदि कार्यों में अपेक्षित तेजी लाने की बात कही। इसके लिए उन्होंने जरूरी संसाधन एवं श्रमिकों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने डिजिटल महाकुंभ की बात भी कही। प्रधानमंत्री शृंग्वेरपुर धाम तो नहीं जाएंगे लेकिन निषादराज की चर्चा हर जगह रहेगी। प्रधानमंत्री ऑनलाइन माध्यम से निषादराज पार्क, भगवान राम एवं निषादराज की गले मिलते प्रतिमा एवं घाट का भी लोकार्पण करेंगे। इसी के साथ वहां प्रस्तावित गंगा रिवर फ्रंट एवं संग्रहालय का शिलान्यास भी करेंगे। इन पर करीब 350 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इन परियोजनाओं के लोकार्पण एवं शिलान्यास के लिए प्रधानमंत्री को शृंग्वेरपुर जाने का कार्यक्रम प्रस्तावित था लेकिन मुख्यमंत्री की बैठक में स्पष्ट किया गया कि प्रधानमंत्री शृंग्वेरपुर नहीं जाएंगे। हालांकि, वर्चुअल लोकार्पण के दौरान संबंधित विभाग के अफसर तथा अन्य लोग शृंग्वेरपुर में मौजूद रहेंगे। प्रधानमंत्री संगम नोज पर गंगा पूजन से पहले संतों से वार्ता करेंगे। वार्ता में अखाड़ों, खाक चौक, दंडीबाड़ा, आचार्यबाड़ा संग अन्य संस्थाओं के संत शामिल रहेंगे। मुख्यमंत्री ने इसकी जानकारी देने के साथ संतों का भी आह्वान किया। इसके लिए मेला प्रशासन की ओर से संतों को आमंत्रण भी भेजा जाएगा। मुख्यमंत्री ने संतों को प्रधानमंत्री की सभा के लिए आमंत्रित किया। नैनी में फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट के निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने नालों की टैपिंग, एसटीपी के निर्माण, नालों एवं सीवर लाइन के गंदे पानी के शोधन आदि के बारे में भी जानकारी ली। इस दौरान जल निगम के अफसरों ने रसूलाबाद एसटीपी की भी फाइल दिखाई। इससे पहले समीक्षा बैठक में महापौर गणेश केसरवानी की ओर से मुख्यमंत्री को जानकारी दी गई थी कि उनके निर्देश पर रसूलाबाद घाट का नामकरण चंद्रशेखर आजाद के नाम पर हो गया। ऐसे में मुख्यमंत्री फाइल में भी रसूलाबाद की जगह चंद्रशेखर आजाद घाट लिए जाने का निर्देश दिया।

## नई दिशा: पर्यावरण संरक्षण को लेकर हुआ पौधरोपण

संवाददाता




**कुशीनगर।** नयी दिशा पर्यावरण सेवा संस्थान द्वारा पर्यावरण संरक्षण हेतु चलाये जा रहे पौधरोपण संग जन्मोत्सव अभियान के क्रम में रविवार को कसया निवासी श्रेया त्रिपाठी के जन्मदिन के अवसर पर बुद्ध नगरी कुशीनगर स्थित शिव मंदिर परिसर में विभिन्न प्रजाति के फूलदार पौधों का रोपण कर जन्मोत्सव की खुशियां साझा की गईं। पर्यावरण संरक्षण की पहल से जुड़कर जन्मोत्सव मनाते श्रेया उत्साहित नजर आईं और अपने साथियों के जन्मदिन पर भी पौधरोपण कराने की बात कही। इस दौरान फाजिलनगर विकास खंड स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय गौराखोर की शिक्षिका अरुणिमा गुप्ता के वैवाहिक वर्षगांठ पर भी पौधरोपण हुआ। इस अवसर पर शिक्षिका मधुलिका पूजा, ग्लोरियस ब्यूटी पार्लर की संचालिका नीलम त्रिपाठी, हजरत, मन्नत उपस्थित रहे।

## कुशीनगर में धम्म चारिका पदयात्रा का विशेष पूजन के साथ हुआ समापन

संवाददाता



**कसया, कुशीनगर।** सारनाथ वाराणसी से 16 नम्वबर को निकली 22 दिवसीय धम्म चरिका यात्रा कुशीनगर पहुंची। यात्रा का नेतृत्व कर रहे धम्मा लर्निंग सेंटर सारनाथ के संस्थापक भन्ते चंदिमा व भिक्षुओं एवं उपासकों का जगह जगह स्वागत किया गया। बुद्ध के विशेष पूजन,धम्म सभा व भोजन दान कार्यक्रम से यात्रा का समापन हुआ।रविवार को धम्म यात्रा कसया - देवरिया मार्ग, बुद्ध मार्ग होते हुए बुद्धा गेट कुशीनगर पहुंची। जहां से वापस म्यांमार मन्दिर पहुंची। आयोजित धम्म सभा में मुख्य अतिथि अग्ग महापण्डित भदन्त ज्ञानेश्वर ने कहा कि तथागत बुद्ध ने विश्व को करुणा, दया, शान्ति का संदेश दिया। पदयात्रा की परम्परा बुद्ध के समय से चली आ रही है। बुद्ध ने पंचशील और अष्टांगिक मार्ग का पालन करने और भिक्षु संघ को जनता के बीच जाकर जीवन जीने के मार्ग बताने का उपदेश दिया था। चरथ भिक्खवे चरिक उसी परम्परा का वाहक है। शाम को बोधि वृक्ष पर जलदान के पश्चात भिक्षुओं ने मुख्य मंदिर में बुद्ध की लेटी प्रतिमा के समक्ष पूजन अर्चन किया और चिवर चढ़ाकर विश्व कल्याण की कामना की। यात्रा का श्रीलंका बुद्ध बिहार, भिक्षु धर्म कीर्ति बुद्ध बिहार, थाई मन्दिर, तिब्बत बुद्ध मन्दिर, वर्मी मन्दिर के सामने यात्रा का भन्ते डॉ. नन्द रतन, भन्ते महेंद्र, भन्ते शील प्रकाश, भिक्षुणी धम्म नैना, भन्ते नंदका, भन्ते शीलवासा, भन्ते विमल कीर्ति, थाई भन्ते डॉ पी सोम पोंग, भन्ते सों क्रांन, पी नरोंग, पी दम, पी अनुवत, विनय कीर्ति, भन्ते कुन्चुक लामा, भन्ते उपाली, भन्ते आलोक, भन्ते मुलायम ने स्वागत किया। इसी क्रम में कसया में पूर्व विधायक रजनीकांत मणि त्रिपाठी, नपाप कुशीनगर अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश जायसवाल द्वारा यात्रा का स्वागत किया गया।

## आदर्श परिवार के निर्माण का संदेश: गायत्री परिवार ने दिया जीवन संस्कार

संवाददाता



**कुशीनगर।** फाजिलनगर कस्बे के जूनियर हाई स्कूल के प्रांगण में चल रहे 108 कुण्डीय नारी शक्ति संवर्द्धन गायत्री महायज्ञ के दौरान शनिवार को सायंकाल ज्ञान यज्ञ में शांतिकुंज हरिद्वार से आई टोली के साथ सुनील शर्मा ने वेदमूर्ति तपोनिष्ठ गुरुदेव पं. श्रीराम शर्मा आचार्य के आदर्श परिवार की संकल्पना पर व्याख्यान दिया। कहा कि जीवात्मा का परम लक्ष्य परमात्मा से मिलन है। धार्मिक आयोजन आत्मबोध का माध्यम हैं। सत्य, शाश्वत आत्मा और परमात्मा की अनुभूति जीवन का आधार है। उन्होंने बताया कि भगवान का अवतार करुणा और आर्त पुकार का उत्तर है। आदर्श परिवार की परिकल्पना पर सुनील शर्मा ने परम पूज्य गुरुदेव के आदर्श परिवार निर्माण के पंचशील पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि गृहस्थ आश्रम सबसे श्रेष्ठ आश्रम है, जो परिवार, समाज और राष्ट्र के निर्माण का आधार बनता है। बच्चों को संस्कारवान बनाना, उदारता और सहकार से परिवार को जोड़ना, और पचास की उम्र के बाद समाज के लिए समर्पित हो जाना, आदर्श जीवन का प्रतीक है। समाजसेवी पारसनाथ सिंह और केदार सिंह ने विधिवत पूजन कर ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ किया। इस दौरान गायत्री परिवार के संयोजक डा.डीएस तिवारी, डा. नित्यानंद श्रीवास्तव, अवकाश प्राप्त सार्जेंट अभिमन्यु पांडेय, शिवशंकर सिंह, त्रिवेणी सिंह, रमेश चन्द्र गुप्त, डा.राम एकबाल कुशवाहा, डा.हीरालाल श्रीवास्तव, आमोद कुमार उपाध्याय रामग्रहण सिंह, कन्हैयालाल स्वर्णकार,नीतीन बरनवाल, मुन्ना सिंह,नरेन्द्र मिश्र, सिम्पल उपाध्याय, कंचन उपाध्याय सिंधु बरनवाल, द्रोपदी देवी, राजपति देवी निर्मला देवी, ऊषा देवी सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## साहिल बजाज द्वारा सीएनजी बाइक फ्रीडम और इलेक्ट्रॉनिक स्कुटर लांच



संवाददाता

**कुशीनगर।** कसया तहसील क्षेत्र के टेकुआटार स्थिति साहिल बजाज एजेंसी पर पहली सीएनजी बाइक फ्रीडम 125 और इलेक्ट्रॉनिक स्कुटर चेतक को कसया एसएचओ गिरिजेश उपाध्याय व ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि सुधीर राव ने लांच किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा कि सड़क पर बजाज की गाड़ी रिकॉर्ड दिख रही है साहिल बजाज एजेंसी के प्रोपराइटर साहिल अहमद ने बताया कि इस बाइक में दो किग्रा सीएनजी एवं दो लीटर पेट्रोल का टैंक है। इससे 330 किलोमीटर की दूरी तय की जा सकती है। ग्राहको में बजाज फ्रीडम सीएनजी 125 बाइक को लेकर काफी उत्साह देखा जा रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता मजिमुल्लाह राही व संचालन मनीष ने किया।अतिथियों और ग्राहकों के प्रति शमीर अहमद ने आभार प्रकट किया लांचिंग के मौके पर अमरजीत यादव, ब्लाक प्रमुख दिग्विजयसिंह सिंह लक्षण, जिपंस प्रतिनिधि बलिराम राव, जिपंस प्रतिनिधि सतवंत यादव, भाजपा नेता संतोष सिंह, ज्ञानी जयसवाल, सत्य प्रकाश राव, बुलेट, प्रबीण, पांडेय, अमित राव, आनन्द राय, शिवाकांत ओझा, मुनाफ, अमित मदेशिया, फिरोज खान, शमसाद खान उपस्थित थे।

## लखनऊ में बिना लाइसेंस डॉग घुमाने वालों पर कार्रवाई




लखनऊ । बिना डॉग लाइसेंस के कुत्ते को टहलाना 7 लोगों को भारी पड़ गया। नगर निगम की पेट डॉग लाइसेंस चेकिंग अभियान के तहत 7 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई। इन लोगों पर करीब 35 हजार रुपए का जुमार्ना भी लगाया गया। लोग सुबह के समय कुत्ते को सैर कराने के लिए निकले थे। इसी दौरान नगर निगम की डॉग चेकिंग और डॉग कैचिंग स्क्वाड की टीम ने इन लोगों को बिना लाइसेंस के कुत्ता घुमाते हुए पकड़ लिया। पशु कल्याण अधिकारी डॉ. अभिनव वर्मा की टीम ने जोन -4 विजयंत खंड, विशाल खंड, लोहिया पार्क के पास चेकिंग की। इसमें 7 व्यक्तियों से कुल 35000 रुपए जुमार्ना वसूला गया। इस दौरान तुरंत लाइसेंस भी बनाया गया। कुल 42,000 रुपए नगर निगम कोष में जमा करवाए गए। टीम ने 1 लेब्राडोर नस्ल के कुत्ते को जब्त किया। जिसको जुमार्ना देने के बाद छोड़ा गया। लाइसेंस चेकिंग अभियान को देखकर कई लोग अपने कुत्तों को लेकर भाग गए। कई लोग ऐसे भी मिले जिनका लाइसेंस और वैक्सीनेशन कार्ड बना हुआ था। कुछ लोगों ने अपने कुत्तों को घर से ही नहीं निकाला। लाइसेंस न होने पर 5000 रुपए का जुमार्ना लगता है। वर्ष 2024-25 में अभी तक मात्र 3449 लाइसेंस बने हैं, जबकि वर्ष 2023-24 में 5600 और 2022-23 में 8200 डॉग लाइसेंस बने थे। लाइसेंस में कमी के कारण दिसंबर में प्रत्येक शनिवार को डॉग लाइसेंस चेकिंग अभियान चलाया जाएगा। विदेशी और उनके क्रॉस के लिए लाइसेंस शुल्क 1000 रुपए और देसी कुत्ते के लाइसेंस पर 200 रुपए लिए जाते हैं। लाइसेंस लखनऊ नगर निगम की वेबसाइट पर ऑनलाइन डॉग रजिस्ट्रेशन पर जाकर बन सकता है तथा पशु कल्याण अधिकारी कार्यालय,लालबाग नगर निगम मुख्यालय से किसी भी कार्य दिवस में बनवाए जा सकते हैं।

## संक्षिप्त डायरी

### धारदार हथियार से कत्ल कर सड़क किनारे झाडियों में शव को फेंका

संवाददाता



**हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर के मुस्करा थाना क्षेत्र के भाषण रोड किनारे झाडियों में 41साल के अर्जुन उर्फ मिथलेश पुत्र जियालाल पाल नामक गाँव निवासी व्यक्ति का शव पडा.होने की बंडवा प्रधान प्रताप सिंह ने सुबह साढ़े आठ बजे पडे.होने की जानकारी मुस्करा पुलिस को दी। जानकारी मिलते ही मुस्करा पुलिस और डाग स्क्वाड टीम ने मौके पर पहुँचकर जांच की, तो पता चला कि मृतक शराब पीने का आदी था, और गांव के ही दो लोगों के साथ एक दिन पहले शराब पीने की जानकारी मिली, और शराब पीने के दौरान मृतक और शराब पी रहे दोनों साथियों से किसी बात को लेकर कहा सुनी हो गई, और इसी कहा सुनी के दौरान किसी धारदार हथियार से दोनों साथियों ने मृतक को मौत के घाट उतार दिया। मौके पर की गई जांच में मृतक के सर पर चोट निशान मिले हैं। जबकि मृतक के शव को पोस्ट मार्टम के लिये भेज दिया गया है। मृतक की पत्नी की तहरीर पर गांव के ही दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। जबकि अभियुक्तों की तलाश की जा रही है।

### रोटरी क्लब ने 103 बच्चों को पिलाई पोलियो की दवा, चॉकलेट देकर पुचकारा



संवाददाता

**कसया, कुशीनगर।** राष्ट्रीय कार्यक्रम पल्स पोलियो अभियान के अंतर्गत रोटरी क्लब कुशीनगर द्वारा प्राथमिक विद्यालय कसया (कन्या) में बने पोलियो बूथ पर 0 से 5 वर्ष तक के कुल 103 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई। शुभारंभ नगर पालिका परिषद कुशीनगर के अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश कुमार जायसवाल ने कहा कि पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाने में रोटरी क्लब का योगदान प्रशंसनीय है। ऐसे प्रयास समाज को स्वस्थ और सुरक्षित बनाने में सहायक हैं। रोटरी क्लब अध्यक्ष वाहिद अली ने कहा कि रोटरी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पोलियो उन्मूलन के लिए वर्षों से कार्यरत है। यह अभियान बच्चों के स्वस्थ भविष्य के प्रति हमारी जिम्मेदारी को दशार्ता है। रोटरी स्वंयसेवकों ने बच्चों को दवा पिलाने के बाद चॉकलेट देकर पुचकारा। क्लब सचिव अजय कुमार सिंह ने सभी आगंतुकों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया और कहा कि स्वास्थ्य विभाग, यूनिसेफ, और सभी सदस्यों को धन्यवाद, जिनकी मदद से यह कार्यक्रम सफल हुआ। इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग की एचवी कैलाशी देवी और एएनएम आशिया, क्लब के उपाध्यक्ष दिनेश कुमार यादव, कोषाध्यक्ष दुर्गेश चतुर्वेदी, गौरव मद्धेशिया, रंजीत श्रीवास्तव, सभासद मनीष मिश्रा, आदिल खान, और यूनिसेफ के बीएमसी योगेश सिंह उपस्थित रहे।

### बाराबंकी का चाकूबाज टीचर 5वीं की छात्रा की पिटाई की



**बाराबंकी।** में टीचर ने युवक पर चाकू से हमला कर दिया। हुआ यूं कि टीचर ने होमवर्क न करने 5वीं की छात्रा को पीट दिया। छात्रा रोते हुए घर पहुंची और बड़े भाई को पूरी बात बताई। भाई स्कूल पहुंचकर टीचर से शिकायत की, तो वह भड़क गया। गाली-गलौज शुरू कर दी, फिर चाकू से युवक पर हमला कर दिया। बचाव करते समय युवक के हाथ पर चाकू लग गया। मामला थाना सुबेहा क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय टिकरहुंवा का है। घटना का वीडियो भी सामने आया है। टिकरहुंआ निवासी शकील की बहन गांव के जूनियर हाईस्कूल में कक्षा 5 में पढ़ती है। शुक्रवार को टीचर अजय शर्मा ने छात्रा को होमवर्क दिया था। शनिवार सुबह टीचर ने छात्रा का होमवर्क चेक किया, लेकिन उसने नहीं किया था। इसके बाद टीचर भड़क गया। पीड़ित छात्रा ने बताया- टीचर ने पहले थप्पड़ मारे, फिर छात्रों से छड़ी मांगकर मुझे पीटा। मैं रोते हुए घर पहुंची। डरी हुई थी। भाई शकील ने मुझसे रोने का कारण पूछा। मैंने उन्हें पूरी बात बताई। इसके बाद भाई मुझे लेकर लेकर स्कूल गए। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, शकील ने पहले प्रिंसिपल से टीचर की शिकायत की, फिर टीचर जिस क्लासरूम में पढ़ा रहा था, वहां गया। उसने टीचर से पूछा- इस तरीके बच्ची को क्यों मारा? यह सुनते ही टीचर भड़क गया। गाली देने लगे। चाकूबाजी देख बच्चे रोने लगे मामला बिगड़ता देख एक अन्य शिक्षक आरोपी के पास आए। उसे समझाने की कोशिश की, लेकिन वह नहीं माना। इसी बीच उसने जेब से चाकू निकाली और शकील को दौड़ा लिया। बचने के चक्कर में शकील को चाकू लग गया। उसके हाथ से ब्लड निकलने लगा। यह देखकर अन्य बच्चे भी दहशत में आ गए। रोने लगे। इसके बाद अन्य टीचरों ने आरोपी से चाकू छीना। तब जाकर शकील की जान बची। शकील ने सुबेहा थाने में शिकायत दी है।

### एक लीटर केमिकल से 500 लीटर नकली दूध तैयार

**बुलंदशहर।** एक लीटर केमिकल से 500 लीटर दूध तैयार किया जा रहा है। फॉर्मूला भी ऐसा कि नकली दूध का फैट कंट्रोल हो जाए और मशीन की पकड़ में भी न आए। यूपी के बुलंदशहर में फूड सेफ्टी विभाग ने 4-5 दिसंबर को तीन जगह छापेमारी की। खुलासा हुआ कि व्यापारी अजय अग्रवाल ने कई केमिकल मिलाकर नकली दूध और पनीर बनाने का फॉर्मूला ईजाद किया है। ये फॉर्मूला वह गांव-देहात के छोटे-बड़े मिल्क सेलरों को बांट रहा था। नकली दूध में नेचुरल मिठास बनाने के लिए दो साल पहले एक्सपायर हो चुका सिंथेटिक सिरप यूज किया जा रहा था, जो सामान्यतः स्टारबक्स की कॉफी में डाला जाता है। नकली दूध बनाने वाले सामान की सप्लाई दिल्ली-एनसीआर के छोटे-बड़े मिल्क सेलरों को थी। नकली पनीर दिल्ली-नोएडा तक सप्लाई होता था।




## भारत में एफडीआई निवेश 1,000 अरब डॉलर के पार

**नई दिल्ली ।** भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) प्रवाह अप्रैल 2000 से सितंबर 2024 के दौरान 1,000 अरब अमेरिकी डॉलर को पार कर गया है। इससे वैश्विक स्तर पर एक सुरक्षित और प्रमुख निवेश गंतव्य के रूप में देश की प्रतिष्ठा को मान्यता मिलती है। उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के आंकड़ों के अनुसार इक्विटी, पुनर्निवेशित आय और अन्य पूंजी सहित एफडीआई की कुल राशि इस अवधि के दौरान 1,033.40 अरब अमेरिकी डॉलर रही। आंकड़ों के मुताबिक लगभग 25 प्रतिशत एफडीआई मॉरीशस मार्ग से आया। इसके बाद सिंगापुर (24 प्रतिशत), अमेरिका (10 प्रतिशत), नीदरलैंड (सात प्रतिशत), जापान (छह प्रतिशत), ब्रिटेन (पांच प्रतिशत), यूएई (तीन प्रतिशत) और केमैन आइलैंड्स, जर्मनी और साइप्रस की हिस्सेदारी रही।आंकड़ों के अनुसार समीक्षाधीन अवधि के दौरान भारत को मॉरीशस से 177.18 अरब अमेरिकी डॉलर, सिंगापुर से 167.47 अरब अमेरिकी डॉलर और अमेरिका से 67.8 अरब अमेरिकी डॉलर मिले। इनमें से ज्यादातर निवेश सेवा क्षेत्र, कंप्यूटर सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर, दूरसंचार, व्यापार, निर्माण विकास, ऑटोमोबाइल, रसायन और दवा क्षेत्र में आया।

## पूर्वोत्तर राज्यों में 123 किलोग्राम मेथामफेटामाइन जब्त किया गया

**- वित्त वर्ष 2023-24 में आठ मामलों में 136 किलोग्राम मेथामफेटामाइन जब्त किया गया**

**नई दिल्ली ।** चालू वित्त वर्ष में असम और मिजोरम जैसे पूर्वोत्तर के राज्यों में मादक पदार्थ मेथामफेटामाइन की जब्ती में वृद्धि हो रही है। राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने अप्रैल-सितंबर के दौरान 123 किलोग्राम मेथामफेटामाइन जब्त किया है। मेथामफेटामाइन, जिसे आइस या क्रिस्टल मेथ के रूप में भी जाना जाता है, भारत में कानून प्रवर्तन एजेंसियों के लिए एक महत्वपूर्ण चुनौती बन गया है। डीआरआई की रिपोर्ट के अनुसार तस्करी की जांच से संकेत मिलता है कि मेथामफेटामाइन को अंडमान सागर और बंगाल की खाड़ी में समुद्री मार्गों के माध्यम से अवैध रूप से भारत में लाया जा रहा है। तस्करी के लिए नशीली दवाओं को तटीय इलाकों में बसों, ट्रेनों या कारों में विशेष रूप से तैयार किए गए डिब्बों में छुपाकर लाया जाता है। वित्त वर्ष 2024-25 की पहली छमाही में डीआरआई ने 11 मामलों में 123 किलोग्राम मेथामफेटामाइन जब्त किया। वित्त वर्ष 2023-24 की पूरी अवधि में आठ मामलों में 136 किलोग्राम मेथामफेटामाइन जब्त किया गया। डीआरआई की पिछली रिपोर्ट के अनुसार 136 किलोग्राम मेथामफेटामाइन की अवैध बाजार में कीमत 274.75 करोड़ रुपये है। शासन ने इस विषय पर ध्यान देने की जरूरत बताई है और तस्करी को रोकने के लिए सख्त कार्रवाई की जाने की मांग की है।

## होंडा की तीन नई कारें लॉन्च करने की योजना

**नईदिल्ली ।** भारतीय बाजार में होंडा कार्स इंडिया ने 2026-2027 तक तीन नई कारें लॉन्च करने की योजना है। इन कारों में एक कंपनी की पहली पूरी तरह से इलेक्ट्रिक (ईवी) कार होगी । होंडा कार्स इंडिया के प्रेसिडेंट और सीईओ, ताकुया त्सुमुरा ने इस योजना की जानकारी दी। यह इलेक्ट्रिक कार होंडा की नई एसयूवी एलिवेट पर आधारित होगी, जिसे विशेष रूप से इलेक्ट्रिक वाहन के लिए डिज़ाइन किया जाएगा। त्सुमुरा ने बताया कि 2025 में भारत में इलेक्ट्रिक कारों का बाजार और भी प्रतिस्पर्धी होगा, क्योंकि महिंद्रा, मारुति सुजुकी, हुंडई और किआ जैसी कंपनियां अपनी इलेक्ट्रिक कारें लॉन्च करने की तैयारी में हैं। हालांकि, होंडा 2025-26 में कोई नई कार लॉन्च नहीं करेगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि कंपनी की आगामी इलेक्ट्रिक कार केवल एलिवेट में बैटरी डालने से तैयार नहीं होगी, बल्कि यह एक नई पूरी तरह से ईवी डिज़ाइन होगी। होंडा का लक्ष्य 2030 तक अपनी दुनिया भर में कारों का दो-तिहाई हिस्सा इलेक्ट्रिक करने का है, और 2040 तक उनकी सभी कारें इलेक्ट्रिक होंगी। त्सुमुरा ने यह भी कहा कि इलेक्ट्रिक कारों की बिक्री में वृद्धि की उम्मीद उतनी तेजी से नहीं होगी जितनी पहले थी, लेकिन चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार हो रहा है और लोग धीरे-धीरे इलेक्ट्रिक कारों को अपनाने लगे हैं।

# अदाणी के सौर ऊर्जा अनुबंध में शुल्क प्रतिस्पर्धा से कम, मिल सकता है नया खरीदार: विश्लेषक

**- कंपनी पर अमेरिका में रिश्वत देने के आरोप लगे हैं, समूह ने सभी आरोपों से किया है इनकार**

**नई दिल्ली ।**


विश्लेषकों का कहना है कि अदाणी समूह के सौर ऊर्जा अनुबंध में शुल्क प्रतिस्पर्धा से कम है और समझौता रद्द होने की स्थिति में कंपनी को नए खरीदार मिलने की संभावना दिखाई दे रही है। गौरतलब है कि कंपनी पर अमेरिका में रिश्वत देने के आरोप लगे हैं। अमेरिकी अधिकारियों ने अदाणी समूह के संस्थापक एवं चेयरमैन गौतम अदाणी और अन्य पर अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) के आठ गीगावाट सौर ऊर्जा की आपूर्ति का ठेका प्राप्त करने के लिए भारतीय अधिकारियों को 26.5 करोड़ अमेरिकी डॉलर की रिश्वत देने में शामिल होने का आरोप लगाया है। समूह ने सभी आरोपों से इनकार किया है। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि अगर अदाणी के प्रवर्तक दोषी पाए जाते हैं, तो हमारा मानना है कि संभावित जुर्माना दिया जा सकता है, क्योंकि यह रिश्वत के मूल्य से तीन गुना तक हो सकता है। ब्रोकरेज ने कहा कि फरवरी-मार्च से गुजरात में करीब 1.8 गीगावाट की सौर परियोजनाएं शुरू हो रही हैं, जिनका शुल्क 25 साल के बिजली खरीद समझौतों (पीपीए) के तहत 2.42 रुपये प्रति यूनिट है। इसमें आगे कहा गया कि इस तरह के शुल्क स्तर बहुत अधिक नहीं है और इन प्रभावित परियोजनाओं पर संभावित पीपीए रद्द होने के बावजूद, एजीईएल को इन परियोजनाओं के लिए नीलामी के जरिये फिर से अनुबंध हासिल करने में सक्षम होना चाहिए, जिसमें शुल्क स्तरों में कोई महत्वपूर्ण कमी नहीं होगी। न्यूयॉर्क की अदालत में अमेरिकी न्याय विभाग के अभियोग दायर करने के बावजूद समूह को वित्तपोषण चैनलों तक पहुंच जारी रहेगी।

## निसान ने की कुल 513,241 यूनिट्स की बिक्री

**नईदिल्ली ।** भारतीय बाजार में निसान मोटर इंडिया ने अपनी बिक्री के 5 लाख यूनिट्स का आंकड़ा पार कर लिया है। अब तक कंपनी ने कुल 513,241 यूनिट्स की बिक्री की है। इस बिक्री में नवंबर महीने की 9,040 इकाइयों की थोक बिक्री भी शामिल है, जिसमें सबसे ज्यादा डिमांड निसान की एसयूवी, निसान मैग्नाइट के लिए देखी गई। इन 9,040 इकाइयों में से 2,342 यूनिट्स घरेलू स्तर पर बेची गईं, जबकि 6,698 इकाइयों का निर्यात किया गया। नवंबर में थोक डिस्पैच में अक्टूबर के मुकाबले 62प्रतिशत की वृद्धि हुई, जिसमें अक्टूबर में केवल 5,570 यूनिट्स की बिक्री हुई थी। निर्यात में भी उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई, जहां अक्टूबर में 2,449 यूनिट्स का निर्यात किया गया था, वहीं नवंबर में यह आंकड़ा 173.5 प्रतिशत बढ़कर 6,698 यूनिट्स तक पहुंच गया। निसान मोटर इंडिया के प्रबंध निदेशक, सौरभ वत्स ने इस सफलता पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि निसान अपनी भारतीय परिचालन, डीलरों, भागीदारों और ग्राहकों के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने यह भी कहा कि निसान इस साल की शुरुआत में निसान एक्स-ट्रेल और न्यू निसान मैग्नाइट के लॉन्च के समय अपनी योजनाओं के ट्रैक पर बने हुए हैं।

## अगले सप्ताह आईपीओ बाजार में होगी हलचल

**पांच मुख्य बोर्ड, छह एसएमई 18,500 करोड़ रुपये जुटाने को पेश करेंगी आईपीओ**




**नई दिल्ली ।** अगले सप्ताह आईपीओ बाजार में हलचल मचने वाली है। विशाल मेगा मार्ट, टीपीजी कैपिटल समर्थित साई लाइफ साइंसेज और वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी वन मोबिक्विक सिस्टम्स जैसी 11 कंपनियां अपने आरंभिक शेयर बिक्री (आईपीओ) के लिए तैयार हैं, जिनका सामूहिक लक्ष्य लगभग 18,500 करोड़ रुपये जुटाना है। इस दौरान पेश किए जाने वाले मुख्य बोर्ड के अन्य आईपीओ में इन्वेंटुरस नॉलेज सॉल्यूशंस लिमिटेड और ब्लैकस्टोन के स्वामित्व वाली डायमंड ग्रेडिंग कंपनी इंटरनेशनल जेमोलॉजिकल इंस्टीट्यूट (इंडिया) लिमिटेड शामिल हैं। पांच मेनबोर्ड आईपीओ के साथ, छह सूक्ष्म एवं लघु उद्यम (एसएमई) अगले सप्ताह अपने पहले सार्वजनिक निर्गम जारी करने की तैयारी कर रहे हैं। इनका लक्ष्य सामूहिक रूप से 150 करोड़ रुपये से अधिक जुटाने का है। साल 2024 में अब तक हुंदै मोटर इंडिया, स्विगी, एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी, बजाज हाउसिंग फाइनेंस और ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी सहित 78 मुख्य बोर्ड की कंपनियों ने मुख्य बोर्ड के माध्यम से सामूहिक रूप से लगभग 1.4 लाख करोड़ रुपये जुटाए हैं। यह 2023 में इस मार्ग से 57 कंपनियों द्वारा जुटाए गए 49,436 करोड़ रुपये से कहीं अधिक है। विशाल मेगा मार्ट, साई लाइफ साइंसेज और मोबिक्विक के आईपीओ 11 दिसंबर को सार्वजनिक सदस्यता के लिए खुलेंगे और 13 दिसंबर को बंद होंगे।इन्वेंटुरस नॉलेज सॉल्यूशंस और इंटरनेशनल जेमोलॉजिकल इंस्टीट्यूट के तीन दिन के आईपीओ क्रमशः 12 दिसंबर और 13 दिसंबर को खुलेंगे।

# दोहा फोरम में इगोर सेचिन ने कहा: वैश्विक ऊर्जा सुरक्षा में जीवाश्म ईंधन की भूमिका रणनीतिक होती जा रही है

**दोहा।**



रोसनेफ्ट के सीईओ इगोर सेचिन ने कतर की राजधानी दोहा में 7-8 दिसंबर को आयोजित XXII दोहा फोरम में 'संघर्षों के आर्थिक पहलू' विषय पर भाषण दिया। उनका यह भाषण फोरम के सबसे बड़े मंच अल दफना हॉल में हुआ, जिसमें लगभग 1400 लोग बैठ सकते हैं। उनकी प्रस्तुति के दौरान हॉल पूरी तरह भरा हुआ था।दोहा फोरम 2003 से आयोजित हो रहा है। यह अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा, ऊर्जा परिवर्तन और स्थायी आर्थिक विकास जैसे विषयों पर चर्चा के लिए जाना जाता है। इस वर्ष फोरम के उद्घाटन समारोह में कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी और प्रधानमंत्री व विदेश मंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान अल थानी ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया। फोरम में विश्व के प्रमुख नेता, मंत्री, बड़े संगठनों के प्रमुख, विशेषज्ञ और प्रसिद्ध हस्तियां स्पीकर के तौर पर आते हैं। इगोर सेचिन ने अपने भाषण में बताया कि नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत तेजी से बढ़ती ऊर्जा मांग को पूरा करने में सक्षम नहीं हैं। खासकर विकासशील देशों और डेटा सेंटरों की बढ़ती जरूरतों को देखते हुए। उन्होंने कहा, वैश्विक ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने में जीवाश्म ईंधन की भूमिका अब रणनीतिक होती जा रही है। उन्होंने ऊर्जा बाजार में अस्थिरता (वोलैटिलिटी) की समस्या पर भी चर्चा की। सेचिन के अनुसार, राजनीतिक उद्देश्यों के लिए ऊर्जा का उपयोग करना इस अस्थिरता का मुख्य कारण है। ऊर्जा सुरक्षा, जो ऊर्जा क्षेत्र का मुख्य उद्देश्य है, अब प्राथमिकता नहीं रही। सेचिन ने यह भी कहा कि अगर विकासशील देशों के जीवन स्तर को विकसित देशों के आधे स्तर तक भी लाना है, तो तेल उत्पादन लगभग दोगुना करना होगा। इसके साथ ही भारत, दक्षिण-पूर्व एशिया और अफ्रीका जैसे तेजी से बढ़ते क्षेत्रों की ऊर्जा मांग को पूरा करने के लिए अधिक संसाधन उपलब्ध कराने होंगे।

# वैश्विक रुझानों, एफआईआई के रुख से तय होगी शेयर बाजार की चाल

**- रुपया-डॉलर विनिमय दर और कच्चे तेल की कीमतों से भी निवेशकों की भावना प्रभावित होगी**

**मुंबई ।**

इस सप्ताह घरेलू और वैश्विक व्यापक आर्थिक आंकड़ों के साथ ही वैश्विक रुझानों और विदेशी निवेशकों के रुख से शेयर बाजारों की चाल प्रभावित होगी। विश्लेषकों ने यह अनुमान जताते हुए कहा कि इसके अलावा रुपया-डॉलर विनिमय दर और कच्चे तेल की कीमतों से भी निवेशकों की भावना प्रभावित होगी। बाजार के विशेषज्ञों ने कहा कि घरेलू शेयर बाजारों को वैश्विक संकेतों, घरेलू आर्थिक संकेतकों और विदेशी तथा घरेलू संस्थागत निवेशकों के रुख से आगे की दिशा मिलेगी। उन्होंने कहा कि रुपये की विनिमय दर और कच्चे तेल की कीमत जैसे प्रमुख कारक भी बाजार के रुझानों को तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर, भू-राजनीतिक तनाव चुनौतियां पेश करते रहते हैं। हालांकि, डॉलर सूचकांक और अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में हालिया गिरावट ने भारत जैसे उभरते बाजारों के लिए अधिक अनुकूल माहौल बनाया है।` पिछले हफ्ते बीएसई सेंसेक्स 1,906.33 अंक उछला, जबकि एनएसई निफ्टी में 546.7 अंक की बढ़त हुई। बाजार के




जानकारों ने कहा कि दिसंबर की शुरुआत में एफआईआई के एक बार फिर खरीदारी शुरू करने से बाजार की धारणा सकारात्मक हुई है।

## भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति पर चर्चा


**- अगले वर्ष तक रेपो रेट 6.5 फीसदी पर अपरिवर्तित रहेगी**

**नई दिल्ली ।** भारतीय रिजर्व बैंक ने हाल ही में अपनी मौद्रिक नीति पर चर्चा करते हुए ब्याज दरों में कोई कटौती नहीं की। अगले वर्ष तक रेपो रेट 6.5 फीसदी पर अपरिवर्तित रहेगी, जबकि कैश रिजर्व रेशियो 0.50 फीसदी कम किया गया है। रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने महंगाई से राहत दिलाने को अपनी प्राथमिकता बताई है। महंगाई दर 14 महीने के सबसे उच्च स्तर पर पहुंच गई है और इसके कारण रिजर्व बैंक की टारगेट रेंज को 2 से 6 फीसदी में रखने का प्रयास किया जा रहा है। महंगाई दर की इस बढ़ोतरी के बावजूद, गवर्नर शक्तिकांत दास अभी भी ब्याज दरों में कटौती करने के अनुकूल नहीं हैं। इसके साथ ही भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन के नक्शेकदम पर चलते हुए गवर्नर शक्तिकांत दास का रुख दिखाई दे रहा है। रघुराम राजन ने भी अत्यधिक महंगाई के समय ब्याज दरों को बढ़ाया था, अगर भी सरकार चाहे तो वे कदम नहीं उठा पाए थे। वित्त और उद्योग मंत्रियों ने भी ब्याज दरें कम करने की मांग की है ताकि व्यापारियों को विस्तार और कैपेसिटी बढ़ाने के लिए सस्ता पैसा मिल सके। इस सभी चर्चाओं के बीच, अभी तक कोई निर्णय सुनिश्चित नहीं हुआ है की ब्याज दरों में कटौती होगी या नहीं।

# भूटान में 2029 में चालू होगी खोरलोचू जलविद्युत परियोजना : टाटा पावर

**नई दिल्ली ।**

टाटा पावर का भूटान में 6,900 करोड़ रुपये की खोरलोचू जलविद्युत परियोजना का निर्माण कार्य शुरू हो गया है और संयंत्र के 2029 तक शुरू होने की संभावना है। यह 600 मेगावाट की परियोजना पड़ोसी देश के पूर्वी हिस्से में खोलोंगचू नदी पर विकसित की जा रही है। यह बात टाटा पावर के एक अधिकारी ने कही है। भारत के बाहर जलविद्युत परियोजनाओं की योजनाओं पर एक सवाल के जवाब में अधिकारी ने बताया कि हम भूटान पर नजर रख रहे हैं। खोरलोचू में 600 मेगावाट की परियोजना के लिए काम पहले ही शुरू हो चुका है, सुरंग का काम चल रहा है। उन्होंने कहा कि परियोजना सितंबर 2029 में शुरू होने की संभावना है। टाटा पावर और भूटान स्थित ड्रुक ग्रीन पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (जीजीपीसी) ने अगस्त में 6,900 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से जलविद्युत परियोजना विकसित करने के लिए




साझेदारी की थी। इस साझेदारी के तहत टाटा पावर का सार्वजनिक-निजी भागीदारी वाली कंपनी खोरलोचू हाइड्रो पावर लिमिटेड में 40 प्रतिशत इक्विटी निवेश शामिल है। उन्होंने कहा कि साझेदारी के तहत भूटान में 1,125 मेगावाट की एक और परियोजना स्थापित की जाएगी। दोरजिलुंग एचईपी (जलविद्युत परियोजना) का निर्माण-पूर्व कार्य जनवरी 2025 में शुरू होगा और परियोजना के 2031 के मध्य तक चालू होने की उम्मीद है।

# नए साल में हुंडई बढाएगी अपनी कारों की कीमत

**नई दिल्ली ।**

नए साल में हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड ने अपने वाहनों की कीमते बढ़ाने का फैसला लिया है। कंपनी ने नए साल में 25,000 रुपये तक की वृद्धि करने की घोषणा की है। हुंडई ने बताया कि कच्चे माल की लागत, महंगे एक्सचेंज रेट और बढ़ती लॉजिस्टिक्स लागत के कारण यह कदम उठाना पड़ा है। एचएमआईएल के मुख्य परिचालन अधिकारी, तरुण गर्ग ने कहा कि कच्चे माल की कीमतों में निरंतर वृद्धि के कारण कंपनी के लिए इसे कीमतों में हल्के बदलाव के रूप में ग्राहकों पर असर डालने से बचना संभव नहीं था। यह मूल्य वृद्धि सभी मॉडलों पर लागू होगी, और कीमतों में वृद्धि की सीमा 25,000 रुपये तक होगी। वर्तमान में, एचएमआईएल की विभिन्न वाहन श्रृंखलाओं की कीमतें 5.92 लाख रुपये से लेकर 46.05 लाख रुपये तक हैं। हालांकि, कंपनी ने यह भी कहा कि वह हमेशा बढ़ती लागत को अपने ऊपर लेने की कोशिश करती है, ताकि ग्राहकों पर इसका न्यूनतम प्रभाव पड़े। इसके साथ ही, हुंडई मोटर ग्रुप ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (आईआईटी) के साथ एक नई साझेदारी की घोषणा की है। हुंडई ने आईआईटी दिल्ली में एक हुंडई उत्कृष्टता केंद्र (सीओई) स्थापित करने का भी निर्णय लिया है, जिसका उद्देश्य भारतीय बाजार की विशिष्ट आवश्यकताओं के लिए बैटरी और इलेक्ट्रिक वाहन टेक्नोलॉजी में नवाचार को बढ़ावा देना है। इस साझेदारी के तहत,




कंपनी बैटरी और इलेक्ट्रिक वाहनों के क्षेत्र में अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए आईआईटी दिल्ली, आईआईटी बॉम्बे और आईआईटी मद्रास के साथ काम करेगी। यह पांच सालों तक चलने वाली साझेदारी होगी, जिसमें लगभग 70 लाख डॉलर का निवेश किया जाएगा।

# सरसों तेल-तिलहन, सोयाबीन तिलहन में गिरावट, मूंगफली

**विदेशी बाजारों में भाव सुधरने से पाम-पामोलीन तेल में हुआ सुधार**

**नई दिल्ली ।**

विदेशों के साथ साथ स्थानीय मांग कमजोर रहने की वजह से बीते सप्ताह देश के खाने के तेल-तिलहन बाजार में सरसों एवं सोयाबीन तिलहन के भाव में गिरावट दर्ज हुई। जबकि विदेशों में भाव सुधरने से सोयाबीन तेल, कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तेल तथा सस्ता होने के बीच जाड़े की मांग बढ़ने से मूंगफली तेल-तिलहन तथा बिनौला तेल के दाम में सुधार दर्ज हुआ। बाजार के जानकारों ने कहा कि बीते सप्ताह मांग कमजोर रहने के बीच सरसों तेल-तिलहन कीमतों में गिरावट आई। कीमत की इस गिरावट की वजह से मंडियों में सरसों की आवक भी घटी है जो पहले के लगभग दो लाख बोरी से घटकर 1.40-1.45 लाख बोरी रह गई। जबकि देश में सरसों की रोजाना मांग 3.5-4 लाख बोरी की है। बीते सप्ताह सरसों दाने का थोक भाव 50 रुपये की गिरावट के साथ 6,575-6,625 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। सरसों दादरी तेल का थोक भाव 75 रुपये की गिरावट के साथ 13,725 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। सरसों पक्की और कच्ची घानी तेल का भाव क्रमशः 10-10 रुपये की गिरावट के साथ क्रमशः 2,275-2,375 रुपये और 2,275-2,400 रुपये टिन (15 किलो) पर बंद हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में सोयाबीन दाने और सोयाबीन लूज का थोक भाव क्रमशः 200-200 रुपये की गिरावट के साथ क्रमशः 4,300-4,350 रुपये और 4,000-4,035 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। दूसरी ओर सोयाबीन दिल्ली और सोयाबीन इंदौर के दाम क्रमशः 10 रुपये, 25 रुपये के मामूली सुधार के साथ क्रमशः 13,885 रुपये और 13,850 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुए। सोयाबीन डीगम तेल का भाव 9,885 रुपये क्विंटल पर अपरिवर्तित बने रहे। समीक्षाधीन सप्ताह में मूंगफली तेल-तिलहन कीमतों में पिछले सप्ताहांत के मुकाबले सुधार देखने को मिली। मूंगफली तिलहन का भाव 150 रुपये सुधरकर 6,250-6,625 रुपये क्विंटल पर बंद हुआ वहीं मूंगफली तेल गुजरात 400 रुपये की तेजी के साथ 14,500 रुपये क्विंटल और मूंगफली साल्वेंट रिफाइंड तेल का भाव 55 रुपये की तेजी दर्शाता 2,185-2,485 रुपये प्रति टिन पर बंद हुआ।

## शीर्ष 10 में से छह मूल्यवान कंपनियों का मार्केट कैप दो लाख करोड़ बढ़ा

**- टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और एचडीएफसी बैंक सबसे ज्यादा लाभ में रहे**



**नई दिल्ली ।**

देश की प्रमुख 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में छह का कुछ बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) पिछले सप्ताह 2,03,116.81 करोड़ रुपये बढ़ गया। इसमें टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और एचडीएफसी बैंक सबसे ज्यादा लाभ में रहे। पिछले सप्ताह बीएसई सेंसेक्स 1,906.33 अंक उछला और एनएसई निफ्टी 546.7 अंक चढ़ा। इस दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, इंफोसिस और भारतीय स्टेट बैंक में बढ़त दर्ज हुई। दूसरी ओर भारती एयरटेल, भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी), आईटीसी और हिंदुस्तान यूनिलीवर में गिरावट का सामना करना पड़ा। समीक्षाधीन सप्ताह में टीसीएस का बाजार मूल्यांकन 62,574.82 करोड़ रुपये बढ़कर 16,08,782.61 करोड़ रुपये, एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 45,338.17 करोड़ रुपए बढ़कर 14,19,270.28 करोड़ रुपये, इंफोसिस का मूल्यांकन 26,885.8 करोड़ रुपये बढ़कर 7,98,560.13 करोड़ रुपये, रिलायंस इंडस्ट्रीज का मूल्यांकन 26,185.14 करोड़ रुपये बढ़कर 17,75,176.68 करोड़ रुपये हो गया।भारतीय स्टेट बैंक का बाजार पूंजीकरण 22,311.55 करोड़ रुपये बढ़कर 7,71,087.17 करोड़ रुपये और आईसीआईसीआई बैंक का बाजार पूंजीकरण 19,821.33 करोड़ रुपये बढ़कर 9,37,545.57 करोड़ रुपये हो गया। इस दौरान हालांकि, भारती एयरटेल का बाजार पूंजीकरण 16,720.1 करोड़ रुपये घटकर 9,10,005.80 करोड़ रुपये और आईटीसी का बाजार पूंजीकरण 7,256.27 करोड़ रुपये घटकर 5,89,572.01 करोड़ रुपये रह गया।

# राम विवाह की झांकी पर चले ईंट-पत्थर

## मस्जिद के पास पथराव; लोग बोले-बच्चों को गोद में लेकर भागे, हमले की पहले से थी तैयारी





**दरभंगा।** बिहार के दरभंगा में शुक्रवार को राम विवाह की झांकी पर बाजीतपुर की एक मस्जिद के पास पथराव किया गया। इसके बाद जमकर बवाल हुआ। विवाह पंचमी के मौके पर तरौनी गांव से झांकी निकाली जा रही थी। तभी वहां दोनों पक्षों में विवाद हो गया। उन्होंने एक दूसरे पर ईंट-पत्थर फेंके। झांकी को तरौनी से बाजितपुर में स्थित मस्जिद तक जाना था। फिर बाजितपुर से इसकी वापसी होनी थी। जैसे ही झांकी मस्जिद के पास पहुंची उसे रोका गया और पथराव किया गया। बताया जा रहा है कि एक समुदाय के लोगों ने पहले तो झांकी को रोका, फिर लाठी-डंडों से मारपीट की और फिर पथराव किया। इसके बाद दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और दोनों तरफ से पत्थरबाजी होने लगी। झांकी के आयोजक नागो दास ने बताया कि बच्चों को गोद में लेकर हम लोग मंदिर की ओर भागे और जान बचाई। सूचना मिलने के बाद भारी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंचा और हालात पर काबू पाया। इस घटना में कई लोगों के घायल होने की भी खबर है। तीन लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। मौके पर अभी भी भारी संख्या में पुलिस मौजूद है। जिला प्रशासन अधिकारी इलाके में कैंप कर रहे हैं। स्थानीय महिला सोनी कुमारी ने उन लोगों का पहले से हमले का प्लान था। वे पहले से अपनी छतों पर ईंट-पत्थर रखते हैं। जुलूस पर ईंट-पत्थर फेंकने लगते हैं। महिलाएं छत से ईंट फेंकती है। नीचे लड़के लोग मारपीट करते हैं। वहीं पिंकी देवी ने कहा कि हमलोग के हर त्योहार पर वो लोग बवाल करते हैं। अगर जुलूस लेकर जाते हैं, तो वहां (पठानटोली) दूसरे समुदाय के लोग झगड़ा करते हैं। उनका पर्व होता है, वो लाठी चलाते हैं, दिखाते हैं, हम लोग कुछ नहीं बोलते हैं। सदर रउद्ध विकास कुमार ने बताया, 'पथराव के बाद हालात काबू में है; लेकिन हिंसा क्यों भड़की, इसकी शुरूआत करने वाले कौन लोग हैं, जो मिथिला में राम विवाह की झांकी पर पथराव कर माहौल खराब करने की कोशिश में लगे थे, इसकी जांच हो रही है। जिला प्रशासन के अधिकारी इलाके में कैंप कर रहे हैं। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में हैं।' स्थानीय लोगों का कहना है कि झांकी निकालने की परंपरा 30 साल पुरानी है। इस बार पहली बार हुआ है।

## संक्षिप्त डायरी

### बेटी का अपहरण कर उसके सामने मां से रेप



**वैशाली।** में 5 साल की बच्ची के सामने उसकी मां के साथ रेप करने का मामला सामने आया है। आरोपी ने पहले बच्ची का अपहरण किया, फिर उसकी मां को फोन करके कहा कि बच्ची की जिंदगी चाहती हो तो मेरे पास आओ। महिला जब उसके बताए पते पर पहुंची तो आरोपी ने बच्ची को छोड़ने के लिए शारीरिक संबंध बनाने की बात कही। महिला के मना करने पर आरोपी ढेमन दास ने बेटी को जान से मारने की धमकी दी और महिला के साथ रेप किया। आरोपी ने रेप का वीडियो भी बना लिया। ये पूरी घटना 11 अक्टूबर की है। मामला बिदुपुर थाना इलाके से जुड़ा है। महिला ने बताया कि 11 अक्टूबर नवरात्र के अष्टमी के दिन मेरी बेटी घर के दरवाजे पर खेल रही थी। मैं घर का काम खत्म करने के बाद जब बेटी के पास गई तो वो वहां नहीं थी। काफी खोजबीन की, लेकिन कुछ पता नहीं चला। अचानक मेरे मोबाइल पर फोन आया कि बेटी को जिंदा देखना चाहती हो तो केलवानी पोल्ट्री फार्म में अकेले आ जाओ। वहां जाने पर उसने मेरे साथ रेप किया और वीडियो बना लिया। महिला ने पुलिस को बताया है कि आरोप वीडियो वायरल करने की धमकी देकर बार-बार मुझे अकेले में मिलने के लिए बुलाता था। वो मेरे साथ रेप करता था। एक दिन उसने रात में फोन कर कहा, 'मैं तुम्हारे घर आ रहा हूं।' मैंने जब इसके लिए मना किया तो उसने 5 दिसंबर को वीडियो वायरल कर दिया। वीडियो वायरल होने के बाद मैंने अपनी पति को सारी घटना के बारे में जानकारी दी। जिसके बाद थाने में केस दर्ज कराया गया।'

### ट्रैक्टर की ठोकर से शिक्षिका की मौत, साथी शिक्षक घायल



**समस्तीपुर।** के गोला रोड के पास शनिवार देर शाम ट्रैक्टर की ठोकर से स्कूटी सवार एक शिक्षिका की मौत हो गई। स्कूटी चला रहे साथी शिक्षक सुमिल कुमार कर्ण को भी चोटें आई। मृतक शिक्षिका की पहचान दलसिंहसराय थाना क्षेत्र के बुलाकीपुर गांव निवासी कैलाश राय की पत्नी प्रियंका कुमारी (45) के रूप में की गई है। प्रियंका बुलाकीपुर स्थित कन्या मध्य विद्यालय में पदस्थापित थी। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। सदर अस्पताल परिसर में बड़ी संख्या में शिक्षकों की भीड़ जुट गई। वहीं, परिजनों के बीच कोहराम मच गया।घायल सुमिल कुमार कर्ण ने बताया कि क्षमता परीक्षा पास करने के बाद दोनों एक ही स्कूटी पर सवार होकर थम इंप्रेशन करने के लिए समस्तीपुर आए थे। थम इंप्रेशन करने के बाद वे लोग शहर के स्टेशन रोड से दवा की खरीदारी की फिर कंबल के कवर की खरीदारी कर दलसिंहसराय जाने के लिए गोला रोड की ओर से मुख्य रोड पर चढ़े थे।इसी दौरान पीछे से एक ट्रैक्टर ने स्कूटी में ठोकर मार दी। जिसे दोनों गिर पड़े। गिरने के दौरान ही शिक्षिका को सिर में चोट आई। आसपास के लोगों के सहयोग से निजी अस्पतालों में लेकर गए। बाद में उन्हें सदर अस्पताल ले जाया जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में उनकी मौत हो गई। नगर थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर आशुतोष कुमार ने कहा कि घटना की सूचना पर शव को जब्त कर पोस्टमार्टम कराया गया है। घटनास्थल पर कोई ट्रैक्टर बरामद नहीं हुआ है। अभी परिवार के लोगों की ओर से आवेदन नहीं मिला है। आवेदन मिलते ही इस मामले में प्राथमिक की दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### कार से भिड़ी बाइक, दो जख्मी

**किशनगंज।** शहर के डे मार्केट सब्जी मंडी के पास एक तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर कार से टकरा गई। इस हादसे में बाइक चालक और उसके साथी गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई और उन्होंने घायलों को ई-रिक्शा के माध्यम से किशनगंज सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज जारी है। बताया जा रहा है कि बाइक चालक बस स्टैंड की ओर से अपने घर जा रहा था। सब्जी मंडी के पास बाइक अनियंत्रित हो गई और कार से जोरदार टक्कर हो गई। विपरीत दिशा से आ रही कार से भिड़ी बाइक स्थानीय लोगों ने बताया कि बाइक तेज रफ्तार में थी, जबकि कार चालक विपरीत दिशा में कार मोड़ रहा था। इस दौरान दोनों के बीच जोरदार भिड़ंत हो गई। बताया कि सब्जी मंडी के पास इस प्रकार की दुर्घटनाएं अक्सर होती हैं। ब्रिज से उतरते समय वाहन चालक तेज गति से चलाते हैं, जिससे अनियंत्रित होकर दुर्घटनाएं होती हैं। यह हादसा इसी लापरवाही का नतीजा बताया जा रहा है।

## रेलवे में फर्जी बहाली कराने वाले ट्रेनिंग सेंटर का खुलासा



मोतिहारी के भटहा गांव में चल रहे फर्जी आरपीएफ भर्ती ट्रेनिंग सेंटर का भंडाफोड़ हुआ है। जहां 50 से अधिक लोगों से रेलवे के आरपीएफ और टीटी में चार से आठ लाख रुपये वसूलकर उन्हें फर्जी आरपीएफ और टीटी की नौकरी दिलाई जा रही थी। यह खुलासा तब हुआ जब सोनपुर रेलवे स्टेशन पर टिकट चेकिंग के दौरान तीन फर्जी टीटी पकड़े गए। पूछताछ में उन्होंने कोई जानकारी नहीं दी, लेकिन उन्हें छुड़ाने आए दो युवकों, दीपक तिवारी और सक्षम श्रीवास्तव, के मोबाइल से मामले की पूरी सच्चाई उजागर हुई। मोबाइल जांच में फर्जी ट्रेनिंग सेंटर का वीडियो मिला, जिसमें एक कथित आरपीएफ इंस्पेक्टर युवकों का इंटरव्यू लेते दिखा। सख्ती से पूछताछ पर दोनों ने स्वीकार किया कि वे भटहा गांव के पप्पू कुमार के घर में फर्जी ट्रेनिंग सेंटर चलाते हैं। यहां युवकों को प्रशिक्षण देकर फर्जी नियुक्ति पत्र देकर अलग-अलग रेलवे स्टेशनों पर भेजा जाता था।

घर की तलाशी में कई सामान बरामद जिसके बाद सोनपुर आरपीएफ कि पुलिस दोनों के लेकर मोतिहारी पहुंची जहां मुफ्फासिल थानाध्यक्ष मनीष कुमार के सहयोग से पप्पू कुमार के भटहा स्थित घर पर छापेमारी किया गया। जहां से एक युवक भटहा निवासी शन्नी कुमार को हिरासत में लिया गया।

## साइबर ठगी करने वाला 2 बदमाश गिरफ्तार



**भोजपुर।** जिले के आरा साइबर थाना की पुलिस ने एटीएम कार्ड बदलकर अवैध निकासी करने वाले एक गैंग के मास्टर माइंड समेत दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी के घर से 50 हजार नकदी समेत फ्रॉड की राशि से खरीदा गया करीब तीन लाख रुपए का सोना-चांदी जब्त किया गया है। साइबर डीएसपी अब्बू सैफी मुर्तजा ने बताया कि इस मामले में आरा मुफस्सिल थाना के जमीरा गांव निवासी मुकेश कुमार उर्फ एटीएम तथा धीरज कुमार राय को गिरफ्तार किया गया है। ,गैंग में शामिल तीन अन्य सदस्यों की तलाश जारी है। गिरफ्तार मुकेश का पहले से लंबा आपराधिक इतिहास रहा है। इसके ऊपर पहले से भी 7 से 8 केस मिले हैं। मुकेश कुमार ने टाउन थाना क्षेत्र के मिल्की मोहल्ला निवासी मो.वसील अहमद का एटीएम कार्ड बदलकर पांच लाख 18 हजार रुपए की अवैध निकासी की थी। जिसको लेकर 6 दिसंबर 2024 को पीड़ित ने साइबर थाना में प्राथमिकी कराई गई थी। एसपी राज के निर्देशन में एक तकनीकी टीम का गठन किया गया था। टीम ने पहले एटीएम बूथ से लेकर आरा के शिवगंज और राजधानी पटना के बाकरगंज स्थित एक आभूषण दुकान पर सीसीटीवी फुटेज की जांच की। जहां से अवैध निकासी की राशि से जेवरात खरीदे गए थे। इसके बाद शिवगंज से पहले मुख्य सरगना मुकेश कुमार को पकड़ा गया। जिसके बाद में उसकी निशानदेही पर दूसरे साथी धीरज को गिरफ्तार किया गया। मुकेश के आरा और जमीरा गांव स्थित घर की तलाशी ली गई। तलाशी में 50 हजार 390 रुपए नकद, आठ मोबाइल, आठ अलग-अलग बैंकों का पासबुक ,चार एटीएम कार्ड , चेकबूक ,46.44 ग्राम सोना और 548 ग्राम चांदी का जेवरात जब्त किया गया। ब्रांड का खरीदा हुआ कपड़ा भी जब्त किया गया है। बरामद सोना का जेवर करीब दो लाख 53 हजार और चांदी करीब 30 हजार रुपए का है। साक्ष्य के तौर पर दुकान का रसीद भी जब्त किया गया है।गिरफ्तार मुकेश पर आरा छह, पटना जिले में एक और झारखंड के तिलैया में एक केस

## पटना में पकड़ौआ विवाह के पीछे 12 लाख का कर्ज

### पिता बोले-आरोपी ने पैसे नहीं लौटाए, अब साली से बेटे की जबरन शादी करवा दी




**पटना।** में 18 साल के शुभम कुमार के पकड़ौआ विवाह के पीछे 12 लाख रुपए के कर्ज की कहानी सामने आ रही है। शुभम के पिता उमेश यादव का आरोप है कि 'सपहुआ गांव के सुनील कुमार ने 2 साल पहले 12 लाख रुपए कर्ज लिए। 'जब पैसे वापस मांगे तो वो देने से मना करने लगा और कर्ज माफ करने को कहा। कर्ज माफ नहीं किया तो मेरे बेटे का अपहरण कर जबरन अपनी ही साली से शादी करवा दी।' इधर गौरीचक थाने में अगवा कर जबरन शादी कराने का मामला दर्ज है। वहीं घटना के तीन दिन बाद भी शुभम का पता नहीं चल पाया है। शुभम, कहां और किस परिस्थिति में है, इसे लेकर परिजन काफी परेशान हैं। बेटे को अगवा कर जबरन शादी कराने की बात पता चलते ही पिता की तबीयत बिगड़ गई थी, हालांकि अब उन्हें अस्पताल से छुट्टी मिल गई है। शुभम के पिता उमेश यादव ने कहा कि 'गौरीचक थाना क्षेत्र के सपहुआ गांव निवासी सुनील कुमार ने 31 दिसंबर 2022 को उनसे व्यापार करने के नाम पर 12 लाख रुपए कर्ज लिए थे। जो मैंने उसे 5 लाख और 7 लाख की दो किस्त में दिए थे।' 'बार-बार पैसा मांगने पर भी सुनील लौटाने से मना कर रहा था। इसके बाद सुनील ने मेरे बेटे शुभम को किडनैप कर उसकी शादी अपनी साली से करवा दी।' 5 दिसंबर को भाई की बारात गया था शुभम गौरीचक थाना क्षेत्र के मोहिउद्दीनपुर निवासी उमेश यादव का बेटा शुभम, 5 दिसंबर को गौरीचक से अपने चचेरे भाई की बारात में शामिल होने बख्तियारपुर के चंपापुर गया था। वहीं से शुभम का अपहरण कर जबरन उसकी शादी करवा दी गई। घटना के बाद शुभम के जीजा प्रेम कुमार ने गौरीचक थाने में शुभम के अपहरण का मामला दर्ज कराया। शुभम के जीजा प्रेम कुमार ने बताया कि शादी के बाद शुभम को आरोपी ने वहीं रख लिया है। इसके बाद शुभम की पत्नी को गौरीचक स्थित उसके घर भेज दिया गया। इसके बाद परिजनों ने विरोध करते हुए घर में लड़की को घुसने नहीं करने दिया। परिवार का साफ कहना है कि वो इस शादी को नहीं मानते हैं। अब जानिए क्या होता है पकड़ौआ विवाह पकड़ौआ विवाह वो शादी है, जिसमें लड़का-लड़की किसी की भी सहमति की जरुरत नहीं होती है। यह शादी सिर्फ दबंगई से होती है। इसमें बैंड-बाजा और बाराती नहीं, बस दबंग टाइप के लोग चाहिए, जो लड़के को किडनैप कर सकें। लड़की वाले ऐसे लड़कों पर नजर रखते हैं, फिर आदमी लगाकर उठवा लेते हैं। अधिकतर मामलों में अपहरण ही किया जाता है, कुछ में बहला-फुसलाकर भी लड़कों को बंधक बना लिया जाता है। लड़कों को बंधक बनाकर दबंगई के साथ रीति-रिवाज से लड़की के साथ शादी करा दी जाती है।

## सीओ को थाने में बंद करने का वीडियो आया सामने



**सीतामढ़ी।** के परिहार अंचलाधिकारी को थाने में बंद करने के मामले में बिहार राजस्व सेवा एसोसिएशन (बिरसा) ने मोर्चा खोल दिया है। संघ ने कहा है कि जब तक आरोपित थानेदार पर कार्रवाई नहीं होती तब बिहार के सभी सीओ थानों में शनिवार को लगने वाले जनता दरबार का बहिष्कार करेंगे। इसे लेकर राज्य के राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के अपर मुख्य सचिव को एक पत्र जारी किया गया है। इस पत्र में आरोपित परिहार थानेदार पर कार्रवाई की मांग की जा रही है। वही महिला अंचलाधिकारी के साथ कर्तव्य निर्वहन के दौरान थाना परिसर में हुए इस दुर्व्यवहार के आलोक में बिहार राजस्व सेवा संघ (बिरसा) पांच बिन्दुओं में कई मांग की है। जानिए क्या है पूरा मामला बता दें कि परिहार सीओ और थानाध्यक्ष केविवाद से संबंधित एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में एक महिला द्वारा रोते हुए खुद को कैद किए जाने का कारण एक महिला सिपाही से पूछ रही है। वीडियो बनाने वाली महिला का चेहरा न आने के कारण यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि उक्त वीडियो को बनाने वाली परिहार की महिला सीओ मोनी कुमारी है या कोई और।इस वीडियो में एक कमरा नजर आ रहा है, जहां एक महिला पुलिस कर्मी बैठी है। वही वीडियो बनाने वाली महिला खुद को बंद किए जाने का कारण और किसके आदेश पर किया गया, पूछ रही है।जिसपर सामने कुर्सी पर बैठी महिला पुलिस जवान उक्त कार्रवाई को बड़ा बाबू का बता रही है।

## 500 रुपए को लेकर मारपीट में 4 जख्मी



**भोजपुर।** जिले के मोखालिसा गांव में शुक्रवार को खेत पटवन के बकाए पांच सौ रुपए को लेकर पिताझपुत्र समेत चार लोगों की पट्टीदारों ने लाठी डंडे से जमकर पिटाई कर दी। जिससे सभी गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जिसके बाद अन्य लोगों के बीच बचाव के बाद मामले को शांत कराया गया। परिजनों ने जख्मियों को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया।

घटना में जख्मियों में मोखालिसा गांव निवासी हरी लाल यादव (50), योगेंद्र यादव (18), भतीजा जय शिव शंकर (18) समेत चार लोग शामिल है। योगेंद्र यादव ने बताया कि बीस दिन पहले उसने डेढ़ बिगहा खेत पटाया था। खेत पटवन करने में एक हजार रुपया खर्च हुआ है। जिसमें उसने पांच सौ रुपया दे दिया था और पांच सौ रुपया बाकी था। उनके पट्टीदारों ने अपना बकाया पैसा मांगने उसके घर आए। जब उसने कहा कि मैं बाकी पैसा शाम में दे दूंगा तो वह कहने लगा कि नहीं मुझे अभी चाहिए। इसी बात को लेकर उनके बीच कहासुनी हुई। इसके बाद उक्त लोगों ने चार लोगों की लाठी-डंडों से जमकर पिटाई कर दी। जिससे वह तीनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जख्मी योगेंद्र यादव ने गांव के ही पारस,राकेश,भोला और निरंजन नामक व्यक्ति पर खेत पटवन के बकाये पांच सौ रुपए के विवाद को लेकर तीनो लोगों को लाठी-डंडे एवं लोहे के रॉड से मारकर जख्मी करने का आरोप लगाया है।

# समाजवादियों की कर्मभूमि है चंपारण

## बेतिया में केंद्रीय मंत्री रामनाथ ठाकुर ने कहा-नीतीश कुमार ने 6.11लाख युवाओं को दी नौकरी, जिला सम्मेलन में हुए शामिल





**बेतिया।** चंपारण समाजवादियों की कर्म भूमि रही है। समाजवादियों के मशाल को आगे बढ़ाने का काम नीतीश कुमार ने किया है। 2005 के बाद बिहार के प्रत्येक क्षेत्रों में विकास का श्रेय नीतीश कुमार को जाता है। यह बातें केंद्रीय मंत्री रामनाथ ठाकुर ने कहीं। वे जदयू के जिला सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि कपूरी ठाकुर का सपना था कि अपने हाथ से जमीन का पर्चा भूमिहीनों के बीच चंपारण आकर बांटे। लेकिन उस सपने को नीतीश कुमार ने पूरा किया है। कार्यकर्ता पार्टी के रीढ़ होते हैं। 2005 के पहले चंपारण समेत पूरे बिहार में जंगल राज था। लेकिन नीतीश कुमार ने जंगल राज को खत्म कर प्रत्येक क्षेत्रों और प्रत्येक तबके को आगे बढ़ाने का जो बीड़ा उठाया है। वह निरंतर चलता रहेगा। जनसंपर्क मंत्री महेश्वर हजारी ने कहा कि नीतीश कुमार ने 6 लाख 11हजार युवाओं को नौकरी दी। उन पर किसी प्रकार का आरोप नहीं लगा। लेकिन लालू प्रसाद ने नौकरी के बदले जमीन ली। पार्टी के मुख्य प्रवक्ता एमएलसी नीरज कुमार ने कहा कि अल्पसंख्यक समेत समाज के सभी वर्ग के उत्थान के लिए नीतीश कुमार ने जितना काम किया है। उतना काम अपने आप को सेकुलर कहने वाले नहीं किए हैं। 2005 के पहले चंपारण समेत पूरे बिहार में उद्योग धंधा बंद हो गया था। केवल अपहरण उद्योग चल रहा था। चंपारण की जनता सबसे ज्यादा प्रभावित थी। लालू राबड़ी के शासनकाल में 193 लोगों का अपहरण हुआ था। आज नीतीश कुमार ने बिहार में कानून का राज स्थापित किया है। उन्होंने कार्यकताओं से कहा कि आप अपनी ताकत दिखाइए। एनडीए में आपकी भागीदारी मिलेगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला अध्यक्ष शत्रुघ्न प्रसाद कुशवाहा ने पश्चिम चंपारण में जदयू के लिए कम से कम पांच विधानसभा सीट दिए जाने की मांग रखी। मंच संचालन अल्पसंख्यक सेल के अध्यक्ष असलम खा हक्की ने किया। कार्यक्रम को सांसद सुनील कुमार, प्रदेश अध्यक्ष महिला भारती मेहता, व्यवसायिक प्रकोष्ठ के राकेश गुप्ता,विद्या सिंह पटेल, बृजेश कुशवाहा, शिवरानी देवी, नेहा नेसार कैफी, दीपक सिंह दीपू, जिला पार्षद मनोज कुशवाहा, पूर्व विधायक प्रदीप सिंह, विजय राउत, सुमित सिंह बब्लू, अजय कुशवाहा, रामचंद्र प्रसाद, कुमार नितेश, शंभू कुशवाहा, अनिल झा, संतोष सिंह, श्याम राज, माधव सिंह पटेल, शिवजी कुशवाहा आदि ने संबोधित किया।



# गीता में कहा गया है कि शुक्ल पक्ष में मरने वाला वापस लौट कर नहीं आता?

चारों वोदों का सार उपनिषद है और उपनिषदों का सार गीता है। गीता ही प्रमुख धर्मग्रंथ है। गीता में कहा गया है कि शुक्ल पक्ष में मृत्यु को प्राप्त व्यक्ति वापस नहीं लौटता और कृष्ण पक्ष में मृत्यु को प्राप्त व्यक्ति वापस लौट आता है अर्थात उसे फिर से जन्म लेना होता है। उल्लेखनीय है कि भीष्म ने अपना शरीर तब तक नहीं छोड़ा था जब तक की उत्तरायण का शुक्ल पक्ष नहीं आ गया था। लाखों लोग हैं जो शुक्ल पक्ष में मरते हैं और लाखों ऐसे लोग भी हैं जो कृष्ण पक्ष में मरते हैं तो क्या शुक्ल पक्ष में मरने वाले सभी लोगों को मोक्ष मिल जाता है? क्या वह वापस धरती पर नहीं लौटते हैं? दरअसल, गीता में यह बात उन लोगों के लिए कही गई है जो कि ध्यानी, योगी या अनन्य भक्त हैं। आम व्यक्ति को मरने के कुछ ही समय बाद दूसरा जन्म ले लेता है लेकिन जो पाप कर्मी है उसे दूसरा जन्म लेने में कठिनाई होती है। मतलब यह कि वह भूत, प्रेत या पिशाच योगी भोगने के बाद ही जन्म लेगा। यह भी हो सकता है कि वह मनुष्य योनी को छोड़कर निचले स्तर की योनी में चला जाए। मतलब यह कि उसका डिमोशन हो जाए। कृष्ण का शुक्ल और कृष्ण मार्ग का ज्ञान-

**यत्र काले त्वनावत्तिमावृत्तिं चैव योगिनः।**
**प्रयाता यान्ति तं कालं वक्ष्यामि भरतर्षभ।**

भावार्थ : हे अर्जुन! जिस काल में (यहाँ काल शब्द से मार्ग समझना चाहिए, क्योंकि आगे के श्लोकों में भगवान ने इसका नाम 'सृति', 'गति' ऐसा कहा है।) शरीर त्याग कर गए हुए योगीजन तो वापस न लौटने वाली गति को और जिस काल में गए हुए वापस लौटने वाली गति को ही प्राप्त होते हैं, उस काल को अर्थात दोनों मार्गों को कहूँगा।

**अग्निर्ज्योतिरहः शुक्लः षण्मासा उत्तरायणम।**
**तत्र प्रयाता गच्छन्ति ब्रह्म ब्रह्मविदो जनाः।**

भावार्थ : जिस मार्ग में ज्योतिर्मय अग्नि-अभिमानी देवता हैं, दिन का अभिमानी देवता है, शुक्ल पक्ष का अभिमानी देवता है और उत्तरायण के छः महीनों का अभिमानी देवता है, उस मार्ग में मरकर गए हुए ब्रह्मवेत्ता योगीजन उपयुक्त देवताओं द्वारा क्रम से ले जाए जाकर ब्रह्म को प्राप्त होते हैं।

**धूमो रात्रिस्तथा कृष्ण षण्मासा दक्षिणायनम।**
**तत्र चान्द्रमसं ज्योतिर्योगी प्राप्य निवर्तते।**


भावार्थ : जिस मार्ग में धूमाभिमानी देवता है, रात्रि अभिमानी देवता है तथा कृष्ण पक्ष का अभिमानी देवता है और दक्षिणायन के छः महीनों का अभिमानी देवता है, उस मार्ग में मरकर गया हुआ सकाम कर्म करने वाला योगी उपयुक्त देवताओं द्वारा क्रम से ले गया हुआ चंद्रमा की ज्योत को प्राप्त होकर स्वर्ग में अपने शुभ कर्मों का फल भोगकर वापस आता है।

**शुक्ल कृष्णे गती ह्येते जगतः शाश्वते मते।**
**एकया यात्यनावृत्ति मन्ययावर्तते पुनः।**

भावार्थ : क्योंकि जगत के ये दो प्रकार के- शुक्ल और कृष्ण अर्थात देवयान और पितृयान मार्ग सनातन माने गए हैं। इनमें एक द्वारा गया हुआ (अर्थात इसी अध्याय के श्लोक 24 के अनुसार अर्चिमार्ग से गया हुआ योगी।)- जिससे वापस नहीं लौटना पड़ता, उस परमगति को प्राप्त होता है और दूसरे के द्वारा गया हुआ (अर्थात इसी अध्याय के श्लोक 25 के अनुसार धूममार्ग से गया हुआ सकाम कर्मयोगी।) फिर वापस आता है अर्थात जन्म-मृत्यु को प्राप्त होता है।

## क्या है कृष्ण और शुक्ल पक्ष?

हिन्दू माह में तीस दिन होते हैं। तीस दिनों को चंद्र के घट-बढ़ के अनुसार 15-15 तिथियों में बांटा गया है। चंद्र जब बढ़ने लगता है तो उस काल को शुक्ल पक्ष और जब घटने लगता है तो उस काल को कृष्ण पक्ष कहते हैं। शुक्ल पक्ष की अंतिम तिथि पूर्णिमा और कृष्ण पक्ष की अंतिम तिथि अमावस्या होती है। शुक्ल पक्ष को देवताओं का दिन और कृष्ण पक्ष को पितरों का दिन कहते हैं। इसी तरह उत्तरायण को देवताओं का काल और दक्षिणायन को पितरों का काल कहते हैं।



# भगवान बुद्ध ने नहीं दिए थे इन प्रश्नों के उत्तर?

**कहते हैं कि लव-कुश की पीढ़ी में शाक्य, शाक्य से शुद्धोधन और शुद्धोधन से सिद्धार्थ का जन्म हुआ। यह सिद्धार्थ ही आगे चलकर गौतम बुद्ध ने नाम से प्रसिद्ध हुए। गौतम बुद्ध के दर्शन में अनीश्वरवाद, अनात्मवाद और क्षणिकवाद को महत्व दिया जाता है। उनका मानना था कि संबुद्ध होना ही सत्य है। इसके लिए ही उन्होंने आष्टांगिक मार्ग बताएं हैं।**

गौतम बुद्ध से उनके जीवन में लाखों प्रश्न पूछे गए लेकिन उनमें से 14 प्रश्नों के उन्होंने जवाब नहीं दिए। जब भगवान बुद्ध से जीव, जगत आदि के विषय में चौदह दार्शनिक प्रश्न किए जाते थे तो वे सदा मौन रह जाते थे। ये प्रसिद्ध चौदह प्रश्न निम्नांकित हैं-

1-4 क्या लोक शाश्वत है? अथवा नहीं? अथवा दोनों? अथवा दोनों नहीं?
5-8 क्या जगत नाशवान है? अथवा नहीं? अथवा दोनों? अथवा दोनों नहीं?
9-11. तथागत देह त्याग के बाद भी विद्यमान रहते हैं? अथवा नहीं? अथवा दोनों? अथवा दोनों नहीं?
11-14 क्या जीव और शरीर एक हैं? अथवा भिन्न?
14 अव्याकृत प्रश्न : बौद्ध धर्म में इन प्रश्नों को अव्याकृत कहा गया है। अव्याकृत का अर्थ है जो व्याकरण-सम्मत नहीं है।

## क्यों उत्तर नहीं दिया

उक्त प्रश्न पर बुद्ध मौन रह गए। इसका तात्पर्य यह नही कि वे इनका उत्तर नही जानते थे। उनका मौन केवल यही सूचित करता है कि यह व्याकरण-सम्मत नही थे। इनसे जीवन का किसी भी प्रकार से भला नहीं होता। उक्त प्रश्नों के पक्ष या विपक्ष में दोनों के ही प्रमाण या तर्क जुटाए जा सकते हैं। इन्हें किसी भी तरह से सत्य या असत्य सिद्ध किया जा सकता है। यह पारमार्थिक दृष्टि से व्यर्थ है।

# जानिए हिन्दू देवता पूषन देव को



पूषन एक वैदिक देवता है। पूषन वह देवता हैं जो विवाह के संचालन में मदद करते, सुरक्षित यात्रा प्रदान करते और उन दिलो मे वास करते हैं जो पशुओं को भोजन खिलाते हैं। वह हमारे कर्मों के अनुसार वे फल देते हैं। वह आत्माओं को दूसरे संसार की यात्रा करने के लिए पथप्रदर्शन करते हैं। वह लोगों की मृत्यु के समय के दौरान अपनी सुंदर उपस्थिति दिखाकर उनके भय को दूर करते हैं। वह तीर्थ यात्रियों को चोरों और जानवरों से बचाते हैं और लोगों को दुश्मनों, दुर्घटनाओं और अप्राकृतिक मृत्यु से बचाकर लोगों को दिव्य पथ पर ले जाते हैं। वह देने वाले देवता भी हैं जो हमरे जीवन में धन, स्वास्थ और समृद्धि देते हैं। जब हम एक स्थान से दूसरे स्थान की यात्रा करते हैं, तो वह हमारे सामान की सुरक्षा भी करते हैं। वह हमारे दिमाग में बुरे विचारों को दूर करते हैं, काला जादू को दूर करते हैं और कई खतरनाक बीमारियों को ठीक करते हैं।

वह मुख्य रूप से सभी प्रकार की प्राकृतिक आपदाओं से लोगों को राहत देते हैं जो चक्रवात, बाढ़, भारी बारिश और सुनामी के कारण होती हैं। वह शांतिपूर्ण जीवन जीने के लिए, हमारे लिए सभी कार्य करते हैं। वह हमेशा उन भक्तों की देखभाल करते हैं जो किसी भी रूप में ईश्वर की पूजा करते हैं और चाहें दूसरे धर्म के लोग भी हो, लेकिन वे लोगों से केवल यही अपेक्षा रखते हैं कि वे भगवान की सच्ची भक्ति करें। यदि हमारे अंदर ईश्वर के लिए शुद्ध भक्ति है, तो वह हमारे पूर्व कर्मों के आधार पर हमरे जीवन में अच्छे काम करेंगे। वह हमारे बुरे कर्मों को कुछ हद तक कम करने और हमारे जीवन में अच्छे परिणाम देने की शक्ति भी रखते हैं लेकिन वह किसी व्यक्ति के पूरे भाग्य को नही बदल सकते हैं। उनका उल्लेख ऋग्वेद और प्राचीन पुराणों और धार्मिक ग्रंथों में भी मिलता है। वह यज्ञ में भाग भी लेते हैं। वह यज्ञ कर्ता और लोगों को आशीर्वाद देते हैं। वह विभिन्न बीमारियों जैसे खांसी, सर्दी, दमा, हृदय की समस्याओं और कई अन्य लंबे समय से चली आ रही बीमारियों से तेजी से राहत दिलाएंगे। वह लोगों को मानसिक विकार, मन में भ्रम, ऊर्जा की कमी, सुस्ती, आलस्य और मानसिक अस्थिरता से भी छुटकारा दिलाते हैं। विभिन्न होम का आयोजन करते समय उनका नाम कई बार दोहराया जाता है। उन्हें इंद्र, वरुण, अग्नि, वायु, सूर्य और चंद्र जैसे वैदिक देवताओं के समकक्ष माना जाता है। उसके पास अलौकिक शक्तियां हैं और आपकी पुकार सुनकर किसी भी क्षण किसी भी स्थान पर पहुंच जाएंगे। हम उसके नाम का बार-बार जाप कर सकते हैं, ताकि वह जीवन के हर पड़ाव में हमारे साथ हों। पुराणों में पूषन को 12 आदित्यों में से एक के रूप में वर्णित किया गया है और वे अदिति एवं कश्यप के पुत्र हैं। उनके भाई सूर्य, वरुण और इंद्र हैं। वह हमारे लिए एक अंगरक्षक के रूप में कार्य करते हैं और हमारे दैनिक जीवन में हमारी सभी इच्छाओं को पूरा करते हैं। यद्यपि वह अन्य देवताओं के समान नहीं जाने जाते हैं। वह वैदिक देवताओं में भी एक है और पृथ्वी पर लोगों की मदद करते हैं। वह भगवान इंद्र द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार अपने कर्तव्यों को करते हैं और उसके लिए एक सहायक मित्र के रूप में भी कार्य करते हैं। वह अपने कर्तव्यों का सही ढंग से निर्वहन करने के लिए वायु, वरुण, सूर्य और चंद्र जैसे अन्य देवताओं के साथ भी परस्पर बातचीत करते हैं। वह कई ऋषियों द्वारा पूजे जाते हैं, और वे ऋषि उनसे आशीर्वाद लेते हैं। वह ऋषियों को उनकी तपस्या को सही तरीके से करने में मदद करते हैं और तपस्या करते समय उनके कारण हुई भूल को दूर करते हैं। सामान्य तौर पर, हम कह सकते हैं कि वह पूरी दुनिया के लिए मित्रवत हैं। आइए हम उनकी महिमा का गुणगान करें और धन्य हों।

# श्रीकृष्ण का यह मंदिर मात्र 2 मिनट के लिए बंद होता है

केरल के कोट्टायम जिले में तिरुवेरपु या थिरुवरप्पु में भगवान श्रीकृष्ण का एक प्रसिद्ध और चमत्कारिक मंदिर है जिसे तिरुवरप्पु श्रीकृष्ण मंदिर कहते हैं। इस मंदिर के संबंध में कई तरह की किंवदंतियां जुड़ी हुई हैं। एक यह है कि जब भगवान श्रीकृष्ण ने कंस को मारा था तो उनको बहुत भूख लगने लगी थी। कहते हैं कि यहां की श्रीकृष्ण की मूर्ति को भूख बर्दाश्त नहीं होती है। 1,500 साल पुराने इस मंदिर की दूसरी खासियत यह है कि यह मंदिर 24 घंटे में से मात्र 2 मिनट के लिए ही बंद होता है और वह समय है- सुबह 1158 बजे से 1200 बजे तक। मंदिर 2 मिनट से ज्यादा बंद नही रख सकते। इसके लिए पुजारी को एक कुल्हाड़ी दी जाती है, क्योंकि मंदिर खोलते वक्त यदि देर हो तो वह कुल्हाड़ी से ताला तोड़ दे। दरवाजा खोलने के लिए चाबी दी जाती है, लेकिन यदि चाबी कहीं फंस जाए तो तुरंत कुल्हाड़ी का उपयोग करें।

इसके पीछे मान्यता है कि यहां भगवान कृष्ण हमेशा भूखे रहते हैं और वे जरा भी देर के लिए भूख बर्दाश्त नहीं कर पाते हैं। इसीलिए यदि चाबी के साथ दरवाजा खोलने में कोई देरी होती है, तो पुजारी को कुल्हाड़ी से दरवाजा खोलने की अनुमति दी जाती है। यहां कम से कम 10 बार नैवेद्यम चढ़ाया जाता है। अभिषेकम समाप्त होने के बाद स्वामी (श्रीकृष्ण) का सिर पहले सूख जाता है। तब नैवेद्यम चढ़ाया जाता है और फिर केवल उसका शरीर सूख जाता है। कहते हैं कि भगवान श्रीकृष्ण के सोने का समय 1158 बजे से दोपहर 1200 बजे तक ही है। केवल 2 मिनट! भक्तों के लिए यह मंदिर सुबह के लगभग 2 बजे खुलता है।

यह मंदिर ग्रहण के समय भी बंद नहीं होता है। शंकराचार्य के समय एक बार इस मंदिर को ग्रहण के समय बंद कर दिया गया था। बाद में जब दरवाजा खोला गया तो उन्होंने पाया कि स्वामी की कमर की पट्टी नीचे खिसक गई है। उस समय आए आदिशंकराचार्य ने बताया कि ऐसा इसलिए हुआ, क्योंकि भगवान श्रीकृष्ण बहुत भूखे थे, तब से यह मंदिर ग्रहण काल के दौरान भी बंद नहीं किया जाता है। कहते हैं कि जो भी यहां का थोड़ा भी प्रसाद ग्रहण कर लेते हैं, उसे ऐसा लगता है कि पेट भर गया। यहां से प्रसादम का सेवन किए बिना किसी भी भक्त को जाने की अनुमति नहीं है। हर दिन 1157 बजे (मंदिर को बंद करने से पहले) पुजारी जोर से पुकारता है कि क्या कोई भी यहां है जिसने प्रसाद नहीं लिया हो?

ऐसा भी कहा जाता है कि जो भी व्यक्ति एक बार यहां का प्रसाद ग्रहण कर लेता है, वह फिर जीवन में कभी भी भूखे नहीं रहता है। मतलब यह कि उसके जीवन में भोजन प्राप्त करने में कोई समस्या नहीं होती है। यहां अप्रैल के महीने में 10 दिनों तक वार्षिक उत्सव मनाया जाता है। त्योहार का मुख्य आकर्षण यह है कि यहां युवा कुंआरी लड़कियां समारोहों के दौरान दीप जलाती हैं। इस मंदिर के बारे में एक कथा यह भी प्रचलित है कि महाभारत काल में जब पांडव जंगल में रहते थे तो श्रीकृष्ण ने उन्हें 4 हाथ वाली अपनी प्रतिमा दी थी। जब पांडव जंगल से जाने लगे तो चेरथलाई लोगों ने यह मूर्ति उनसे ले ली। कुछ काल तक वे इसकी पूजा करते रहे लेकिन बाद में उन्होंने कुछ कारणों से इसे समुद्र में फेंक दिया। लंबे समय के बाद यह मूर्ति केरल के एक महान ऋषि को मिली, जब वे नाव से यात्रा कर रहे थे। कहते हैं कि जब उनकी नाव डूब रही थी, तब इस मूर्ति को लेकर कोई दिव्य पुरुष प्रकट हुआ और उसने यह मूर्ति उन्हें दी थी। इस मूर्ति को लाकर उन ऋषि ने उसे यहां स्थापित कर दिया। इस संबंध में और भी कहानियां प्रचलित हैं।



# मार्गशीर्ष माह में पूजें शंख को जानिए पूजन सामग्री की सूची विधि एवं मंत्र

धर्म शास्त्रों के अनुसार सुख-सौभाग्य में वृद्धि के लिए शंख को अपने घर में स्थापित करना चाहिए। माना जाता है कि अगहन (मार्गशीर्ष) के महीने में शंख पूजन का विशेष महत्व है। अगहन के महीने में किसी भी शंख को भगवान श्रीकृष्ण का पंचजन्य शंख मान कर उसका पूजन-अर्चन करने से मनुष्य की समस्त इच्छाएं पूरी होती हैं। विष्णु पुराण के अनुसार समुद्र मंथन के दौरान प्राप्त हुए 14 रत्नों में से ये एक रत्न है शंख। प्रतिदिन घर में शंख पूजन करने से जीवन में कभी भी रुपए-पैसे, धन की कमी महसूस नहीं होती। इसके अलावा दक्षिणावर्ती शंख को लक्ष्मी स्वरूप कहा जाता है। इसके बिना लक्ष्मी जी की आराधना पूरी नहीं मानी जाती है। अगहन मास में खास तौर पर लक्ष्मी पूजन करते समय दक्षिणावर्ती शंख की पूजा अवश्य करनी चाहिए।



## शंख पूजन सामग्री की सूची

*शंख *कुंमकुंम *चावल *जल का पात्र *कच्चा दूध
*एक स्वच्छ कपड़ा *एक तांबा या चांदी का पात्र (शंख रखने के लिए)
*सफेद पुष्प *इत्र *कपूर *केसर *अगरबत्ती
*दीया लगाने के लिए शुद्ध घी *भोग के लिए नैवेद्य *चांदी का वर्क आदि।

## कैसे करें पूजन

- प्रातः काल में स्नान कर स्वच्छ धुले हुए वस्त्र धारण करें।
- पटिए पर एक पात्र में शंख रखें।
- अब उसे कच्चे दूध और जल से स्नान कराएं।
- अब स्वच्छ कपड़े से उसे पोंछें और उस पर चांदी का वर्क लगाएं।
- तत्पश्चात घी का दीया और अगरबत्ती जला लीजिए।
- अब शंख पर दूध-केसर के मिश्रित घोल से श्री एकाक्षरी मंत्र लिखें तथा उसे चांदी अथवा तांबा के पात्र में स्थापित कर दें।
- अब उपरोक्त शंख पूजन के मंत्र का जप करते हुए कुंमकुंम, चावल तथा इत्र अर्पित करके सफेद पुष्प चढ़ाएं।
- नैवेद्य का भोग लगाकर पूजन संपन्न करें।
- अगहन मास में निम्न मंत्र से शंख पूजा करनी चाहिए -

*त्वं पुरा सागरोत्पन्न विष्णुना विधृतः करे।*
*निर्मितः सर्वदैवेश्च पाञ्चजन्य नमोस्तु ते।*
*तव नादेन जीमूता वित्रसन्ति सुरासुराः।*
*शशांकायुतदीप्ताभ पाञ्चजन्य नमोस्तुते।*

# ऑस्ट्रेलिया ने दूसरा टेस्ट दस विकेट से जीता, भारतीय टीम की करारी हार, सीरीज 1-1 से बराबरी पर आयी

**एडिलेड (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में भारतीय टीम को दस विकेट से हराकर बॉर्डर गावस्कर सीरीज में 1-1 से बराबरी कर ली है। भारतीय टीम तीसरे दिन अपनी दूसरी पारी में 175 रनों पर ही आउट हो गयी। इस प्रकार ऑस्ट्रेलियाई टीम को जीत के लिए केवल 19 रन बनाने थे जो उसके सलामी बल्लेबाजों नाथन मैकस्वीनी और उस्मान ख्वाजा ने बिना किसी नुकसान के चार ओवरों में ही बना लिए। भारतीय टीम ने गुलाबी गेंद से खेले गये दिन-रात के इस मैच के तीसरे ही दिन समर्पण कर दिया।

इस मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय बल्लेबाज मिचेल स्टार्क सहित ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाजों के सामने टिक नहीं पाये और पहली पारी में 44.1 ओवर में ही 180 रनों पर आउट हो गये। इसके बाद ऑस्ट्रेलियाई टीम ने ट्रेविस हेड के शतक से अपनी पहली पारी में 337 रन बनाकर पहली पारी के आधार पर 157 रनों की बड़ी बढ़त हासिल की। दूसरी पारी में भी भारतीय बल्लेबाजों ने निराश किया और पूरी टीम 36.5 ओवर में 175 रनों पर ही सिमट गयी। दोनों ही पारियों में सारे विकेट तेज गेंदबाजों को मिले। पहली पारी में स्टार्क ने सबसे अधिक 6 विकेट जबकि दूसरी पारी में कप्तान पैट कमिंस ने सबसे अधिक पांच विकेट लिए।

इससे पहले आज सुब भारतीय टीम ने दूसरे दिन के 5 विकेट पर 128 रनों से आगे खेलते हुए तीसर दिन सबसे पहले ऋषभ पंत 28 का विकेट खोया। ऋषभ अपने दूसरे दिन के स्कोर में बिना एक भी रन जोड़े बिना पेवेलियन लौट गये। इस प्रकार 128 के स्कोर पर भारतीय टीम का छठा विकेट गिरा। नीतीश ने पहली पारी की तरह ही दूसरी पारी में भी सबसे अधिक 42 रन बनाए और किसी प्रकार भारतीय टीम को ने 166 रन तक पहुंचाया। इसके बाद नीतीश कैच आउट हुए। इस प्रकार भारतीय टीम का नौवा विकेट गिरा। अंतिम विकेट मो सिराज के रुप में गिरा और इसके साथ ही भारतीय टीम हार गयी। थर्डमैन पर लपके गए. वे नौवें बैटर के तौर पर आउट हुए. इसके 9 रन बाद सिराज के आउट होते ही भारतीय टीम 175 रन पर ऑलआउट हो गई। इस जीत के साथ ही मेजबान ऑस्ट्रेलियाई टीम विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) अंक तालिक में शीर्ष पर पहुंच गयी है। वहीं भारतीय टीम तीसरे नंबर पर फिसल गयी है।



# आईपीएल 2025 के पहले मैच में सूर्यकुमार कर सकते हैं मुम्बई इंडियंस की कप्तानी



**मुम्बई (एजेंसी)।** मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या प्रतिबंध के कारण आईपीएल 2025 का पहला मैच नहीं खेल पाएंगे। पंड्या पर एक मैच का प्रतिबंध लगा है। ऐसे में पहले मैच में मुम्बई इंडियंस को किसी और खिलाड़ी को कप्तान बनाना होगा।


ऐसे में माना जा रहा है कि आक्रामक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव को इस मैच में कप्तानी की जिम्मेदारी मिलेगी। सूर्या के अलावा अन्य कोई खिलाड़ी बड़ा दावेदार नहीं दिखता।

पंड्या पर ये प्रतिबंध इसलिए लगाया गया है क्योंकि वह पिछले आईपीएल में मुंबई इंडियंस के कप्तान थे और तब टीम अपना अंतिम मैच लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ खेलत हुए तय समय पर ओवर पूरे नहीं कर पायीं थीं। इस प्रकार भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसआई) के नियमों के अनुसार, पंड्या को एक मैच का प्रतिबंध झेलना होगा, चाहे वह किसी नई टीम से भी जुड़ जायें।

मैच में ओवर समय पर पूरा नहीं करने की वजह से पंड्या पर 30 लाख रुपये का जुर्माना भी लगा था, जबकि अन्य इंपैक्ट खिलाड़ी सहित अंतिम -12 पर 12 लाख या मैच फीस का 50 फीसदी का जुर्माना लगा था। बता दें कि टूर्नामेंट में यह तीसरा मौका था, जबकि पंड्या की कप्तानी वाली टीम समय पर ओवर पूरा नहीं कर सकी थी और उसे धीमी ओवर गति के लिए दंडित किया गया था।

# गावस्कर ने नीतीश को भविष्य का सितारा बताया

**एडीलेड (एजेंसी)।** भारतीय टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने यहां गुलाबी गेंद से खेल जा रहे दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में शानदार बल्लेबाजी के लिए युवा नीतीश रेड्डी की जमकर प्रशंसा की है। नीतीश ने यहां भारतीय टीम की ओर से पहली पारी में सबसे अधिक रन बनाये। पारी के दौरान नीतीश ने तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क की गेंदों पर भी आसानी से बड़े शॉट लगा दिये। जिससे प्रशंसक भी उत्साहित हैं। नीतीश ने रिवर्स स्वीप और कवर के ऊपर से कई ऐसे शॉट मारे जिसे देखकर हर कोई हैरत में पड़ गया। गावस्कर भी नीतीश की इसी खूबी से बेहद प्रभावित हैं। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से इस युवा ने अब तक खेला है उससे तय है कि ये भविष्य में एक स्टार क्रिकेटर बनकर उभरेगा। उन्होंने कहा कि, उसने जिस अंदाज में शॉट मारे उसे देखकर समझा जा सकता है कि उसमें कितना आत्मविश्वास हैं। उसने बिना किसी डर के उसने बल्लेबाजी की और दिखाया कि उसके अंदर भरपूर टैलेंट है.। इससे पता चलता है कि उसमें एक शीर्ष खिलाड़ी बनने की प्रतिभा है। साथ ही कहा कि वह आने वाले समय में भारत के लिए लगातार टेस्ट खेलते हुए एक नया सुपरस्टार बनेगा। गावस्कर ने भी कहा कि, उसने अपने दूसरे ही टेस्ट में जिस अंदाज में रिवर्स शॉट मारे हैं उसे देखकर मैं हैरान रह गया हूं।




नीतीश ने पहले टेस्ट में भी अच्छी बल्लेबाजी की थी। दूसरे टेस्ट में जब भारतीय टीम संकट में थी। उस समय नीतीश ने निडर होकर आक्रामक बल्लेबाजी की थी। उसी कारण से भारतीय टीम पहली पारी में 180 रन तक पहुंच पायी। नीतीश ने सबसे अधिक 42 रन बनाये। अपनी पारी में नीतीश ने 3 चौके और 3 छक्के लगाए।

# ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेट टीम ने दूसरे एकदिवसीय में भी भारतीय टीम को हराया, सीरीज में 2-0 से आगे हुई

**ब्रिसबेन (एजेंसी)।** एलिस पेरी और जॉर्जिया वोल के शतकों से ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम ने यहां दूसरे एकदिवसीय मैच में भारतीय महिला टीम को 122 रनों से हराने के साथ ही 3 मैचों की सीरीज में 2-0 की बढ़त हासिल कर ली है। पैरी ने 105 जबकि वोल ने 101 रन बनाये इससे मेजबान टीम ने आठ विकेट पर 371 रनों का सबसे बड़ा एकदिवसीय स्कोर बनाया। जीत के लिए मिले इस लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम 249 रन ही बना पायी।

इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए फोबे लिचफील्ड 60 और वोल की सलामी जोड़ी ने 130 रन की साझेदारी के साथ ऑस्ट्रेलिया को अच्छी शुरुआत दिलाई। वोल ने इसके बाद दूसरे विकेट के लिए पैरी के साथ 92 रनों की साझेदारी की। वोल के आउट होने के बाद पैरी की आक्रामक बल्लेबाजी जारी रही। उसने बेथ मूनी 56 के साथ मिलकर 98 रनों की साझेदारी कर भारतीय गेंदबाजों को कोई अवसर नहीं दिया। भारतीय गेंदबाजों में साइमा ठाकोर सबसे सफल रही। उन्होंने 62 रन देकर तीन विकेट लिए जबकि मिन्नू मनी ने 71 रन देकर दो विकेट वहीं रेणुका सिंह ने 78 रन पर एक विकेट लिया।, दीप्ति शर्मा ने 59 रन देक एक विकेट जबकि प्रिया मिश्रा ने भी 88 रन पर एक विकट लिया। मेजबान टीम ने पहले मैच में भी भारतीय टीम को 5 विकेट से हराया था। ऐसे में अब वह सीरीज में 2-0 से आगे हो गयी है।




# कमाई में भी पीछे नहीं हैं ईशान

मुम्बई । भारतीय टीम से बाहर चल रहे युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन आजकल अपनी वापसी के प्रयास में लगे हैं और जब भी अवसर मिले बेहतर प्रदर्शन का प्रयास करते हैं। ईशान अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के लिए जाने जाते हैं। इस बार उन्हें भारतीय क्रिकेट बोर्ड का केन्द्रीय अनुबंध नही मिला है। इसके बाद भी उनकी कमाई करोड़ों में है। एक रिपोर्ट के अनुसार उनकी कुल नेटवर्क 62 करोड़ रुपए के करीब है। वह आईपीएल से ही करोड़ों कमा लेते हैं। आईपीएल 2024 तक मुंबई इंडियंस ने ईशान को 15.25 करोड रुपए में रखा था। वहीं इस बार उन्हें सनराइजर्स हैदराबाद ने 11.25 करोड रुपए देने में शामिल किया है। घरेलू क्रिकेट से भी उन्हें एक अच्छी रकम मिल जाती है। इसके अलावा या बल्लेबाज ब्रांड एंडोर्समेंट के जरिए भी अच्छी कमाई कर लेता है। सोशल मीडिया अकाउंट पर अच्छी फैन फॉलोइंग होने के कारण कंपनियां इन्हें विज्ञापन करने का ऑफर देती हैं। ईशान किशन की ब्रांड वैल्यू में भी काफी उछाल देखने को मिला है पिछले 2 सालों में उनकी फैन फॉलोइंग काफी ज्यादा बढ़ी है। इंस्टाग्राम पर इस खिलाड़ी को 7.3 मिलियन लोग फॉलो करते हैं, जिसका फायदा उन्हें विज्ञापन के रुप में मिलता है। वह लक्जरी गाड़ियों के भी शौकीन हैं। उनके पास बीएमडब्ल्यू 5 सीरीज, मर्सिडीज-बेंज सी क्लास और फोर्ड मुस्तांग जीटी जैसी लक्जरी गाड़ियां उपलब्ध है।




# शमी को शीघ्र ऑस्ट्रेलिया भेजना ठीक रहेगा : शास्त्री



एडिलेड । भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री का कहना है कि अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को जल्द से जल्द ऑस्ट्रेलिया भेज देना चाहिये। शास्त्री का कहना है कि अभी ऑस्ट्रेलिया में भारतीय टीम के मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पर भारी दबाव है। उसे कम करने के लिए शमी को भेजना ठीक रहेगा। शमी ने टखने की चोट से उबरने के बाद वापसी करते हुए घरेलू क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन किया है। शमी सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में बंगाल की ओर से खेल रहे हैं। शास्त्री अभी ऑस्ट्रेलिया में कॉमेंट्री कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'शमी जितनी जल्दी यहां पहुंचेंगे, भारत के लिए उतना ही बेहतर होगा। वह बहुत सारे घरेलू मैच खेल रहे हैं' जब बुमराह गेंदबाजी कर रहे हों और अन्य गेंदबाजी भी ऐसा कर रहे होते हैं, तो आप विपक्षी टीम के खिलाड़ियों पर दबाव बना कसते हैं।' शमी ने चोट से उबरने के बाद घरेलू टी20 प्रतियोगिता में बंगाल के लिए सात मैच खेले हैं। अभी तक शमी के लिए सब कुछ ठीक चल रहा है। शमी छोटे स्पैल में गेंदबाजी के दौरान वह लय और नियंत्रण बनाये हुए हैं। वह राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के अधिकारियों और एक राष्ट्रीय चयनकर्ता की कड़ी निगरानी में वापसी कर रहे हैं। वहीं इससे पहले उन्होंने तीसरे टेस्ट के लिए शमी को जल्दबाजी में शामिल नहीं करने की चेतावनी भी दी थी। तब उन्होंने कहा, 'ब्रिस्बेन शायद बहुत जल्दी हो, लेकिन मेलबर्न और सिडनी के लिए निश्चित रूप से शमी उपलब्ध हो सकते हैं।'

# इंग्लैंड 5 लाख रन बनाने वाली पहली टीम, जानें भारत लिस्ट में किस स्थान पर

**स्पोर्ट्स डेस्क ।** इंग्लैंड क्रिकेट टीम टेस्ट फॉर्मेट में 5 लाख रन पूरे करने वाली पहली टीम बन गई है। वह 147 साल के टेस्ट इतिहास में 1082 मैचों में 717 खिलाड़ियों के साथ इस आंकड़े तक पहुंचे। न्यूजीलैंड के खिलाफ वेलिंगटन टेस्ट की दूसरी पारी के 51वें ओवर में इंग्लिश बल्लेबाज हैरी बुक ने न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज विल ओ रुरकी की गेंद पर टीम के लिए माइलस्टोन रन पूरा किया। इंग्लैंड को इस मुकाम तक पहुंचाने के लिए अलग-अलग बल्लेबाजों ने कुल 18954 टेस्ट पारियां खेली। इसमें दूसरे नंबर पर ऑस्ट्रेलिया है जिसने 868 मैच में 429011 रन बनाए हैं। वहीं भारतीय टीम कुल 586 टेस्ट मैचों में 278870 रन बनाकर तीसरे नंबर पर है। इंग्लैंड के नाम टेस्ट इतिहास के सर्वाधिक 929 शतक भी हैं।



### अटकिंसन की हैट्रिक, चार अर्धशतक

पहली पारी में 280 रन पर ऑलआउट होने के बाद इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड की पहली पारी 125 रन पर समेट दी। दूसरे दिन न्यूजीलैंड ने पारी 86/5 के स्कोर से आगे बढ़ाई थी, लेकिन तेज गेंदबाज गम अटक्रियसन ने 125 के स्कोर पर नाथन स्मिथ, मैट हेनरी और टिम साउदी के विकेट लगातार गेंदों पर झटककर पारी को समेट दिया। वे इस मैदान पर हैट्रिक लेने वाले पहले गेंदबाज बने। उन्होंने पारी में चायडन कारों के साथ 4-4 विकेट बांटे। 155 रन की बढ़त के बाद इंग्लैंड ने दूसरी पारी में जैक क्राउली (8) का विकेट 1 के टीम स्कोर पर खो दिया, लेकिन जैकब बेथेल (96) ने बेन डकेट (92) के साथ दूसरे विकेट के लिए 187 रन जोड़कर बड़े स्कोर की नीच रखी। चुक (55) और जो रूट (73) ने भी अर्धशतक जमाए और पारी को 350 पार पहुंचा दिया। इंग्लैंड अभी 4.97 रन प्रति ओवर की रफ्तार से बल्लेबाजी कर रहा है।

### अब न्यूजीलैंड के लिए जीत आसान नहीं

दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक इंग्लैंड ने मुकाबले में 533 रन की विशाल बढ़त बना ली थी। अब अगर न्यूजीलैंड को यह मैच जीतना है जो कम से कम 534 रन बनाने होंगे, जो टेस्ट फॉर्मेट का रिकॉर्ड चेज होगा। टेस्ट में कभी 418 रन से ज्यादा चेज नहीं हुए हैं। मैच में अभी तीन दिन बाको हैं और इंगलैंड के दूसरी पारी में 5 विकेट शेष हैं, इसलिए लक्ष्य बढ़ भी सकता है। इंग्लिश टीम फिलहाल 378/5 के स्कोर पर बल्लेबाजी कर रही है। स्टंप्स के समय जो रूट (73) के साथ कप्तान बेन स्टोक्स क्रीज पर थे। इंग्लैंड यह मैब जीतता है तो तीन मैच की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना लेगा। वह उसकी न्यूजीलैंड में साल 2007-08 के बाद टेस्ट सीरीज जीत होगी।

# रोहित ने हार पर निराशा जताते हुए कहा , ये सप्ताह हमारे लिए अच्छा नहीं रहा

ऐडीलेड । भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने मेजबान ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दूसरे टेस्ट में मिली करारी हार पर निराशा जताते हुए कहा कि यह सप्ताह हमारे लिए अच्छा नही रहा और हम पर्याप्त रन नहीं बना पाये। भारतीय टीम को इस मैच में 10 विकेट से करारी हार का सामना करना पड़ा है। टीम के बल्लेबाज दोनो ही पारियों में विफल रहे जिसे टीम एक बार भी 90 ओवरा पूरे नही खेल पायी। रोहित ने टीम के प्रदर्शन पर नाराजगी जताते हुए कहा, हमारे लिए निराशाजनक सप्ताह रहा, हम खेल जीतने के लिए पर्याप्त रूप से अच्छा नहीं खेले और मेजबान टीम ने हर क्षेत्र में हमसे बेहतर खेला। खेल में कई बार ऐसे अवसर आए जब हम उनका लाभ उठाकर हावी हो सकते थे पर हम ऐसा नहीं कर पाये जिससे हमें हार का समाना करना। हमने पर्थ में जिस प्रकार का अच्छा प्रदर्शन किया था वैसा ही प्रदर्शन ही हम यहां आकर फिर से करना चाहते थे पर विफल रहे। साथ ही कहा कि हर टेस्ट मैच की अपनी चुनौती होती है।

# करण जैसे प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने का प्रयास करे राष्ट्रीय महासंघ : बोपन्ना



मुंबई । अनुभवी टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना ने कहा है कि खेल की प्रतिभाओं को निखारने और आगे बढ़ाने के लिए राष्ट्रीय महासंघ प्रयास करे। बोपन्ना ने कहा कि इसके लिए महासंघ प्रयोजकों की भी तलाश करे। बोपन्ना के अनसार महासंघ को करण सिंह और उसकी तरह के और भी प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का सहयोग करना चाहिये। बोपन्ना ने कहा कि मैं करण को खेलते हुए देख रहा हूं और मुझे लगता है कि वह बेहद प्रतिभाशाली खिलाड़ी है। उन्होंने कहा कि हमें इस तरह के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए न सिर्फ निजी प्रायोजकों बल्कि राष्ट्रीय महासंघ से भी सहयोग की जरूरत है। यह देखकर बहुत अच्छा लग रहा है कि युवा खिलाड़ियों को बड़े मंच पर खेलने का अवसर मिल रहा है।'' बोपन्ना अभी पहली बार टेनिस प्रीमियर लीग (टीपीएल) में राजस्थान रेंजर्स की तरफ से खेल रहे हैं जो 154 अंक लेकर अंक तालिका में तीसरे स्थान पर है और फाइनल में जगह बनाने की दौड़ में बना हुआ है।

# डब्लयूटीसी अंक तालिका में शीर्ष पर ऑस्ट्रेलिया, तीसरे स्थान पर फिसली भारतीय टीम

एडीलेड । ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में मिली करारी हार के बाद भारतीय टीम विश्व टेस्ट चैम्पियनपशिप (डब्लयूटीसी) अंक तालिका में तीसरे स्थान पर फिसल गयी है। वही ऑस्ट्रेलियाई टीम पहले स्थान पर जबकि दक्षिण अफ्रीका दूसरे स्थान पर आ गयी है। ऐसे में अगले साल जून में लॉर्ड्स में होने वाला फाइनल के किन टीमों के बीच होगा। ये तय नहीं हो पाया है। 2023-25 ??चक्र के लिए दक्षिण अफ्रीका (पीसीटी 59.26) इस दौड़ में भारत (पीसीटी 57.29) से आगे निकल गया है और अब दूसरे नंबर पर है, जबकि ऑस्ट्रेलिया (पीसीटी 60.71) पहले स्थान पर है। एडिलेड टेस्ट की शुरुआत से पहले तालिका में शीर्ष पर रहने वाली भारतीय टीम दो स्थान नीचे फिसलकर तीसरे स्थान पर आ गयी है। पहले भारतीय टीम को अपनी दावेदारी पक्की करने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बेच हुए तीन ही मैच जीतने होंगे।

### अंक तालिक में अब टीमों की स्थित इस प्रकार है।

ऑस्ट्रेलिया ने 14 में से 9 मैच जीते हैं और व 60.71 अंक प्रतिशत के साथ ही पहले स्थान पर है। वहीं दक्षिण अफ्रीका की टीम 9 मैच में से 5 जीतकर 59.26 अंक प्रतिशत लेकर दूसरे नंबर पर है जबकि भारतीय टीम 16 मैचों में से 9 जीतकर 57.29 अंक प्रतिशत के साथ ही तीसरे नंबर पर है। श्रीलंका 10 में से 5 मैच जीतकर 50 अंक प्रतिशत के साथ ही चौथे नंबर पर है। इंग्लैंड 21 मैचों में से 11 जीतकर 45 अंक प्रतिशत के साथ ही पांचवे नंबर पर है। वहीं न्यूजीलैंड और पाक 6 और 7 नंबर के साथ ही रेस से बाहर हो गये हैं। इनके 44 और 33 अंक प्रतिशत हैं।

# अंडर-19 एशिया कप : बल्लेबाजों ने किया निराश, फाइनल में बांग्लादेश से हारा भारत

**दुबई (एजेंसी)** गेंदबाजों के अच्छे प्रदर्शन के भावजूद भारत को अंडर-19 एशिया कप के खिताबी मुकाबले में रविवार को बांग्लादेश के हाथों 59 रन से करारी हार का सामना करना पड़ा। भारत ने शानदार गेंदबाजी करते हुए बांग्लादेश को 49.1 ओवर में मात्र 198 रन पर रोक दिया लेकिन ऐसा लग रहा था कि उसका काम आधा हो चुका है, क्योंकि बल्लेबाजों ने टूर्नामेंट के पहले मैच में पाकिस्तान से मिली हार के बाद से अपनी भूमिका बखूबी निभाई है। हालांकि निर्णायक फाइनल में भारत ने दो मौकों पर लगातार विकेट गंवाए जिससे उसकी कमर टूट गई। बांग्लादेश के गेंदबाजों और क्षेत्ररक्षकों ने दबाव बनाने में अपनी भूमिका बखूबी निभाई।

199 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत 35.2 ओवर में 139 रन पर ढेर हो गया। उसका कोई भी विशेषज्ञ बल्लेबाज प्रभावशाली पारी नहीं खेल सका। इसमें आईपीएल के सबसे युवा खिलाड़ी वैभव सूर्यवंशी भी शामिल थे जिन्होंने मात्र 9 रन (7 गेंद, 2 चौके) बनाए। भारत को सूर्यवंशी और आयुष म्हात्रे (1) के रूप में शुरुआती झटके लगे और पांच ओवर के अंदर स्कोर दो विकेट पर 24 रन हो गया।

फाइनल में पहुंचने के बाद बांग्लादेश ने बाकी भारतीय बल्लेबाजों को शांत रखते हुए बाउंड्री और सिंगल रन भी बनाए। सी आंद्रे सिद्धार्थ (35 गेंदों पर 20 रन) की पारी को 12वें ओवर में रिजान हुसैन ने समाप्त किया जो खेल का एक और महत्वपूर्ण मोड़ था क्योंकि पलड़ा पूरी तरह बांग्लादेश के पक्ष में झुक गया था। लेकिन इकबाल हुसैन इमोन ने इस स्थिति का पूरा फायदा उठाया और तीन महत्वपूर्ण विकेट चटकाए जिससे भारत की उम्मीदों पर पानी फिर गया। उन्होंने केपी कार्तिकेय (21), निखिल कुमार (0) और हरवंश पंगालिया (6) को आउट किया।

मोहम्मद अमन ने लंबे समय तक संघर्ष किया और 65 गेंदों पर 26 रन बनाए लेकिन उनका प्रयास और हार्दिक राज की 21 गेंदों पर 24 रन की पारी भी भारत के लिए जीत के लिए काफी नहीं थी। भारत के लिए मैच का अंत तेजी से हुआ क्योंकि अजीजुल हकीम ने अपने 2.2 ओवरों में 8 रन देकर 3 विकेट लिए। पहले हाफ में रिजान हुसैन के 47, मोहम्मद शिहाब जेम्स के 40 और फरीद हसन के 39 रन ने मैच में अंतर पैदा किया जिसमें बल्लेबाजों को बीच में सहजता से रन बनाने में परेशानी हुई।

भारत ने पहले हाफ में बांग्लादेशी बल्लेबाजों पर दबदबा बनाए रखा और वे अपने अधिकांश ओवरों का इस्तेमाल करते हुए केवल 200 रन के करीब ही पहुंच पाए। भारत की ओर से युधाजीत गुहा (2/29) ने बेहतरीन प्रदर्शन किया जबकि चेतन शर्मा (2/48) और राज (2/41) ने भी दो-दो विकेट लिए। किरण चोरमाले ने 7-0-19-1 का औसत प्रदर्शन किया जबकि कार्तिकेय (1/37) और म्हात्रे (1/9) ने भी एक-एक विकेट लिया।



## आदित्य ठाकरे ने समाजवादी पार्टी की महाराष्ट्र इकाई को बताया भाजपा की 'बी टीम', पार्टी ने किया पलटवार

मुंबई (एजेंसी)। शिवसेना (यूबीटी) के विधायक आदित्य ठाकरे ने समाजवादी पार्टी के नेता अबू आज़मी पर निशाना साधा है। उन्होंने समाजवादी पार्टी पर महाराष्ट्र में 'भाजपा की बी टीम' के तौर पर व्यवहार करने का आरोप लगाया। बता दें, आदित्य की प्रतिक्रिया आजमी की एमवीए छोड़ने की घोषणा के एक दिन बाद आयी है।

आदित्य ठाकरे ने कहा, 'मैं उन पर ज्यादा टिप्पणी नहीं करना चाहूंगा। अखिलेश यादव अपनी लड़ाई लड़ रहे हैं, लेकिन यहां सपा (सपा की महाराष्ट्र इकाई) कभी-कभी भाजपा की बी टीम की तरह व्यवहार करती है। हमारा हिंदुत्व स्पष्ट है। हमारा हिंदुत्व 'हृदय में राम और हाथ को काम' के बारे में है। हमारा हिंदुत्व सभी को साथ लेकर चलता है। बी टीमों को हमें नहीं सिखाना चाहिए, महाराष्ट्र ने देखा है कि उद्धव ठाकरे ने सभी को एक साथ आगे बढ़ाया।'



आदित्य ठाकरे की टिप्पणी पर समाजवादी पार्टी के विधायक रईस शेख ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, "हमने दो सवाल उठाए हैं। पहला, क्या आप कट्टर हिंदुत्व विचारधारा की ओर बढ़ रहे हैं? दूसरा, हमने पूछा कि आपको वोट किसने दिए? इन बिंदुओं को स्पष्ट किए बिना आदित्य ने ऐसा आरोप लगाया है जिसका हम कड़ा विरोध करते हैं। यह गलत है और हम इस बारे में वरिष्ठ नेताओं से बात करेंगे।'

**आजमी ने की थी महविकास आघाड़ी से अलग होने की घोषणा**

आजमी ने शनिवार को खुदको महविकास आघाड़ी से अलग करने की घोषणा की थी। उन्होंने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर एक ट्वीट में लिखा था कि समाजवादी पार्टी को महाराष्ट्र में अकेले चलना गवारा है, लेकिन माविकास अघाड़ी में रहते हुए शिवसेना ब्रब की सांप्रदायिक विचारधारा का हिस्सा बनना हरगिज़ गवारा नहीं।'

आज़मी ने पीटीआई को बताया, 'शिवसेना (यूबीटी) द्वारा एक अख़बार में बाबरी मस्जिद को ध्वस्त करने वालों को बधाई देने के लिए एक विज्ञापन दिया गया था। उनके (उद्धव ठाकरे) सहयोगी ने भी मस्जिद के विध्वंस की सराहना करते हुए एक्स पर पोस्ट किया है। हम एमवीए छोड़ रहे हैं। मैं अखिलेश यादव से बात कर रहा हूं।'

## प्रदेश में बढ़े तलाक के मामले, मुख्य वजह सोशल मीडिया

### -पत्नी रिल्स बनने के लिए रोज नए कपड़े खरीदती

भोपाल। भोपाल के कुटुंब न्यायालय (फैमिली कोर्ट) ने 28 नवंबर को एक पति-पत्नी को आपसी रजामंदी से तलाक दे दिया। उनकी शादी 12 साल पहले हुई थी और दोनों का एक बेटा भी है। लेकिन तलाक की वजह जानकार आप हैरान हो जाएंगें। तलाक की वजह सोशल मीडिया रील्स है। पति को पत्नी का सोशल मीडिया पर रील्स बनाना पसंद नहीं था, लेकिन पत्नी इससे होने वाली कमाई को छोड़ना नहीं चाहती थी।



इस वजह से दोनों के बीच में हमेशा तनाव बना रहता था। इस तरह एक पति ने शिकायत की उसकी पत्नी रील में नया दिखने के लिए रोजाना कपड़े खरीदती है, जिससे घर का खर्च बढ़ गया है, तब एक और पति की शिकायत है कि रील के जुनून में पत्नी बच्चे की देखभाल नहीं कर रही है। मुझे भी रील बनाने के लिए तैयार होने के लिए कहती है। इसतह के कई मामले हैं जिसमें सोशल मीडिया, रील्स, लाइक और फॉलोअर्स की चाहत में पति-पत्नी के बीच विवाद हो रहे हैं। जो मनमुटाव के साथ-साथ तलाक की वजह भी बन रहे हैं। जानकारों के मुताबिक साल 2024 में मप्र के पांच बड़े शहरों के फैमिली कोर्ट में पति-पत्नी के बीच विवाद के 16 हजार से ज्यादा केस दर्ज हुए हैं। इनमें से 60 फीसदी यानी 9 हजार केस में विवाद की वजह सोशल मीडिया रहा है।

## झाबुआ में फफूंद लगे पोषक लड्डू वितरित करने का मामला

झाबुआ। मध्यप्रदेश के झाबुआ जिले को कुपोषण मुक्त करने के प्रयासों के बीच फफूंद लगे पोषक लड्डू मिलने का मामला सामने आने से राजनीति गरमा गई है। दरअसल, जिले के राणापुर में आंगनबाड़ी केंद्र से वितरित पोषण पैकेट में फफूंद लगे लड्डू निकले। जिम्मेदारों ने फफूंद देखने के बावजूद इन पैकिटों का वितरण कर दिया। एक स्थानीय निवासी ने बताया कि उनके बच्चों को केंद्र पर बुलाकर लड्डू दिए थे। जब घर जाकर पैकेट खोला तब लड्डूओं पर फफूंद लगी थी। जैन का कहना है कि फफूंद लगे लड्डू से जिले से कुपोषण दूर करने का प्रयास कैसे सफल होगा। शिकायतकर्ता ने बताया, आंगनबाड़ी केंद्र पर मुझे बच्चे को लेकर बुलाया था। वहां जाते ही बच्चे का वजन लेकर लड्डू के पैकेट देकर फोटो खींचा। लड्डू खराब निकलने की बात सामने आने पर कार्यकर्ता ने फोटो डिलीट करवा दिया। इस तरह के लड्डू बच्चों को कैसे दे सकते हैं। इधर, परियोजना अधिकारी का कहना है कि लड्डू जिले से मिलते ही वितरित करवा दिए थे, जो बच्चे नहीं मिले थे उन्हें केंद्र पर बुलाकर कार्यकर्ता ने पैकेट बांटे थे। खराब लड्डू की जानकारी सामने आते ही वितरण रुकवा दिया है।

## सोशल मीडिया पर प्यार हुआ... हकीकत में 60हजार रुपये की धोखाधड़ी निकाला

चंडीगढ़। सोशल मीडिया पर प्यार हुआ और शादी के लिए दूल्हा बारात लेकर पहुंचा तब वहां न दुल्हन मिली न मैरिज होम मिला। पंजाब के जालंधर निवासी दीपक छह साल से दुबई में नौकरी करता है। तभी मनप्रीत कौर नाम की लड़की से इंस्टाग्राम पर दोस्ती हो गई, जो धीरे-धीरे प्यार में बदल गई और दोनों ने शादी करने का फैसला कर लिया। हालांकि दोनों न कभी मिले और न ही एक-दूसरे को देखा। मनप्रीत की ओर से 2 दिसंबर शादी की तारीख तय हो गई। दीपक एक माह पहले ही दुबई से अपने गांव मड़ियाला आ गया। वह शादी की तैयारी कर रहा था कि 29 नवंबर को मनप्रीत का फोन आया कि उसके पिताजी की तबीयत ठीक नहीं है। अब शादी की तारीख 6 दिसंबर तय कर दी गई। मनप्रीत ने रोज गार्डन बारात लाने को कहा, लेकिन जब दीपक वहां बारात लेकर पहुंचा, तब वहां इस नाम का कोई मैरिज गार्डन ही नहीं था। फोन करने पर पहले मनप्रीत ने फोन काटा और फिर स्विच ऑफ कर लिया। दीपक ने पुलिस में ठगी की शिकायत दर्ज करवाई है। पिता की बीमारी का हवाला देकर मनप्रीत, दीपक से 60 हजार रुपए पहले ही ले चुकी थी।

## पाकिस्तानी नागरिक के प्रत्यर्पण पर रोक, सुप्रीम कोर्ट पहुंची कर्नाटक पुलिस

बेंगलुरु। 2012 में हुए आतंकवाद के मामले में 3 लोगों को बरी करने के कर्नाटक हाई कोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील दायर की है। इसमें एक आरोपी पकिस्तान से है। पाकिस्तानी नागरिक को बरी करने के बाद निर्वासित करने का आदेश दिया गया था। बता दें की आरोपियों की पहचान सैयद अब्दुल रहमान, 36, अफ्सर पाशा, 43, और पाकिस्तानी नागरिक मोहम्मद फहद उर्फ ??मोहम्मद कोया, 42 के रूप में हुई है। इन पर गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम, भारतीय दंड संहिता, शस्त्र अधिनियम और विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज था। बेंगलुरु पुलिस ने 2012 में फहाद, अफ्सर पाशा और सैयद अब्दुल रहमान के खिलाफ आतंकवाद का मामला दर्ज किया था। तब बेंगलुरु पुलिस ने आरोप लगाया था कि चोरी के आरोप में जेल में बंद रहमान को फहाद और पाशा ने आतंकवाद के लिए उकसाया था। बेंगलुरू पुलिस ने फहाद और पाशा पर आतंकवाद का आरोप लगाया था क्योंकि इन दोनों ने जेल में रहमान को आतंकवादी गतिविधियों के लिए प्रेरित किया था।

## तीन लोगों पर जानलेवा हमला करने वाले तेंदुए को बेहोश कर पकड़ा

जयपुर। राजस्थान की राजधानी जयपुर के विद्याधर नगर इलाके में तब हड़कंप मच गया जब एक तेंदुए ने तीन लोगों पर जानलेवा हमला कर दिया। घंटों के अभियान के बाद तेंदुए को बेहोश कर पकड़ा गया। वन विभाग के अधिकारियों ने रविवार को इसकी जानकारी दी। उप वन संरक्षक जगदीश गुप्ता ने बताया कि विद्याधर नगर में एक तेंदुए के घुसने की सूचना मिली जिसके बाद तलाशी अभियान के दौरान तेंदुआ सीपीडब्ल्यूडी के सरकारी अतिथि गृह के बगीचे में मिला। उन्होंने बताया कि तेंदुआ सड़क पर आया और तीन लोगों पर हमला कर दिया। इलाके में भीड़ जमा हो गई और जानवर का पीछा कर उसका वीडियो बनाने लगी। वन विभाग के अलावा पुलिस और नागरिक सुरक्षा दल भी मौके पर पहुंच गया। बाद में तेंदुए को बेहोश कर पकड़ लिया गया। गुप्ता ने बताया कि नाहरगढ़ वन क्षेत्र का बड़ा हिस्सा विद्याधर नगर क्षेत्र से जुड़ा है। इसकी वजह से भोजन की तलाश में तेंदुओं के आने-जाने की आशंका बनी रहती है। वन विभाग के आंकड़ों के अनुसार जिले में तेंदुओं की संख्या लगातार बढ़ रही है जिसमें झालाना, आमागढ़ और नाहरगढ़ वन क्षेत्र में करीब 75 तेंदुए हैं। सबसे ज्यादा 45 तेंदुए झालाना में हैं। वहीं, 20 से ज्यादा तेंदुए आमागढ़ के जंगलों में हैं। आकड़ों के अनुसार पूरे राजस्थान में अनुमानित 920 से अधिक तेंदुए हैं।

## नाबालिग बच्चों के यौन शोषण करने के आरोप में शिक्षक गिरफ्तार

मुंबई। महाराष्ट्र के ठाणे जिले में कम आयु वर्ग के बच्चों के लिए संचालित कोचिंग सेंटर के तीन लड़कों का कथित रूप से यौन शोषण करने के आरोप में 35 वर्षीय शिक्षक को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने रविवार को इसकी जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने कथित तौर पर लड़कों को मालिश करने के लिए मजबूर किया, उन्हें गलत तरीके से छुआ और उनके अश्लील वीडियो रिकॉर्ड किए। पुलिस ने बताया कि यह दुर्व्यवहार का मामला तब सामने आया जब नौ से 15 वर्ष की आयु के लड़कों ने सितंबर में अपनी कक्षाएं छोड़कर केंद्र में लौटने से मना कर दिया। आखिरकार, एक पीड़ित ने अपने परिवार को सारी बात दी। इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई की।

## जम्मू-कश्मीर पुलिस में एसआई भर्ती के लिए उम्र सीमा में दी जाए ढील: महबूबा मुफ्ती



श्रीनगर (एजेंसी)। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने उम्मीद जताई कि जम्मू-कश्मीर सरकार पुलिस उप-निरीक्षक पदों के लिए उम्मीदवारों को आयु में छूट देगी क्योंकि 2019 से भर्ती में देरी हो रही है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि अभ्यार्थियों की आयु में छूट एक वैध मांग है। महबूबा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट में कहा, ''भ्रष्टाचार और परीक्षा रद्द होने के कारण 2019 से भर्ती में देरी के कारण अनगिनत जेकेपीएसआई उम्मीदवार अंधकारमय भविष्य की ओर देख रहे हैं। आयु में छूट एक वैध मांग है और मुझे उम्मीद है कि इसे तुरंत मंजूरी मिल जाएगी।''

उन्होंने पोस्ट में उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला को टैग किया। पुलिस उपनिरीक्षकों की भर्ती के लिए लिखित परीक्षा 2022 में आयोजित की गई थी, लेकिन अनियमितताओं के आरोप सामने आने के बाद चयनित उम्मीदवारों की सूची रद्द कर दी गई थी। कथित अनियमितताओं की केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) जांच का आदेश दिया गया और एजेंसी ने मामले में एक बीएसएफ अधिकारी सहित 24 लोगों के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया है।

## केंद्र की कठपुतली बन चुकी मान सरकार, चेहरा बेनकाब हो गया

### -पंधेर ने मीडिया को रोके जाने पर दी प्रतिक्रिया


मुंबई (एजेंसी)। किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने पंजाब पुलिस द्वारा मीडिया को किसान आंदोलन की कवरेज करने से रोकने पर प्रतिक्रिया देकर कहा कि भगवंत मान सरकार केंद्र की कटपुतली बना चुकी है। मान सरकार का चेहरा बेनकाब हो गया है। बता दें, शंभू बॉर्डर पर किसान पुलिस पोस्ट के बाहर नारेबाजी कर रहे हैं। उन्होंने मीडिया की गाड़ियों को रोकने के खिलाफ प्रदर्शन किया। शनिवार रात एक पत्र हरियाणा पुलिस की आरे से पंजाब पुलिस को लिखकर बॉर्डर से एक किलोमीटर दूर मीडिया को रोकने को कहा गया था। इस मामले पर पंधेर ने कहा, हम लोग किसान मजदूर के साथ हैं। मान और केजरीवाल बोलते थे कि मोदी सरकार किसानों के ऊपर जबरदस्ती कर रही है। हम किसान मजदूर के साथ हैं। लेकिन अब पंजाब की मान सरकार का चेहरा भी बेनकाब हो गया है। केंद्र के निर्देश पर मान सरकार हमारे मीडिया को कवरेज के लिए जाने नहीं दे रही है। उन्होंने कहा कि मीडिया का कोई कसूर नहीं है। इस देश में मीडिया को भी आजादी नहीं है। इसलिए आज पंजाब सरकार का चेहरा बेनकाब हो गया। वहीं, इस मामले पर पंधेर ने बताया कि उन्होंने मीडिया को रोकने के मामले पर पुलिस से बातचीत की है और एसएसपी ने उनकी बात का समाधान करने का भरोसा दिया है। पंधेर ने कहा, एसएसपी ने कहा कि हम ब्रीफ करना चाहते थे कि मीडिया अपना ख्याल रखें। मीडिया के लोगों का कहना था कि आपके निचले अधिकारी ने बदतमीजी है। एसएसपी ने कहा है कि हम अपने अधिकारी को समझाएंगे। एसएसपी ने बताया कि हम चाहते हैं मीडिया कवरेज करते हुए अपना ख्याल भी रखें। पंधेर ने कहा कि हम भी मीडिया के लिए खड़े थे और हम चाहते हैं कि मीडिया अपना कवरेज करें।



## चाचा नीतीश से नहीं संभल रहा बिहार, उन्हें पता नहीं क्या हो रहा

### -तेजस्वी ने सीएम पर साधा निशाना, लेकिन ममता के सवाल पर कुछ नहीं बोले

पटना (एजेंसी)। बीपीएससी अभ्यर्थियों पर हुए लाठीचार्ज को राजद नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने छात्रों के भविष्य संग खिलवाड़ बताया है। तेजस्वी के मुताबिक बिहार में अफसरशाही चरम पर है। प्रदेश के पूर्व डिप्टी सीएम ने कहा, देखिए लाठीचार्ज हुआ है और यह लाठी डंडे वाली सरकार है। अफसरशाही पूरे चरम पर है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार होश में नहीं हैं। नहीं जानते बिहार में क्या हो रहा है। सच यह है कि चाचा नीतिश से बिहार चल नहीं पा रहा है।



लगातार छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है। तेजस्वी ने पूछा कि मुख्यमंत्री बताएं कि सर्वर डाउन होने की वजह से जो युवा परेशान हैं, लाखों अभ्यर्थियों जो फॉर्म नहीं भर सके हैं। इसके लिए दोषी छात्र-छात्राएं नहीं हैं। बिहार सरकार को छात्रों को मौका देना चाहिए। सर्वर को एक-दो दिन के लिए खोल देना चाहिए। जिससे लाखों छात्र फॉर्म भर सकें।

इंडिया ब्लॉक का नेतृत्व पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी करना चाहती हैं। जब इस बारे में तेजस्वी से प्रतिक्रिया मांगी गई, तब उन्होंने कहा अभी इस पर जवाब नहीं दूंगा। बता दें कि 6 दिसंबर को पटना में बीपीएससी के सामने विरोध प्रदर्शन करने वाले छात्रों को तितर बितर करने के लिए लाठीचार्ज हुआ था। इसके बाद तेजस्वी ने सीएम नीतीश पर तंज कसते हुए कहा था कि राजनीति से रिटायर होने की उम्र है वे पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं तथा नौकरी की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों पर लाठियां चलवा रहे है।

## संभल हिंसा पर महिला ने की यूपी पुलिस की तारीफ तो पति ने दे दिया तीन तलाक

संभल (एजेंसी)। यूपी के मुरादाबाद में एक महिला मोबाइल में संभल हिंसा का वीडियो देख रही थी। उसने उपद्रवियों पर पुलिस के एक्शन की तारीफ कर दी तो गुस्साए पति ने उसे तीन तलाक दे दिया। इस मामले में पीड़िता ने एसएसपी से शिकायत की है। एसएसपी ने मामले को गंभीर मानते हुए जांच के आदेश दे दिए हैं। यह मामला मुरादाबाद के कटघर थाना क्षेत्र के पॉश इलाके लाजपत नगर का है। महिला अपने मोबाइल पर संभल में हुई हिंसा का वीडियो देख रही थी। जिस तरह उपद्रवियों द्वारा मचाए गए बवाल की स्थिति पर पुलिस ने नियंत्रण में लिया, महिला ने पुलिस की तारीफ कर दी। इससे गुस्साए पति ने अपनी पत्नी को तीन तलाक दे दिया।



मुरादाबाद की रहने वाली निदा ने अपने पति एजाजुल के खिलाफ तीन तलाक देने के लिए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। साथ ही कहा, कोई वजह ही तो नहीं थी, बिना वजह के तलाक दिया है। संभल पुलिस के गोली चलाओ-गोली चलाओ वाले वीडियो पर कमिश्नर की सफाई, डराने को कहा था मारने को नहीं पीड़िता का कहना है कि पहले पति की मौत के बाद उसकी दूसरी शादी हुई थी। पति मुझसे काफी दिनों से नाराज चल रहे हैं, जिसको लेकर मैं उनके ऑफिस गई थी। वहां उनके इंतजार के दौरान मैं अपने मोबाइल पर यूट्यूब पर संभल हिंसा से संबंधित वीडियो देख रही थी। जिसमें पुलिस हिंसाइयों से अपना बचाव करते दिख रही थी। जिसे उसके पति ने देख लिया और भड़क उठा और कहने लगा तू काफिर है। मैंने उसके जबाब में कहा कि अगर कोई पुलिस को पत्थर मारेगा तो पुलिस को भी अपने बचाव का पूरा अधिकार है। अपना बचाव करना गलत नहीं होता है। जिससे वो नाराज हो उठे और मुझे तीन तलाक दे दिया। पीड़िता ने ये भी बताया कि शादी से पहले पति ने उसके साथ दुष्कर्म भी किया था, लेकिन बाद में पुलिस के डर से निकाह कर लिया था। पीड़िता के वकील अभिषेक शर्मा का कहना है कि अभिव्यक्ति की आजादी सबको है। ये महिला संभल में हुए पुलिस पर पथराव का वीडियो देख रही थी जिसमें पुलिस का समर्थन इनके द्वारा किया गया। इस बात पर इनके पति ने इनको काफिर कहा और ट्रिपल तलाक दे दिया।

## वक्फ बोर्ड ने किसानों की 300 एकड़ जमीन पर ठोका दावा

मुंबई (एजेंसी)। वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक पर हो रहा विवाद अभी सुलझा भी नहीं था कि महाराष्ट्र की जमीन को लेकर एक नया विवाद सामने आ गया है।लातूर जिले में 100 से अधिक किसानों ने दावा किया कि वक्फ बोर्ड उनकी उस जमीन को हड़पने का प्रयास कर रहा है, जिस पर वे कई पीढ़ियों से खेती करते रहे हैं। उन्होंने बताया कि यह दावा छत्रपति संभाजीनगर स्थित महाराष्ट्र राज्य वक्फ अधिकरण में दायर किया गया है और कुल 300 एकड़ जमीन रखने वाले 103 किसानों को नोटिस जारी किए गए हैं।

किसानों में से एक तुकाराम कनवटे ने बताया कि ये जमीनें पीढ़ियों से हमें विरासत में मिली हैं। ये वक्फ संपत्ति नहीं हैं। हम चाहते हैं कि महाराष्ट्र सरकार हमें न्याय दे। इस मामले पर अदालत में दो सुनवाई हो चुकी हैं और अगली सुनवाई 20 दिसंबर को होनी है। केंद्र सरकार ने इस साल 8 अगस्त को लोकसभा में वक्फ (संशोधन) विधेयक पेश किया था, ताकि वक्फ बोर्ड के कामकाज को सुव्यवस्थित किया जा सके और इसकी संपत्तियों का कुशल प्रबंधन सुनिश्चित किया जा सके। विधेयक को संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के पास भेज दिया गया है।

वक्फ का तात्पर्य इस्लामी कानून के तहत धार्मिक या धर्मार्थ उद्देश्यों के लिए समर्पित संपत्तियों से है। वक्फ अरबी भाषा के वकुफा शब्द से बना है, जिसका अर्थ होता है ठहरना। वक्फ का मतलब है ट्रस्ट-जायदाद को जन-कल्याण के लिए समर्पित करना। इस्लाम में ये एक तरह का धर्मार्थ बंदोबस्त है। वक्फ उस जायदाद को कहते हैं, जो इस्लाम को मानने वाले दान करते हैं। ये चल-अचल दोनों तरह की हो सकती है। ये दौलत वक्फ बोर्ड के तहत आती है। वक्फ के पास काफी संपत्ति है, जिसका रखरखाव ठीक से हो सके और धर्मार्थ ही काम आए, इसके लिए स्थानीय से लेकर बड़े स्तर पर कई बॉडीज हैं, जिन्हें वक्फ बोर्ड कहते हैं। तकरीबन हर स्टेट में सुन्नी और शिया वक्फ हैं। इनका काम उस संपत्ति की देखभाल, और उसकी आय का सही इस्तेमाल है। इस संपत्ति से गरीब और जरूरतमंदों की मदद करना, मस्जिद या अन्य धार्मिक संस्थान को बनाए रखना, शिक्षा की व्यवस्था करना और अन्य धर्म के कार्यों के लिए पैसे देने संबंधी चीजें शामिल हैं।

## राहुल गांधी के नेतृत्व में 90 चुनाव हार चुकी कांग्रेस, उसके साथी भी साथ देने को तैयार नहीं

### -भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कसा तंज

नई दिल्ली (एजेंसी)। भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने इंडिया ब्लॉक में तकरार की खबरों के बीच कहा कि कांग्रेस हारी हुई पार्टी बन चुकी है, उस हारी हुई ग्रेड ओल्ड पार्टी को बर्दाश्त करने के मूड में उसके साथी भी नहीं हैं। भाजपा प्रवक्ता पूनावाला ने कहा, सुबह ममता बनर्जी कहती हैं कि टीएमसी और मुझे इंडिया गठबंधन का नेता बनाओ, क्योंकि कांग्रेस से यह काम नहीं हो रहा है। दोपहर होते-होते महाविकास अघाड़ी और उद्धव सेना के रुख के कारण, अबू आजमी बाहर निकल जाते हैं,और अबू कहते हैं कि समाजवादी पार्टी कांग्रेस से अपना रुख स्पष्ट करने की मांग कर रही है। उन्होंने कहा, फिर, हम देखते हैं कि समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता राम गोपाल यादव कहते हैं, राहुल गांधी हमारे नेता नहीं हैं। इंडी गठबंधन के नेता नहीं है। कांग्रेस लगातार चुनाव हार रही है और वह अभी भी चुनाव हारी है, इसलिए हम लोग सरकार नहीं बना सके हैं। कोई यह मांग करता है कि इंडी गठबंधन का किसी को नेता बनाया जाए, तब हम उस मांग का स्वागत करते हैं।

भाजपा नेता ने तंज कसा, इतना ही नहीं अब तो लेफ्ट भी यही बात कर रही है कांग्रेस से नहीं हो पा रहा है। कांग्रेस पार्टी इंडी गठबंधन में एक मीम बन चुकी है। पहले परजीवी का मीम बनती थी। अब इंडी के सभी लोग कह रहे हैं कांग्रेस नहीं हो पाएगा। कांग्रेस हारी हुई पार्टी है। राहुल गांधी के नेतृत्व में 90 चुनाव हार चुकी है। इंडी अलायंस में अब कांग्रेस को कोई बर्दाश्त करने के मूड में नहीं है। झारखंड में कांग्रेस को डिप्टी सीएम पद ने देने पर पूनावाला ने कहा, झारखंड में कांग्रेस को जेएमएम ने डिप्टी सीएम का पद नहीं दिया। जम्मू-कश्मीर में एक विभाग मिला है। महाराष्ट्र चुनाव में



मिली हार के बाद कांग्रेस ईवीएम पर दोष देने लगी, तब शरद पवार ने कांग्रेस को आईना दिखा दिया। इंडी अलायंस में शामिल दल कांग्रेस को उनकी मौजूदा स्थिति से अवगत करा रहे हैं।

## फरवरी तक तैयार हो जाएगा राम मंदिर, कुबेर टीले का भी दर्शन कर सकेंगे श्रद्धालु

अयोध्या। अयोध्या में राम मंदिर का काम तेजी से चल रहा है। यह साल 2025 तक पूरा होने की संभावना है। इसको लेकर निर्माण कार्य में लगी संस्थाएं तेजी से काम कर रही हैं। इसी बीच खबर आई रही है। यहां राम भक्त बीते 22 जनवरी को राम मंदिर में विराजमान हुए थे। प्रभु राम के विराजमान होने को करीब एक साल पूरा होने वाला है। यह साल 2025 के फरवरी में राम भक्त प्रभु राम के साथ-साथ सप्त मंदिर के अलावा कुबेर टीले का भी दर्शन कर सकेंगे। राम मंदिर परिसर में केवल राम भक्त हजारों की संख्या में दर्शन करते थे लेकिन अब फरवरी 2025 में राम मंदिर में सप्त मंदिर के साथ कुबेर टीले का भी दर्शन कर सकेंगे। वह परिसर में बन रहे। हर एक मंदिर का दर्शन पूजन कर सके। उनकी मनसा अनुरूप राम मंदिर ट्रस्ट ने एक बड़ा फैसला राम भक्तों के हित में लिया है। अयोध्या पहुंचे भवन निर्माण समिति के अध्यक्ष ने बताया कि राम मंदिर परिसर में बनने वाले सप्त मंदिरों का निर्माण भी 2025 के फरवरी में पूरा हो जाएगा। इसके बाद राम भक्त राम मंदिर के साथ-साथ सप्त मंदिर के भी दर्शन कर सकेंगे।

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित। **संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 9386895799, 9507466535, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**